{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
गुरुवार 02 अप्रैल 2026
चैत्र शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 187
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 73,134.32 |
| निफ्टी | - | 22,679.40 |
| सोना | - | 1,52,950 |
| चांदी | - | 2,55,000 |
| डॉलर | - | 93.06 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### पेट्रोल 7 और डीजल 25 रुपये महंगा!

नई दिल्ली। कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर रहने के कारण निजी ईंधन विक्रेता कंपनियां नुकसान से भरपाई के लिए ईंधन की कीमतों में इजाफा कर है। इसी कड़ी में अब शेल इंडिया ने बेंगलुरु में पेट्रोल की कीमतों में 7.41 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। साथ ही डीजल की कीमत में 25 रुपये का इजाफा किया गया है। अब सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 रुपया और पॉवर वेरिएंट की कीमत 129.85 रुपये हो गया है। स्थानीय टैक्स के कारण अन्य शहरों के इन पंपों पर ईंधन की कीमतें थोड़ी अलग हो सकती हैं। डीजल की कीमतों में और भी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है, जो 25.01 रुपये प्रति लीटर है। अब सामान्य डीजल 123.52 रुपये और प्रीमियम डीजल 133.52 रुपये हो चुका है।

### ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारी निकाले

नई दिल्ली। अमेरिकी टेक कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी में अकेले भारत के 12 हजार कर्मचारी शामिल है। कर्मचारियों को सुबह 5 से 6 बजे के बीच ई-मेल मिले और कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है। ओरेकल के कई कर्मचारियों के मुताबिक, सुबह जब वें सोकर उठे, तो उनके इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर था। भारत में पूरी की पूरी टीमों को रातों-रात खत्म कर दिया गया है। अमेरिका, भारत, कनाडा और अन्य क्षेत्रों के कर्मचारियों ने यह खबर मिलने की जानकारी दी, जो ओरेकल लीडरशिप की ओर से भेजी गई थी। बिजनेस इनसाइडर ने ये ईमेल देखा है। उसमें लिखा था- ओरेकल की मौजूदा व्यावसायिक जरूरतों पर विचार करने के बाद, हमने एक बड़े संगठनात्मक बदलाव के तहत आपकी भूमिका (पद) को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आज आपका आखिरी वर्किंग डे है। हमारे संगठन में आपके योगदान के लिए धन्यवाद।

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ बने नए उप सेना प्रमुख

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख का पद संभाल लिया। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वे साउदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। उन्होंने एक दिन पहले ही इस पद से कार्यभार छोड़ा था। दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन में आयोजित समारोह में उन्होंने आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले उन्होंने साउदर्न कमांड वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

### कुछ ना कहना

ईरान ने युद्धविराम का किया अनुरोध-ट्रम्प




---

मिडिल ईस्ट में जंग के बीच ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसे 18 अमेरिकी कंपनियों पर हमले की चेतावनी के बाद बदले ट्रंप के सूर, बोले- जंग खत्म करने के लिए किसी समझौते की जरूरत नहीं

# डील हो या न हो, युद्ध खत्म

## दो से तीन हफ्तों में अमेरिका छोड़ेगा ईरान

वाशिंगटन/तेहरान/तेलअवीव। मिडिल ईस्ट में जंग जारी है। इजराइल और ईरान एक-दूसरे के ठिकानों पर हमले कर रहे हैं। इस बीच खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले के बाद ईरान अब यूएस की टेक कंपनियों को निशाना बनाने की प्लानिंग कर रहा है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने अमेरिका की 18 कंपनियों पर हमले की चेतावनी दी, जिसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट भी शामिल है। ईरान की इस धमकी ने अब कॉर्पोरेट ठिकानों को भी असुरक्षित कर दिया है। वहीं इस धमकी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका जल्द ही ईरान से अपनी सेना वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। ट्रंप ने साफ किया कि इस जंग को खत्म करने के लिए ईरान के साथ किसी भी तरह के समझौते की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान छोडने् की तैयारी करेगी। वहीं नाटो के खिलाफ ईरान



जंग में ट्रंप लगातार मुखर थे, लेकिन पहली बार उन्होंने इस संगठन से निकलने के लिए गंभीर समीक्षा करने की बात कही है। ट्रंप ने नाटो को कागजी शेर बताया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान जंग के बाद नाटो के भविष्य पर फैसला होगा। नाटो के खिलाफ ईरान जंग में ट्रंप लगातार मुखर थे, लेकिन पहली बार उन्होंने इस संगठन से निकलने के लिए गंभीर समीक्षा करने की बात कही है। ट्रंप ने नाटो को कागजी शेर बताया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान जंग के बाद नाटो के भविष्य पर फैसला होगा।

ट्रंप के मुताबिक, ईरान में जिन सैन्य लक्ष्यों को अमेरिका ने तय किया था, वे अब पूरे हो चुके हैं। इसलिए अमेरिका इस संघर्ष को लंबा खींचना नहीं चाहता। वहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक युद्ध खत्म करने को लेकर कोई समयसीमा तय नहीं की है। उन्होंने कहा है कि फिलहाल इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि इस साल 28 फरवरी को ईरान पर बड़े स्तर पर हमला किया गया था। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हुई थी। साथ ही उनकी बेटी और दामाद समेत कई अन्य लोगों के मारे जाने की भी सूचना थी। इसके बाद से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के ठिकानों पर लगातार बमबारी की गई। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी खाड़ी देशों को निशाने पर लिया।

### नाटो कागजी शेर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वे नाटो से बाहर निकलने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने नाटो को कागजी शेर बताया। एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि वे पहले से ही नाटो से ज्यादा प्रभावित नहीं थे और उन्हें लगता है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी यही मानते हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका हमेशा अपने साथियों के लिए खड़ा रहा है, लेकिन इस बार कोई भी अमेरिका के साथ नहीं आया। उन्होंने यूक्रेन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां अमेरिका ने मदद की थी, लेकिन अब वही समर्थन अमेरिका को नहीं मिल रहा। यह बयान तब आया है जब नाटो देशों ने ईरान जंग में अमेरिका का साथ देने से इनकार कर दिया। अमेरिका चाहता था कि नाटो देश होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के लिए अपने वॉरशिप भेजें, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहा युद्ध पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ कुछ देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बड़ा संकट बन गया है।

---

# पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर ब्लास्ट

## ग्रेनेड फेंकने का वीडिया आया सामने, जांच में जुटी एजेंसियां

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में भाजपा के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाडियों के शीशे टूट गए। भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रे जैसे निशान बन गए हैं। अब इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की भी आवाज सुनाई देती है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो भाजपा ऑफिस पर हमले का है। धमाके के बाद चंडीगढ़ में सुरक्षा बढ़ाई गई है। सभी नाकों पर सख्ती बरती जा रही है। पुलिस हर आने-जाने वाले की चेकिंग कर रही है।

ब्लास्ट की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची। भारतीय सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई हैं। उधर, बम व डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला जा गया। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। पुलिस को सीसीटीवी में 2 संदिग्ध नजर आए हैं। ये दोनों बाइक पर भाजपा ऑफिस के आसपास आते-जाते नजर भी आ रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स भी मौके पर पहुंची। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी ब्लास्ट किसने और क्यों किया, इसमें कौन सा विस्फोटक यूज हुआ, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि पुलिस को यहां खड़ी स्कूटी में भी धमाका होने का शक है, जिसके लिए क्रूड बम जैसी चीज यूज की हो सकती है। फोरेंसिक टीम से भी इसकी जांच कराई जा रही है।

### 15 दिन पहले खतरे की आशंका जताई थी

भाजपा के प्रवक्ता आरपी सिंह का कहना है कि चंडीगढ़ में भाजपा पंजाब कार्यालय के बाहर बम ब्लास्ट की घटना चौंकाने वाली और बेहद चिंताजनक है। इसे और भी गंभीर बनाने वाली बात यह है कि पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा पिछले दो दिनों से उसी कार्यालय में मौजूद थे और अभी-अभी दिल्ली में एक राजनीतिक कार्यक्रम के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि 15 दिन पहले पठानकोट के एसएसपी ने उन्हें एक विशिष्ट खतरे की आशंका के चलते अपनी मॉर्निंग वॉक रोकने की चेतावनी दी थी। यह चेतावनी और आज का ब्लास्ट दोनों में कोई संबंध है या नहीं, यह जांच का विषय है, लेकिन इस संयोग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रवक्ता ने कहा कि यह केवल एक नेता या एक पार्टी कार्यालय की बात नहीं है। यह पंजाब में सुरक्षा, खुफिया समन्वय और समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाता है। जिम्मेदार लोगों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। ऐसे आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहनशीलता होनी चाहिए।

---

## असम में डबल-इंजन सरकार नहीं दोहरी गुलामी वाला मॉडल - प्रियंका गांधी

गुवाहाटी । कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम में भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्?होंने डबल-इंजन सरकार पर तंज कसते हुए इसे दोहरी गुलामी वाला मॉडल बताया है। उन्?होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार शासन के दोहरी गुलामी वाले मॉडल का प्रतिनिधित्?व करती है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा एक ऊंचे-नीचे कंट्रोल चेन में काम कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने नजीरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री अमेरिका के प्रभाव में काम करते हैं, जबकि मुख्यमंत्री सरमा बदले में पीएम मोदी के निर्देशों का पालन करते हैं। यह कोई डबल-इंजन सरकार नहीं है जैसा वे दावा करते हैं, बल्कि यह एक दोहरी गुलामी वाली सरकार है।



उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर असम के लोगों की भलाई के बजाय बड़े उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता देने का भी आरोप लगाया। प्रियंका गांधी ने कहा कि राज्य के प्राकृतिक संसाधन, जिसमें जमीन और खनिज संपदा शामिल है, चुनिंदा कॉर्पोरेट संस्थाओं को सौंपे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय समुदायों के अधिकार और आजीविका हाशिए पर जा रही है। मशहूर असमिया गायक स्वर्गीय जुबीन गर्ग से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए प्रियंका गांधी ने मुख्यमंत्री सरमा के उन आरोपों का जवाब दिया कि कांग्रेस इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। जुबीन गर्ग की पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में समुद्र की सैर के दौरान मृत्यु हो गई थी। उन्होंने कहा कि हम लाखों लोगों की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। उनके साथ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। निर्धारित समय सीमा के भीतर न्याय दिलाने का वादा करना राजनीतिक अवसरवादिता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह कहना कि हम 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाएंगे, राजनीतिकरण नहीं है बल्कि एक वादा है।

---

लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, एफसीआरए बिल वापस लो के लगे नारे

## अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल हुआ पेश

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पेश किया है। इस पर सदन में चर्चा हुई। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। दरअसल, आज लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक को बहस और पास करने के लिए लिस्ट किया गया था। एफसीआरए में संशोधन के लिए एक बिल 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

रिपोर्ट के मुताबिक बिल में यह भी प्रावधान



है कि जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द, सरेंडर या समाप्त हो जाता है, उनकी विदेशी फंडिंग और संपत्तियों के प्रबंधन और निपटान के लिए एक नामित प्राधिकरण बनाया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल एफसीआरए ईसाइयों, अल्पसंख्यकों और एनजीओ के खिलाफ टारगेटेड कानून है। जो एनजीओ भारत के लोगों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं, इस कानून के जरिए उन्हें सजा दी जा रही है। यह बिल असंवैधानिक है और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है।

वहीं कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह सरकार कानूनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने की आदी है, ताकि समाज की विरोधी आवाजों को दबाया जा सके। जिस तरह पीएमएलए का इस्तेमाल किया गया, उसी तरह एफसीआरए को भी हथियार बनाया जा रहा है। इसका एनजीओ पर भी असर पड़ेगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि एनजीओ की विदेशी फंडिंग को कंट्रोल करने के नाम पर लाए जा रहे इस बिल से पहले बीजेपी को पीएम केयर फंड और चुनावी बॉन्ड से मिले पैसे पर जवाब देना चाहिए।

---

## किसानों, आदिवासियों और जमीन को घुसपैठियों के कब्जे में नहीं रहने देगी सरमा सरकार -पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि असम ने बीते दस सालों में उल्लेखनीय विकास देखा है और उन्हें विश्वास है कि राज्य की जनता फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को अपना आशीर्वाद देगी। गोगमुख में जनसभा को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि नागरिकों का उत्साह निरंतर विकास और स्थिरता के प्रति उनके समर्थन को स्पष्ट रूप से दिखाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने फिर कहा कि यह चुनाव विकसित भारत की परिकल्पना को आकार देगा। इस बार का चुनाव विकसित भारत बनाने का है...भाजपा असम में फिर से सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। उनकी ये टिप्पणियां आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राज्य भर में पार्टी के प्रचार अभियान तेज करने के बीच आईं, जो 9 अप्रैल को होने वाले हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि असम के चुनाव की घोषणा के बाद ये मेरी पहली जनसभा है। ये जो सामने जनसमुद्र है, युवाओं का उत्साह, बहनों-बेटियों का ये आशीर्वाद, ये प्यार इस बात की खुली घोषणा है कि इस बार बीजेपी की हैट्रिक पक्की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक बनाने का मौका मिला। आप सभी के आशीर्वाद से इस मैदान में भी हैट्रिक लगाने का मौका मिला है, मैं यहां तीसरी बार आया हूं। और आपके आशीर्वाद से असम में सरकार भी हैट्रिक बनाने वाली है।

पीएम मोदी ने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल जी का नेतृत्व और फिर हिमंता विश्व शर्मा जी की अगुवाई में असम ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। इस बार भाजपा-एनडीए सरकार की हैट्रिक तय है। और कांग्रेस की पराजय की हैट्रिक भी तय है।

---

## फिल्म निर्देशक रंजीत गिरफ्तार, अभिनेत्री ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

कोच्चि। फिल्म निर्देशक रंजीत पर एक अभिनेत्री ने यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है। इस मामले को पुलिस द्वारा असामान्य रूप से हैंडल किया रहा है। एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है, जबकि कोच्चि के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने रंजीत को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई है, जिसमें एर्नाकुलम रेंज के आईजी और इडुक्की के एसपी शामिल हैं। मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर थोडुपुझा में आरोपी की गाड़ी को रोककर हिरासत में लिया गया। फिलहाल वह थोडुपुझा पुलिस की कस्टडी में है और आगे की कार्रवाई के लिए उसे कोच्चि पुलिस को सौंपा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता एक युवा अभिनेत्री हैं, जो फिलहाल रंजीत द्वारा निर्देशित फिल्म में काम कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि शूटिंग के दौरान निर्देशक ने उनके साथ यौन उत्पीड़न का प्रयास किया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह घटना फिल्म के सेट पर हुई, जहां रंजीत ने कथित रूप से अशोभनीय और आपत्तिजनक व्यवहार किया। यह फिल्म कोट्टायम और कोच्चि में शूट की जा रही थी और घटना कोच्चि में होने की बात कही जा रही है। अभिनेत्री ने पुलिस महानिदेशक समेत अन्य अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। इसके बाद दो दिन पहले पुलिस ने अभिनेत्री का गोपनीय बयान दर्ज किया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

---

भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

## आज हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

धार। धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई सर्वे से संबंधित याचिकाओं पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम पक्ष अपनी सभी शिकायतों और साक्ष्यों की मांग को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का रुख करे। मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विशेष आवेदन में कहा गया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को प्रस्तावित सुनवाई से पहले 1 अप्रैल को ही उनकी आपत्तियों पर विचार किया जाए। सोसायटी का तर्क था कि उनकी बात सुने बिना आगे की प्रक्रिया उचित नहीं होगी।

मामले को लेकर वकील विष्णु शंकर जैन ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि भोजशाला मामले के संबंध में, आज मौला कमालुद्दीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन दायर की गई थी। इस याचिका में मुख्य मांग यह थी कि एएसआई सर्वे के संबंध में 11 मार्च, 2024 के कोर्ट के आदेश के पालन में की गई वीडियोग्राफी की एक कॉपी उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने आज इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि वीडियोग्राफी के संबंध में उनकी जो भी आपत्तियां होंगी, उन पर हाई कोर्ट विचार करेगा। इस मामले से जुड़ी सुनवाई 2 अप्रैल को हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के समक्ष शुरू होनी है।

सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने बताया कि 11 मार्च को एएसआई द्वारा किए जा रहे सर्वे की वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। उनका आरोप है कि 16 मार्च की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर न तो चर्चा हुई और न ही कोई स्पष्ट आदेश दिया गया।

---

एसआईआर पर टीएमसी की आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट...

## बेबुनियाद मानकर किया खारिज

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के पत्र के मुताबिक 7 अप्रैल तक वोटर आईडी से जुड़ी सभी आपत्तियों का निपटारा होगा। चुनाव आयोग के वकील ने सुनवाई के दौरान बताया कि अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए प्रशिक्षण शुरू किया जा चुका है और गुरुवार से ट्रिब्यूनल में सुनवाई भी शुरू होगी। कलकत्ता हाईकोर्ट के पत्र के मुताबिक राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित किए हैं, जिनकी अगुवाई रिटायर्ड चीफ जस्टिस कर रहे हैं। अपीलीय न्यायाधिकरण में केवल वे लोग जा सकते हैं जिनके नाम दावे और आपत्ति के दौरान कटे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने रोजाना निपटा रहे मामलों की संख्या पर संतोष जाहिर किया है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि प्रतिदिन पौने दो लाख से दो लाख तक आपत्तियों पर सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान टीएमसी के वकील ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के हस्तक्षेप की आशंका जाहिर की, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने बेबुनियाद मनाकर खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि जब अपीलीय न्यायाधिकरण किसी व्यक्ति के मतदाता सूची में शामिल या न होने का निर्णय दे, तब इसके पीछे का कारण सूची में दर्ज करे। यह अंतिम सूची तय करेगी कि व्यक्ति अपने मतदान का अधिकार प्रयोग कर सकेगा या नहीं। सुनवाई के दौरान टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने बड़े पैमाने पर फॉर्म-6 जमा होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति 30,000 फॉर्म-6 जमा कर रहा है, इससे हजारों नए मतदाता जुड़ रहे हैं। सीजेआई ने इस पर नाराजगी जताकर कहा कि संदेह पैदा करने वाले बयान नहीं दिए जाने चाहिए। चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि कानून के अनुसार नामांकन की अंतिम तारीख तक मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं। वकील कल्याण बनर्जी ने नए शामिल होने वाले नामों की जानकारी बूथवार देने की मांग की, ताकि आपत्ति दर्ज कर सका। सीजेआई ने कहा कि सभी न्यायाधीशों की ट्रेनिंग आज पूरी हो जाएगी ताकि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन फाइल की गई सभी अपील देख सकें। इसके अलावा, बंगाल में चुनावी हिंसा की आशंका के मद्देनजर सनातनी संस्था ने याचिका दायर कर पूर्व चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हाईलेवल मॉनिटरिंग कमेटी बनाने की मांग की।

# 31 मार्च की डेडलाइन खत्म, अब तक पूर्ण नही हुआ मूल्यांकन कार्य

## अब मूल्यांकन कार्य संपन्न करने जारी की गई नयी डेडलाइन, 190448 में से 173042 कापियों का हुआ मुलायंकन 16906 शेष, 5 अप्रैल तक कॉपियों का मूल्यांकन पूर्ण करने का रखा गया नया लक्ष्य

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र. भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं सम्पन्न होने के बाद अब सभी को परीक्षा परिणामो का इंतेजार है।जिसके चलते बोर्ड द्वारा उत्तरपुस्तिकाओ का मूल्यांकन कराकर, रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।जिसके तहत 22 फरवरी से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू है।चारो चरणों में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर ओएमआर शीट में रोल नंबर और प्राप्तांक दर्ज कर इसकी रिपोर्ट ऑनलाइन बोर्ड को भेजी जा रही है।बात अगर बालाघाट उत्कृष्ट विद्यालय के मूल्यांकन केंद्र की करें तो उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने की अंतिम डेडलाइन पहले 31 मार्च रखी गई थी, लेकिन डेडलाइन समाप्त होने के बाद भी मूल्यांकन का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, तो वही अब भी 16906 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य शेष बचा है, जिसके मूल्यांकन के लिए अब मूल्यांकन केंद्र द्वारा नई डेडलाइन जारी की गई है जिसमें 5 अप्रैल तक मूल्यांकन का यह कार्य पूर्ण करने को कहा गया है।उम्मीद जताई जा रही है अप्रैल के पहले सप्ताह तक सभी जिलों की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद रिजल्ट तैयार किया जाएगा। जहां बोर्ड द्वारा अप्रैल मध्य तक कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।**



### 190448 में से 173042 कापियों का हुआ मूल्यांकन

केंद्र अध्यक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक चार चरणों के तहत अब तक केंद्र में कक्षा 10वी कुल 113400 तो वही कक्षा 12वी की कुल 77048 कापियां मूल्यांकन के लिए आई थी, ऐसे कुल 190448 उत्तरपुस्तिकाओ में से अब तक कक्षा 10वी की 97415 तो वही कक्षा 12 वी की 75627 उत्तरपुस्तिकाओ का मुलायंकन हो चुका है।इस तरह कक्षा 10 वी 12वी को मिलाकर कुल 190448 में से 173042 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य हो चुका है, जबकि कक्षा दसवीं की 15985 तो वही कक्षा 12वीं की 1421 कॉपियां ऐसा कुल 16906 उत्तरपुस्तिकाओ का मूल्यांकन कार्य शेष है।जिनका मुलायंकन कार्य पूर्ण करने के लिए 5 अप्रैल तक की नई डेडलाइन जारी कर,शेष 4 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 540 में से महज 231 मुलायंकनकर्ता पहुचे केन्द्र

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में मूल्यांकन कार्य के लिए लगभग 540 मूल्यांकनकर्ताओं का चयन किया गया था।लेकिन अलग-अलग कारणों के चलते 540 में से आधे मूल्यांकनकर्ता भी रोजाना केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं, जानकारी के मुताबिक बुधवार को कक्षा 10 वी के 169 तो वही कक्षा 12 के महज 62 ऐसे कुल 231मुलायंकन कर्ताओं द्वारा मुलायंकन का कार्य किया गया है।कम मुलायंकनकर्ता होने के चलते मूल्यांकन का कार्य पिछड़ गया जिससे 31 मार्च की डेडलाइन तक कार्य पूर्ण नही हो सका हालांकि केंद्र अध्यक्ष द्वारा नई डेडलाइन 5 अप्रैल तक मूल्यांकन का यह कार्य पूर्ण करने की बात कही गई है।

### ओएमआर शीट से नहीं बल्कि अब रोजाना ऑनलाइन भेजे जा रहे प्राप्तांक

बताया गया कि मूल्यांकनकर्ता रोज रोल नंबर सहित प्राप्तांक सीधे कंप्यूटर के माध्यम से बोर्ड को भेज रहे है। इसीलिए बोर्ड ने उत्कृष्ट विद्यालय में 10 कंप्यूटर की व्यवस्था बनाई है। बताया जा रहा है कि रोजाना ऑनलाइन भेजे गए प्राप्तांकों, और बाद में ओएमआर शीट से भेजे गए प्राप्तांकों का मिलान होगा।उसके बाद अंतिम रिजल्ट के लिए प्राप्तांक अंकसची में दर्ज करने के लिए सुरक्षित किए जाएंगे

### 5 अप्रैल तक पूर्ण हो जाएगा मुलायंकन कार्य- ज्योतिषी

मूल्यांकन कार्य को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य शरद ज्योतिषी ने बताया कि पहले 31मार्च, मूल्यांकन की अंतिम डेडलाइन जारी की गई थी ,लेकिन मूल्यांकनकर्ताओं की कमी के चलते यह कार्य 31 मार्च तक पूरा नहीं हो पाया।करीब 16906 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शेष बचा है, जिसे पूर्ण करने के लिए नई डेडलाइन जारी की गई है। जारी की गई इस डेडलाइन 5 अप्रैल तक मूल्यांकन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और संभवतः अप्रैल माह के मध्य तक बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं बारहवीं के परीक्षा परिणाम भी जारी किए जा सकते हैं।

## कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने 01 अप्रैल को जिला कोषालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए रिकॉर्ड एवं अभिलेखों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं अनुपयोगी सामग्री का निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोषालय की कार्यालयीन व्यवस्था की जानकारी ली और कार्यालय परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित मेरावी एवं उनका स्टॉफ उपस्थित था।

**In The Court Of Deepnarayan Singh II District Judge, District Court,Balaghat**
**Presiding Officer:-** दीपनारायण सिंह

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM/0000028/2025)
पद्मा कलपूरे................................वादी
Vs
संतलाल कलपूरे..........................प्रतिवादी

**Process Id-/2026**
**पेशी तारीख- 11/05/2026**

प्रेषिती-
(1) **संतलाल कलपूरे** पिता **रामप्रसाद कलपूरे** पता- ग्राम बिसोनी थाना व तह लांजी जिला बालाघाट।

यह कि प्रार्थी पदमा कलपूरे ने आपके विरूद्ध आदेश 5 नियम 20 व्य प्र सं के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें ।

यह आज तारीख **25 March 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश

कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी का उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में शासन के निर्देशानुसार १ अप्रैल २०२६ को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत नरोड़ी की सरपंच रेखा कैलाश राणा ,पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनीता पटले, उपाध्यक्ष गणेशा बिसेन ,सदस्य सुरेखा कटरे,



शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक रूपसिंह उईके के द्वारा कक्षा ६ वीं में नव प्रवेशी बच्चो का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव,सरपंच रेखा कैलाश राणा के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शाला प्रमुख सविता रिनायत एवं शिक्षक रूपसिंह उईके के द्वारा विशेष अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों के हस्ते उपस्थित छात्र छात्राएं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव ने बच्चो को नियमित स्कूल आने और शासकीय शाला में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया। अंत में शाला प्रमुख सविता रिनायत द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने विद्यालय की उपलब्धि से अवगत कराते हुए शासकीय शाला में प्रवेश लेने एवं शासकीय शालाओं में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चो को विशेष भोज कराया गया। इस प्रकार विशेष साज सज्जा के साथ शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## शिक्षा से ही उज्जवल होगा भविष्य -श्रीमती सरिता दादरे

### नपाध्यक्ष की उपस्थिति में कन्या शाला में प्रवेश उत्सव संपन्न तिलक लगाकर हुआ छात्राओं का स्वागत

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में १ अप्रैल को नवीन शिक्षण सत्र के शुभारंभ पर हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम में



नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य के एल चौहान की अध्यक्षता सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ अतिथियों के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। नया सत्र शुरू होने की खुशी में विद्यालय पहुंची छात्राओं का अतिथियों ने तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। शासन की योजना के अनुरूप छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। अपनी नई कक्षा की पुस्तकें पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व के प्रति प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बेटियां अपने सपनों को साकार कर सकती हैं और समाज में एक नई पहचान बना सकती हैं। शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं और पूरी लगन से अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ अन्य अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## 01 अप्रैल से शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

### सभी शालाओं में मनाया गया प्रवेशोत्सव, नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 01 अप्रैल 2026 से बालाघाट जिले की शालाओं में भी नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर जिले की सभी शालाओं में प्रवेशोत्सटव मनाया गया और नवप्रवेशी बच्चोंण का तिलक लगाकर और पुष्पिवर्षा कर स्वा गत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को निन्शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया और कक्षा 06 वी एवं 09 वीं में प्रवेश करने करने वाले छात्र-छात्राओं को साईकिल का वितरण किया गया।

जिला मुख्यालय बालाघाट में शाला प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीना, पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जी पी बर्मन, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज रहांगडाले, डाईट के प्राचार्य श्री मलगाम, शाला में प्रवेश करने वाले बच्चे, उनके अभिभावक एवं शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थी। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शाला प्रवेशोत्सव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन को सुना गया।

सांदीपनि विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कलेक्टर मृणाल मीना ने बेहद प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शाला में पहली बार प्रवेश लेना हर बच्चे और उसके परिवार के लिए जीवन का एक विशेष और यादगार क्षण होता है। यह केवल एक औपचारिक



शुरुआत नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का पहला कदम है। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन उनकी शिक्षा यात्रा के शुभारंभ का प्रतीक है। उन्हों्ने सभी बच्चों से कहा कि वे पूरे मन से पढ़ाई करें, अपने सपनों को पहचानें और हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का लक्ष्य रखें। कलेक्टर श्री मीना ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे बच्चों की रुचि और प्रतिभा को समझते हुए उन्हें सही दिशा दें। हर बच्चा विशेष होता है, जरूरत है उसकी क्षमता को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ड्रॉपआउट बच्चों को पुन: शाला से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और जिले में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या में कमी आई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए शालाओं में एफएलएन (Foundational Literacy and Numeracy) सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि प्रारंभिक स्तर पर ही पढ़ाई की नींव मजबूत की जा सके।

कलेक्टर श्री मीना ने सभी बच्चों को उवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो आपके सपनों को साकार कर सकती है, इसलिए सीखने का यह सफर पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ शुरू करें।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं स्वागत गीतों के साथ अभिनंदन किया गया और उन्हें साईकिल एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला गायखुरी का सांदीपनि विद्यालय में संविलियन कर दिया गया है। जिसके फलस्वरूप गायखुरी शाला के सभी बच्चों का 01 अप्रैल को सांदीपनि विद्यालय में पुष्पवर्षा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला में नवप्रवेशी बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

## भगवा झंडे के अपमान व गौवंश की मौत के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। लामता।** आज शाम लगभग 5:30 बजे सरपंच हुलासमल कोचर के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों एवं नवयुवकों ने पुलिस थाना प्रभारी एवं तहसीलदार महोदय को विगत दिनों हुई घटनाओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि असामाजिक तत्वों द्वारा भगवा झंडे का अपमान करते हुए उसे गंदे स्थान पर फेंक दिया गया, जिससे ग्रामवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही तहसील कार्यालय के सामने अज्ञात वाहन द्वारा गौवंश को टक्कर मारकर मृत्यु कारित करने की घटना को भी गंभीर चिंता का विषय बताया गया। ग्रामवासियों ने दोनों घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस ज्ञापन सौंपने में सरपंच हुलासमल कोचर, नंदकिशोर असाटी, प्रकाश गुप्ता,निक्की घुले, प्रदीप जैन, अनमोल भलावी,लक्की ब्रह्में, राजेंद्र गुप्ता,मोनू असाटी, सुनील पाठक, धनेश कुमार, सुशील कोचर, अविनाश जायसवाल,यश कोचर, गब्बर बल्लारी,आयुष गुप्ता,अंकित प्यासी महराज, विक्रम ठाकुर,शिवम गुप्ता,शुभम जैन,एवं सभी ग्रामवासियों मौजूद रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा मौका समाधान योजना 2025-26 की अवधि 15 मई तक बढ़ी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिजली के बकायादार उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत दी गई है । मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार लागू 'समाधान योजना 2025-26' के द्वितीय चरण की अवधि में संशोधन करते हुए इसे अब 15 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इससे जिले के हजारों बकायादार उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल का भुगतान करने का अंतिम और सुनहरा अवसर मिल गया है। योजना के अंतर्गत घरेलू (स्थायी एवं अस्थायी), गैर-घरेलू, औद्योगिक तथा कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं (शासकीय कनेक्शनों को छोड़कर) को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में भारी छूट प्रदान की जा रही है। इससे उपभोक्ता कम राशि में अपने बकाया बिलों का निपटान कर सकते हैं। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री अमित कुमार ने बताया कि योजना का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बालाघाट जिले में 200 विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देंगे तथा रजिस्ट्रेशन, बिल संबंधी समस्याओं और छूट का लाभ दिलाने हेतु तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र, स्क्कह्लठ्ठद्घद्बठ्ठद्ग कियोस्क या विभागीय पोर्टल के माध्यम से योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिलों का भुगतान करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह योजना सीमित समय के लिए है, इसलिए उपभोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर आर्थिक राहत प्राप्त करें और भविष्य में निर्बाध विद्युत सेवा सुनिश्चित करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिसोनी

**जनपद पंचायत लांजी , जिला बालाघाट ( म.प्र. )**

**क्रमांक / क्यू / ग्रा. प. बिसोनी** **दिनांक 30/03/2026**

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत बिसोनी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा योजना, वी.बी.जी.रामजी योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, पंच परमेश्वर , 15 वां वित्त,16 वां वित्त आयोग, 5 वां 6 वां राज्य वित्त आयोग, मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि, स्वकराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक - सांसद निधि, जिला पंचायत व जनपद पंचायत निधि, परफार्मेंस ग्रांट फंड, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं । इन कार्यों के लिए दिनांक 10/04/2026 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं ।

निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा । निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत बिसोनी में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें ।

सामग्री- सीमेंट , लोहा , गिट्टी , सीमेंट पाइप , लोहा पाइप , टीन , मिट्टी , मुरम , रेत , ईट , मिक्कर मशीन , वाइब्रेटर मशीन , पॉलीथीन , थर्माकॉल , रोलर , वॉशबेसिन नल सहित , पेंटिंग कार्य , गट्टू ( पेवर ब्लॉक ) , नल जल योजना हेतु पाइप, हेंडपम्प संधारण हेतु सामग्री, आधा एचपी, एक एचपी, दो एचपी, तीन एचपी विद्युत मोटर, कुर्सी , टेबल , स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री , वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री , एसीसी एस्बेस्टस चादर ( छत ) , पी.वी.सी पाइप 10 फीट , एंगल नट बोल्ट सहित , सेटिंग , तार , खीला , आईल , पेंट , दरी , आलमारी , कूलर , लैपटाप , कम्प्युटर सामग्री , टंकी , स्टेशनरी क्रय , नल - जल संधारण की सामग्री , पौधा क्रय , पंडाल व्यवस्था , मिष्ठान , जेसीबी मशीन , ट्रेक्टर ट्राली , परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं ।

**श्रीमती वर्षा विजयवारे** सरपंच | **पवन सीतमलाल कश्यप** उपसरपंच | **निलेश्वर मोरघड़े** सचिव

**सुनील हरडे- रोजगार सहायक**

**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बिसोनी तहसील लांजी जिला बालाघाट**

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

## एक व्यक्ति की कीटनाशक दवाई के सेवन से मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कीटनाशक दवाई के सेवन से जिला अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की इस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक रामसिंह पिता सालिकराम बिसेन 52 वर्ष ग्राम घुबड़गोंदी थाना खैरलांजी निवासी है। इस व्यक्ति ने किस वजह से कीटनाशक दवाई का सेवन किया। अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिला अस्पताल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार



रामसिंह बिसेन अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। एक माह पहले ही रामसिंह बिसेन के दोनो बेटे नागपुर काम करने गए हैं। वह अपने पत्नी के साथ में ही घर में रहता था और कृषि कार्य करता था। 31 मार्च को सुबह राम सिंह बिसेन अपने खेत गया था और दोपहर में घर लौटा और बिना खाना खाए ही घर में सो गया था। शाम को अचानक राम सिंह बिसेन की तबीयत खराब हो गई। जिसके मुंह से कीटनाशक की दुर्गंध आ रही थी। परिजनों ने उसे खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रामसिंह। बिसेन को जिला अस्पताल बालाघाट रिफर किया गया था। जिला अस्पताल बालाघाट में उपचार के दौरान रात्रि 10-30 बजे करीब रामसिंह बिसेन की मौत हो गई। 1 अप्रैल को जिला अस्पताल पुलिस में रामसिंह बिसेन का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी आगे की कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना खैरलांजी भिजवा दी है। इस व्यक्ति ने किस वजह से कीटनाशक दवाई का सेवन किया अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आगे मर्ग जांच खैरलांजी पुलिस द्वारा की जा रही है।

# मॉयल लीज बनी भू- स्वामित्व योजना में बाधा

## कई पीढ़ियों से रह रहे लोगो को अब तक नही मिला भू-स्वामित्व अधिकार

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी दूर ग्राम पंचायत भरवेली एक ऐसी ग्राम पंचायत है, जहां कई पीढ़ियों से निवास करने वाले सैकड़ों परिवार के लोग, आज भी भू स्वामित्व योजना के लाभ से वंचित हैं।जिसपर अपनी नाराजगी जताते हुए ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन के नेतृत्व में 1 अप्रैल बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है।जहां सौपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने जल्द से जल्द उन्हें भू स्वामित्व योजना का लाभ देने की गुहार लगाई,तो वही उन्होंने कई बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी सुनवाई न होने का आरोप लगाते हुए इस बार भी भू स्वामित्व योजना का लाभ न मिलने पर अपनी इसी प्रमुख मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।**

### मॉयल लीज के कारण अटका स्वामित्व अधिकार

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि भरवेली पंचायत के आबादी क्षेत्र में मॉयल (खनन) लीज दर्ज होने के कारण यहां रहने वाले नागरिकों को स्वामित्व योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि कई परिवार 4 से 5 पीढ़ियों से यहां निवास कर रहे हैं और उनका निवास मॉयल के संचालन से भी पहले का है।ग्रामीणों का कहना है कि उनका इस भूमि पर परंपरागत अधिकार स्थापित है, इसके बावजूद केवल माइन लीज का हवाला देकर उन्हें योजना से वंचित किया जाना अन्यायपूर्ण है।

### 500 परिवारों पर असर, बढ़ा असंतोष

ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वर्तमान स्थिति में

**ग्राम पंचायत भरवेली का मामला,सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन**
**कहा- 500 परिवार भू- स्वामित्व योजना से वंचित**
**योजना का लाभ देने लगाई गुहार, आंदोलन की भी दी चेतावनी**



करीब 500 परिवार स्वामित्व योजना के लाभ से वंचित हैं। इससे ग्रामवासियों में भारी असंतोष व्याप्त है।उन्होंने बताया कि शासन की मंशा हर पात्र व्यक्ति को अधिकार देने की है, लेकिन स्थानीय स्तर पर तकनीकी कारणों के चलते उन्हें उनका हक नहीं मिल पा रहा।

### मौका स्थल का निरीक्षण कर दिया जाए योजना का लाभ

ज्ञापन में विशेष रूप से खसरा नंबर 6/5, 6/8, 8/2/2, 8/4/1, 8/4/5, 22/1/1, 22/2/2, 22/4/1, 154/1, 154/2, 156/1, 156/2, 158/1, 158/2, 161, 162/3, 162/4, 163/2, 22/2/1 में निवासरत परिवारों को स्वामित्व योजना के तहत अधिकार देने की मांग की गई है।ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की स्थलीय जांच (फील्ड वेरिफिकेशन) कराया जाए और पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत अधिकार प्रदान किए जाएं। उनका कहना है कि वास्तविक स्थिति का निरीक्षण होने पर उनकी समस्या का समाधान संभव है।

### आंदोलन की भी दी चेतावनी

सरपंच प्रतिनिधि अनिल बिसेन एवं ग्रामीण पवन ने बताया कि जब स्वामित्व योजना के तहत पट्टा मिलने की उम्मीद जगी थी, तब ग्रामीणों में खुशी की लहर थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया रुक जाने से उनकी खुशी पर ग्रहण लग गया है।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


### मॉयल ने लगाई है आपत्ति- गीता बिसेन

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत भरवेली सरपंच गीता अनिल बिसेन, ने बताया कि भरवेली मायल नगरी है शासन द्वारा गांव की आबादी भूमि लीज पर ली गई है, जिससे उस आबादी भूमि पर निवास करने वाले लोगों को स्वामित्व योजना के तहत पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। पिछली बार पट्टे मिलने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, पटवारी द्वारा नाप झोंक किया गया था, लेकिन उसपर मायल ने आपत्ति दर्ज कराई जिसके चलते प्रशासन द्वारा पट्टे वितरण पर रोक लगाई गई है। पटवारी ने जब यह जानकारी हमें दी तो हमने ग्रामीणों को मामले से अवगत कराया ग्रामीणों का कहना है कि मायल लीज वाली नीचे भूमि पर अपना काम करें,हमे कोई आपत्ति नही है।लेकिन जहां हम रहे हैं वह आबादी भूमि है जहां वर्षों से हम निवास कर रहे हैं कई पीढ़िया बीत गई इसका स्वामित्व हमें मिलना चाहिए। उसी को लेकर आज हमने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा है ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उन्हें स्वामित्व योजना के तहत पट्टा नहीं दिया गया तो वे शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करेंगे।

# आज धूमधाम से मनाया जायेगा पवनपुत्र हनुमान का जन्मोत्सव

## जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमो के होंगे आयोजन, नगर में निकलेगी भव्य पालकी शोभायात्रा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पवनपुत्र हनुमान का जन्मोत्सव बालाघाट जिले सहित पूरे देश मे गुरुवार 2 अप्रैल को धूमधाम व भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा।जिसके तहत जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलों व ग्रामीण अंचलों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए है।नगर में भी हनुमान जन्मोत्सव को मनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई है जहां नगर के विभिन्न हनुमान मंदिर मे आर्कषक लाईटिंग व साज सज्जा कर सजावट की गयी है। तो वही मंदिर समिति द्वारा इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाएंगे। शहर मुख्यालय के प्रमुख मंदिर पीजी कॉलेज समीप स्थित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, हनुमान चौक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर, चित्रगुप्त नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर व बुढ़ी स्थित हनुमान मंदिर में संगीतमय हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, भंडारा का आयोजन किया गया है। इसी तरह हनुमान जन्मोत्सव पर संकटमोचन हनुमान मंदिर से सुबह हनुमान लला की पालकी निकाली जाएगी तो वही मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से शाम 6 बजे हनुमान जी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।वही जगह जगह भंडारा महाप्रसाद आदि कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।जो देर रात तक चलते रहेंगे।इन सभी कार्यक्रमों को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।



### जन्मत्सव के बाद निकाली जाएगी बाल हनुमान की पालकी

हनुमान जन्मोंत्सव पर सुबह करीब 4.30 बजे से पूजा-अर्चना का दौर शुरु होगा। बताया गया कि पूजन के बाद अभिषेक फिर सिंदुर वंदन कर सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर हनुमानजी महाराज का जन्मोंत्सव मनाया जाएगा। हनुमान जन्म महोत्सव मनाने के तत्काल बाद ही सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए बाल हनुमान जी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी,सुबह 6.30 से पालकी यात्रा हनुमान चालीसा का पाठ कर नगर भ्रमण करेगी।वहीं मंदिर में महाआरती के बाद सुंदरकांड का पाठ जाएगा।सुबह 9 बजे से 108 हनुमान चालीसा का पाठ जाएगा, जो शाम तक चलेगा,शाम को विशिष्ट महाआरती के बाद भजन संध्या सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।इसी दौरान जन्मोंत्सव पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।बता दें कि बुधवार की सुबह से ही भगवान हनुमान जी महाराज के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ हनुमान मंदिर में जुटी जो कि देर रात तक जारी रहेगी। बाल हनुमान की पालकी यात्रा विश्व हिंदू परिषद व श्रीराममंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा निकाली जाएगी।

### पानीपत की तर्ज पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

हनुमान जन्मोंत्सव के अवसर पर गुरुवार 2 अप्रैल को तपस्वी मोहित सोनी मुकूट धारण करेंगे और नगर भ्रमण के दौरान जय वीर जय महावीर की गूंज से पूरा नगर गुंजायमान हो जाएगा।इस दौरान रामधुन पर मुकूट धारी तपस्वी नृत्य भी करेंगे। शाम करीब 6 बजे यह शोभायात्रा मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकलेगी जो कि जय स्तंभ चौक, काली पुतली चौक,राजघाट चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, हनुमान चौक से होते हुए नया राममंदिर पहुंचेगी। यहां पर पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा आगे की ओर बढ़ेगी जो आजाद चौक, आंबेडकर चौक से होते हुए कालीपुतली चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर पहुंचेंगी जहां पर हनुमान जन्मोंत्सव पर हनुमानजी की पूजा-अर्चना की जाएगी। जिसके बाद वापस यह यात्रा मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में पहुँचेगी।जहां इस शोभायात्रा का समापन किया जाएगा।

### हाईकोर्ट सख्त

## याचिका में तथ्य छुपाना राजा लिल्हारे को पड़ा महंगा

### एक ही प्रकरण की माननीय न्यायालय में कई बार याचिका लगाना सही इरादे को नहीं दर्शाता, राजा लिल्हारे को एक लाख रुपए का जुर्माना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** माननीय हाईकोर्ट में रिट याचिका क्रमांक 2714/2026 में याचिकाकर्ता जितेंद्र लिल्हारे (राजा लिल्हारे) द्वारा नदी किनारे रेत उत्खनन संबंधी शिकायतों पर कार्यवाही हेतु याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य द्वारा यह तथ्य प्रस्तुत किया गया कि याचिकाकर्ता पूर्व में भी इसी विषय पर एवं उच्च न्यायालय में याचिकाएं प्रस्तुत कर चुका है।जिसे वर्तमान याचिका में प्रकट नहीं किया गया।जब यह तथ्य न्यायालय के संज्ञान में आया। तब याचिकाकर्ता द्वारा याचिका वापस लेने का निवेदन किया गया था, किन्तु न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुमति नहीं दी तथा कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके पश्चात संशोधन आवेदन प्रस्तुत कर पूर्व की कार्यवाहियों को अभिलेख पर लाने का प्रयास किया गया एवं विधिक जानकारी के अभाव का हवाला देते हुए क्षमा याचना की गई थी जिसे न्यायालय ने स्वीकार नहीं किया। न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ता पूर्व में विभिन्न मंचों पर एक ही विषय को लेकर कार्यवाही कर चुका है तथा संशोधन आवेदन bona fide नहीं है। अत: न्यायालय ने याचिका निरस्त करते हुए 1,00,000 (एक लाख रुपये) का दंड अधिरोपित किया गया तथा निर्धारित अवधि में जमा करने के निर्देश दिए गए।साथ ही निर्देशित किया गया कि राशि जमा न करने पर विधि अनुसार वसूली की जाएगी एवं भविष्य में इस प्रकार के आचरण की पुनरावृत्ति होने पर अवमानना कार्यवाही की जा सकती है।



### न्यायालय ने की टिप्पणी

न्यायालय ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए कहे कि अभिलेख में वर्णित तथ्यों के अनुसार एक ही विषय पर बार-बार याचिकाएं/शिकायतें प्रस्तुत करना एवं पूर्व तथ्यों को प्रकट न करना, याचिकाकर्ता के आचरण को संदिग्ध बनाता है, जिससे उसकी मंशा पर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न होता है।

## लोधी समाज की आवश्यक बैठक 3 अप्रैल को, शौर्य यात्रा सहित विभिन्न विषयों पर होगी चर्चा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिला लोधी महासभा बालाघाट के आह्वान पर लोधी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक 3 अप्रैल को प्रात: 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक कोसमी-गोंदिया मार्ग स्थित शुभारंभ लान में संपन्न होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामसिंह पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और समाजजनों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उनके साथ आयोजन के जिला एवं संभागीय प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में आगामी 28 अप्रैल को भोपाल में आयोजित होने वाली राजा हिरदेशाह लोधी की पुण्यतिथि के अवसर पर निकाली जाने वाली शौर्य यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही समाज के संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों ने लोधी समाज के सभी संगठनों, मोर्चों, कर्मचारी संगठनों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, जनप्रतिनिधियों सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की है कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

# शराब दुकान हटाने की मांग पर महिलाओं का प्रदर्शन

## वार्ड क्रमांक 24 में दिनभर चला विरोध, ग्राहकों को रोका, दुकान स्थानांतरण की करी मांग

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के वार्ड क्रमांक 24 में संचालित हो रही शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने 1 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं दुकान के बाहर एकत्रित हो गईं और मोर्चा खोल दिया । महिलाओं ने हाथों में डंडे लेकर दिनभर दुकान के बाहर डटे रहकर किसी भी ग्राहक को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। जो भी व्यक्ति शराब खरीदने पहुंचा, उसे महिलाओं ने समझाइश देकर वापस लौटा दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान संचालित होने से आसपास का माहौल खराब हो रहा है और महिलाओं व बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षित वातावरण बना रह सके।



शहर में रिहायशी इलाकों में संचालित शराब दुकानों को लेकर लोगों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बीते कई महीनों से वार्डवासी और ग्रामीण इन दुकानों को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई न होने से अब विरोध तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में 1 अप्रैल को शहर के वार्ड क्रमांक 2 और 24 में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल से शराब दुकानों के नए सत्र के तहत नवीन ठेके जारी किए गए हैं। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि इस बार दुकानों का स्थान परिवर्तन किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं होने से वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। वार्ड क्रमांक 2 में सुबह से ही रहवासियों ने एकजुट होकर शराब दुकान खुलने नहीं दी, जिसके चलते पूरे दिन दुकान बंद रही। वहीं वार्ड क्रमांक 24 में दुकान खुल तो गई, लेकिन वहां महिलाओं ने मोर्चा संभालते हुए दुकान के सामने धरना शुरू कर दिया। करीब 30 से 40 महिलाएं हाथों में डंडे लेकर दुकान के सामने कुर्सियां डालकर बैठ गईं और शराब खरीदने आने वाले लोगों को विरोध स्वरूप वापस लौटा दिया। प्रदर्शन में शामिल वार्ड पार्षद उज्जवल एवं स्थानीय महिला भूमिका मदनकर ने बताया कि रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान संचालित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन शराबियों द्वारा गाली-गलौज, विवाद और असामाजिक गतिविधियां होती हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए स्थिति असुरक्षित बनी रहती है। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था। यहां तक कि क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया और आश्वासन मिला था कि दुकान को हटाया जाएगा, लेकिन नए ठेके जारी होने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी के विरोध में महिलाओं और वार्डवासियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। उनका कहना है कि जब तक शराब दुकान को रिहायशी क्षेत्र से हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा और वे किसी को भी यहां से शराब खरीदने नहीं देंगे।

### नई लोकेशन की तलाश जारी है - अजीत इक्का

इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का से चर्चा की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब दुकान के स्थान परिवर्तन की जिम्मेदारी लाइसेंसधारी की होती है। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 24 की स्थिति से वे भली-भांति अवगत हैं और वहां संचालित दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। हालांकि, अभी तक उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं हो सका है। उन्होंने यह भी बताया कि नई लोकेशन की तलाश जारी है ।

# निजी स्वार्थ के लिए जनहित के कार्यों में बाधा डालने वाले बख्शे नहीं जायेगें - अनुभा

## विधायक अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा-समनापुर मार्ग के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य रूकवाने वालों को लगाई फटकार







रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

## अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश, अधुरे कार्य को जल्द करें पूरा

**नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के सभाकक्ष में 1 अप्रैल को विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे की अध्यक्षता में सड़क विभाग, बिजली विभाग एवं सड़क निर्माण कंपनी के ठेकेदार व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य में आ रहे व्यवधानों, विद्युत पोल शिफ्टिंग, जनपद पंचायत में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान सड़क निर्माण कंपनी के ठेकेदार ने विधायक श्रीमती मुंजारे को अवगत करवाया कि सड़क का निर्माण कार्य नियमानुसार करवाया जा रहा है, लेकिन नीरज पशीने के द्वारा निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न कर कर्मचारी के साथ मारपीट की गई है। जिसके कारण कार्य अधुरा है, जिस पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने सड़क निर्माण कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट कर कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया है उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन कठोर कार्यवाही करें और जनहित के कार्य में अगर कोई व्यवधान उत्पन्न करता है तो उसे बख्शा नही जायेगा। वहीं जनपद पंचायत में 19 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह के आवेदन लेने की प्रक्रिया में बरती गई अनियमितता पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमानुसार कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया, गलत होने पर कार्यवाही करने की बात कही है।**

### सड़क का किया निरीक्षण, जनता की सेवक बनकर स्वयं खड़ी रहूंगी

बैठक संपन्न होने के बाद विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्ति नीरज पशीने से विधायक ने चर्चा की और कहा कि लंबे समय बाद सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है, व्यवधान उत्पन्न क्यों कर रहे है, सड़क बनने देने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि आपके द्वारा सड़क निर्माण कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया है जो गलत है। इसी दौरान विधायक एवं नीरज पशीने के बीच सड़क निर्माण को लेकर बहस भी हुई और निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने पर फटकार भी लगाई। वहीं नीरज पशीने की मांग थी कि पानी निकासी की व्यवस्था की जाये। जिसके बाद विधायक ने कहा कि जनहित का काम हो रहा है और लंबे समय बाद क्षेत्रीयजनों की मांग पर सड़क का निर्माण किया जा है। अगर कोई सड़क निर्माण में व्यवधान उत्पन्न करेगा तो बर्दाश्त नही किया जायेगा। वहीं विधायक श्रीमती मुंजारे ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि वह जनता की सेवक हैं और उनका मुख्य लक्ष्य विकास को अंतिम छोर तक पहुंचाना है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि यदि निर्माण कार्य में फिर से कोई बाधा आती है, तो वे स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर अपनी निगरानी में कार्य को पूर्ण करवायेगी।

### 6-7 वर्षों का इंतजार खत्म, अब बाधाएं बर्दाश्त नहीं

विधायक श्रीमती मुंजारे ने कहा कि यह मार्ग पिछले 6 से 7 वर्षों से अधूरा पड़ा था, जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हमारे सतत प्रयासों से इस कार्य को स्वीकृति मिली है, लेकिन कुछ लोग इसमें अड़ंगा लगा रहे हैं। क्षेत्रीय विकास और जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा को स्वीकार नहीं किया जायेगा, जो लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए सरकारी कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं या कर्मचारियों के साथ अभद्रता कर रहे हैं। उनके विरूध्द दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह तीखे तेवर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग के निरीक्षण के दौरान दिखाये। साथ ही सड़क निर्माण में पानी निकासी (कंजर्वेशन) की मांग को लेकर उठ रहे विवाद पर विधायक ने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्माण कार्य का एक निर्धारित स्टीमेट होता है। अधिकारियों ने पूर्व में निरीक्षण कर तकनीकी आधार पर ही नक्शा तैयार किया है। किसी व्यक्ति विशेष के मनमुताबिक स्टीमेट नहीं बदला जा सकता। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि हमारे घर के सामने पानी जमा होगा इसलिए हम सड़क नहीं बनने देंगे। वहीं बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खंभों की शिफ्टिंग के लिए एस्टीमेट शासन को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही खंभे हटा दिये जायेगें। कुछ पोलों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हटाये जायेगें।

### अधुरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाया जायेगा - मुंजारे

चर्चा में विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि 6 से 7 वर्ष से अधुरे पड़े सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन एक कथित व्यक्ति ने निजी स्वार्थ के लिए ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया जा रहा है जो गलत है। बुधवार को एमपीआरडीसी, बिजली विभाग के अधिकारियों और निर्माण ठेकेदार के साथ बैठक लेकर सड़क निर्माण में जो समस्याएं आ रही है उसके संबंध में विस्तृत चर्चा की गई है, बिजली विभाग का कहना है कि स्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है, स्वीकृति होने के बाद पोलों की शिफ्टिंग की जायेगी, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि जब कोई निर्माण कार्य स्वीकृत होता है तो एक स्टीमेट तैयार होता है उसके आधार पर निर्माण कार्य होता है, किसी के मन मुताबिक निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है और कुछ लोगों के द्वारा पानी निकासी के लिए कंजर्वेशन का निर्माण की मांग की जा रही है। जबकि स्टीमेट के समय अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया था तो पानी निकासी की कोई समस्या सामने नहीं आई थी, उसी के आधार पर स्टीमेट तैयार हुआ था। इस बात को मनाना चाहिए, यह बात गलत है कि हमारे घर में पानी जमा होगा इसलिए हम निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। । साथ ही यह भी बताया कि ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ मारपीट करेंगे तो यह गलत है और यह जनहित का मामला है। जनहित में सड़क का निर्माण होना चाहिए, पुलिस अधिकारियों से मांग है कि जिस कर्मचारी के साथ मारपीट की गई है और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया है उस पर कठोर कार्यवाही करें। हमें यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा कि कोई अपने निजी स्वार्थ के लिए शासकीय कार्य को बंद करवाये, उसमें बाधा पहुंचाये। मैं जनता की सेवक हूं, मेरा काम जनता की सेवा करना है, यदि निर्माण कर रूकता है तो मैं खुद सामने रहकर इस निर्माण कार्य को पूर्ण करवाऊंगी।

# लालबर्रा में रसोई गैस का संकट, खाली सिलेंडर लेकर भटक रहे उपभोक्ता

## उपभोक्ताओं ने लालबर्रा में एचपी गैस एजेंसी का स्थाई कार्यालय खोलने की मांग की

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से रसोई गैस (एलपीजी) की भारी किल्लत बनी हुई है। आलम यह है कि उपभोक्ता सुबह से ही अपनी खाली टंकी लेकर गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे उपभोक्ता परेशान है। वहीं लालबर्रा क्षेत्र में एचपी गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं की बहुतायत संख्या है और गैंस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को पहले बुकिंग करना पड़ता है। उसके बाद बालाघाट से गाड़ी आने के बाद गैंस सिलेंडर मिलता है। लेकिन बालाघाट से गाड़ी आने में विलंब होने एवं समय पर नही आने या कभी सर्वर नही चलने के कारण उपभोक्ताओं को समय पर गैंस टंकी नही मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने लालबर्रा मुख्यालय में एचपी गैस का स्थाई कार्यालय खोलने की मांग की है ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैंस टंकी मिल सके। स्थाई कार्यालय नही होने के कारण उपभोक्ताओं को यह जानकारी भी नहीं मिल पाती कि आज गाड़ी आयेगी या नहीं, जिससे वे परेशान है। साथ ही विगत दिवस से रसोई गैस का संकट बना हुआ है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने लालबर्रा मुख्यालय में एचपी गैस का स्थाई कार्यालय खोलने की मांग की है।





### भारत गैस की तर्ज पर स्थाई कार्यालय की उठी मांग

क्षेत्र में विगत दिवस से गैंस सिलेंडकर की समस्या बनी हुई है, साथ ही बुकिंग करने के बाद भी समय पर टंकी (सिलेंडर) उपलब्ध नही हो पा रहा है, जिससे उपभोक्ता परेशान है। वहीं गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर के लिए उन्हें लगातार दो-तीन दिनों तक एजेंसी की दौड़ लगानी पड़ रही है। इसके बावजूद भी इस बात की कोई गारंटी नहीं होती कि उन्हें सिलेंडर मिल ही जायेगा। विशेष रूप से बकोड़ा स्थित एचपी गैस (एलपीजी) के उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बालाघाट से बहुत कम संख्या में सिलेंडर लालबर्रा भेजे जा रहे हैं जिसके कारण समय पर गैंस सिलेण्डर उपलब्ध नही हो पा रहे है। वहीं उपभोक्ताओं ने बताया कि लालबर्रा में एचपी गैस का कोई स्थाई कार्यालय नहीं है। कार्यालय के अभाव में वहां कोई कंप्यूटर सिस्टम या रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था नहीं है। कर्मचारी मोबाइल पर निर्भर हैं, मोबाइल बंद होने या नेटवर्क न होने की स्थिति में बुकिंग और डिलीवरी का काम पूरी तरह ठप हो जाता है। इसलिए लालबर्रा में भारत गैस की तरह ही एचपी गैस का भी एक सुसर्जित और स्थाई कार्यालय खोला जाये। बुकिंग और स्टॉक की जानकारी के लिए डिजिटल सिस्टम (कंप्यूटर) उपलब्ध करवाने, बालाघाट से आने वाली सिलेंडरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। चर्चा में प्रदीपकुमार अवधिया बताया कि विगत कई दिनों से रसोई गैंस के लिए चक्कर लगा रहे है और बालाघाट से टंकी सीमित आती है, समय पर गैस सिलेंडर नही मिलने से परेशानी हो रही। आशीष ठाकरे ने बताया कि एचपी गैस एजेंसी का एक स्थाई कार्यालय लालबर्रा में होना चाहिए, कार्यालय नही होने एवं कम्प्युटर की सुविधा नही होने से समय पर गैस सिलेंडर नही मिल पाता है। एजेंसी को होम डिलीवरी की सेवाएं देनी चाहिए, कई बार कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिल पाते हैं और कर्मचारियों के द्वारा मोबाइल से काम किया जाता है इसलिए हमारी मांग है कि एचपी गैस (एलपीजी) का एक स्थाई कार्यालय लालबर्रा या फिर बकोड़ा में होना चाहिए।

# सांदीपनी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

## नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलकवंदन कर किया गया स्वागत, पाठ्यपुस्तके एवं साइकिल का हुआ वितरण





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** शासकीय स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी (उत्कृष्ट) स्कूल में 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर, पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, वरिष्ठ समाजसेवी गिरीश पाठक, रवि अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रमुख आतिथ्य एवं प्राचार्य सनत दुबे की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। जिसके बाद नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलकवंदन एवं मिठाई खिलाकर उन्हे नवीन कक्षा में प्रवेश दिया गया एवं पाठ्य पुस्तक भी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को वितरित किये और कक्षा 6 वीं, 9 वीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल का भी वितरण किया गया। साथ ही केजी 2 से कक्षा 11 वीं तक के जिन विद्यार्थियों ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये है उन्हे अतिथियों के हस्ते पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को अच्छी पढ़ाई कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, शासन की मंशा है कि हर बच्चा स्कूल आये और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। साथ ही बच्चों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एक बेहतर समाज के निर्माण में गुरूओं का योगदान सर्वोपरि है। सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य एसके दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव मनाया गया, जिसमें नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलकवंदन एवं पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण कर प्रवेश दिया गया है और सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। श्री दुबे ने बताया कि स्कूल में ब'चों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलवाया जाता है और पढ़ाई के साथ-साथ बहुत सारी गतिविधियां भी करवाई जाती है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है और इस विद्यालय से पढ़ाई कर छात्र-छात्राएं अच्छे पदों पर पहुंच चुके है इसलिए सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं से अपील है कि वे नियमित रूप से स्कूल आये और अच्छी पढ़ाई कर अपना भविष्य बेहतर बनाये। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नगपुरा के शास. उमावि. में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर ग्राम पंचायत नगपुरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सरपंच श्रीमती अनीता लिल्हारे, पंच दिनेश मेहरबान, गेंदालाल दमाहे, चैतराम सोनवाने, कुंजीलाल लिल्हारे के विशेष आतिथ्य एवं प्राचार्य चंद्रपाल उके की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत विद्यालय में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण टीवी के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री और माननीय शिक्षा मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग (म.प्र.) के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना और शिक्षा के महत्व को समझा।




### नव-प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर किया गया पुस्तक का वितरण

प्रवेशोत्सव के अवसर पर कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले नये विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ने विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को रोजगार कौशल से होने वाले फायदों से अवगत करवाया। साथ ही शिक्षा विभाग से मिलने वाली योजनाओं के बारे में भी जानकारी देते हुए नियमित रूप से स्कूल आने एवं पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षक सोमलाल बारेकर, पुखराज करकडे, मोनिका सोनबिरसे, अनुराधा डहरवाल, अनिता बिरनवार, देवेन्द्र नगपुरे, दीप्ति पटले सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संदीपनी विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव








## अतिथियों ने छात्रों को तिलक लगाकर किया स्वागत, निःशुल्क साइकिल पुस्तक और ड्रेस का हुआ वितरण

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**

स्थानीय संदीपनी विद्यालय में १ अप्रैल को नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शासन के निर्देशानुसार भव्य प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा जहाँ नए सत्र में कदम रखने वाले विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ,विधायक विवेक पटेल ,स्काउट गाइड जिला अध्यक्ष छगन हनवत ,जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले ,जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत सहित अन्य गणमान्य नागरिक और अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण के साथ की गई। नए सत्र की शुरुआत के अवसर पर विद्यालय पहुँचे छात्र.छात्राओं का अतिथियों ने तिलक वंदन कर स्वागत किया। इस परंपरा के माध्यम से विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक वर्ष के लिए शुभकामनाएं दी गईं और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कुल,हायर सेकेंडरी के छात्र छात्रों को नवीन सत्र की पुस्तकें प्रदान की गईं। कक्षा ९वीं में प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थियों को आवागमन की सुविधा हेतु साइकिल वितरित की गई। विद्यार्थियों को गणवेश ड्रेस का वितरण भी किया गया। उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालकर बताया कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई करने और जीवन में एक सफल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अतिथि विद्यार्थी एवं अधिकारियों के द्वारा सामूहिक भोज किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र शेट्टी ,सूर्यभान सिंह पूसाम, राजा अली ,किशोर अमूले, विवेक जुझार, अनिल पिपरेवार ,वायकर पारधी, मनोज पवार, मानिक ठाकरे ,प्रणय धार्मिक ,डिलेन्द्र गौतम ,मनोज टेंभरे ,एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, बीआरसी सतेंद्र शरणागत ,बीईओ वीरेंद्र बनोटे ,प्राचार्य हुमराज पटले सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सरकार बच्चों को सभी सुविधाएं दे रही-विवेक पटेल


विधायक विवेक पटेल ने कहा कि मैने जैसे ही स्कूल में प्रवेश किया देखकर मन प्रसन्न हो गया। इतना शानदार स्कूल और परिसर बना है उतना ही यहां के टीचरों का स्टॉप है। सरकार बच्चों को पुस्तके साइकिल गणवेश के साथ ही सभी सुविधाएं दे रही है। हर माता.पिता चाहते है कि हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। जिससे उसका भविष्य सुधरे और अपने देश का नाम रोशन करे। अभी विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा नहीं हुई है जिससे उन्हें स्कूल पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैने विधानसभा सत्र में भी इन विषयों को रखा था बहुत जल्द बस का टेंडर प्रकिया शुरू होकर बस की व्यवस्था शुरू होगी। प्राइवेट स्कूल के छात्र छात्राओं को एडमिशन नहीं मिल रहा है। प्राइवेट स्कूल के कई बच्चे इस स्कूल में अध्ययन करना चाहते है। हम स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों को सांदीपनि विद्यालय में एडमिशन देने की बात करेंगे। अच्छे भवन में पढ़ाई करने का आनंद भी अच्छा आता हैं। विधायक बनने के बाद मेरा सबसे ज्यादा ध्यान स्कूल की देखरेख में ही है। छात्र छात्राओं लक्ष्य लेकर पढ़ाई करें। गांव के बच्चे आज कल बड़े.बड़े पोस्ट में नौकरी कर रहे है जहाँ अच्छे टीचर होते है वहाँ के रिजल्ट भी अच्छा आता है। मंजिल मिलने के साथ साथ माता पिता के साथ स्कूल का नाम भी होता है।

### विद्यार्थी अच्छी पढाई कर स्कूल और परिवार दोनों का नाम रोशन करें-प्रदीप जायसवाल

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बहुत ज्यादा संवेदनशील है। आप सभी को शुभकामनाएं कि आप यहां अच्छा पड़े स्कूल और परिवार दोनों का नाम रोशन करें। हम भी इसी स्कूल में पड़े हैं उस समय कक्षा सातवीं से पास होते थे तो आठवीं में जाते ही पढ़ने की एक जिज्ञासा बनी रहती थी की पुस्तक मिल जाए। उस समय इतनी सुविधा नहीं थी पर आप बहुत भाग्यशाली हो की इतना बेहतर स्कूल बेहतर शिक्षण और सर्व सुविधा युक्त माहौल आपको मिल रहा है। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें यह सांदीपनि विद्यालय आपको बड़े.बड़े स्कूलों की सुविधा दे रहा है। शिक्षा का स्तर यह बना दिया है कि आप दिल्ली भोपाल कहीं भी जाए पढ़ाई के स्तर को लेकर कहीं असुविधा नहीं होगी। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद की उन्होंने शिक्षा का स्तर बढ़ाने यह स्कूल की शुरुआत की। हमारे विधानसभा में दो स्कूल है वारासिवनी खैरलांजी जो खुशी की बात है। यह स्कूल में ट्रांसपोर्ट भी चलना है परंतु वह अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, इस संबंध में भी मुख्यमंत्री से चर्चा कर जल्द चालू करने का प्रयास किया जाएगा। हर वह सुविधा जो स्कूल में है वह उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा।

# हनुमान जन्मोत्सव आज मंदिरों में तैयारियां पूर्ण

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर धर्मप्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव की पूर्व तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और साफ सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका



है। मान्यता अनुसार जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान हनुमान जी का अभिषेक कर उन्हें चोला धारण कराया जाएगा और विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। वारासिवनी में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। नगर के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों में २ अप्रैल को भक्ति और उल्लास के साथ संकटमोचन का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### श्री राम मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का होगा पाठ

नगर के प्रमुख श्री राम मंदिर में २ अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें प्रात: ४.३० बजे हनुमान जी का अभिषेक कर सुबह ७.३० बजे प्रतिदिन के अनुसार आरती कर ११ बजे से श्री राम मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। जिसमें आधिकाधिक संख्या में लोगो से राम मंदिर पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ का लाभ प्राप्त करने की अपील राम मंदिर समिति ने की हैं।

### जय स्तंभ चौक में शोभायात्रा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

नगर के जय स्तंभ चौक पर हिंदू धर्मावलंबियों के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें शाम ४.३० बजे श्री राम मंदिर से विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। इसमें अद्भुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर भ्रमण के पश्चात यह यात्रा जय स्तंभ चौक पहुंचेगी जहाँ शाम ७ बजे से जय स्तंभ चौक पर मंच के माध्यम से विभिन्न धार्मिक किरदारों और झांकियों का प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसादी के रूप में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### श्री जाग्रत हनुमान मंदिर होंगे आध्यात्मिक कार्यक्रम

नगर के वार्ड नं. १४ स्थित श्री जाग्रत हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमे प्रात: ५ बजे हनुमान जी का पावन अभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात् शाम ४ बजे से विशाल महाप्रसादी भोज का आयोजन हैं। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ प्राप्त करें तथा कार्यक्रम को सफ ल बनाने की अपील श्री जाग्रत हनुमान मंदिर समिति ने की हैं।

# जंगल से निकलकर बस्तियों की ओर तेंदुआ, ग्रामीणों में भारी दहशत

## तेंदुए ने किया सिर्रा में गाय पर हमला, खुरसोडी में दो बकरियों का किया शिकार





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों में इन दिनों हिंसक वन्य प्राणी तेंदुए ने दहशत मचा रखी है। ग्राम नांदगांव, रमरमा और सिर्रा सहित आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की लगातार पैठ बनी हुई है। भोजन की तलाश में रिहायशी इलाकों का रुख कर रहा यह तेंदुआ अब पालतू मवेशियों को अपना निशाना बना रहा है। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात तेंदुए ने दो अलग अलग गांवों में धावा बोलकर ग्रामीणों की नींद उडा दी।

### अब गौठान में घुसा तेंदुआ

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से ग्राम रमरमा, सिर्रा, नांदगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हिंसक वन्य प्राणी तेंदुआ सक्रिय नजर आ रहा है। जिसके द्वारा फिर किसानों के गौठान में घुसकर शिकार की घटना की गई है। इसमें पहली घटना ग्राम सिर्रा की है जहाँ किसान पूरनलाल गौतम के घर के गौठान में तेंदुआ घुस गया। यहाँ गाय, भैंस और बकरियां बंधी हुई थीं। तेंदुए को देखते ही मवेशियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी बीच तेंदुए ने एक गाय पर हमला किया जिससे उसके मस्तक पर नाखून के गहरे निशान बन गए। मवेशियों की आवाज सुनकर पूरनलाल तुरंत बाहर निकले और टॉर्च की रोशनी कर शोर मचाया जिससे डरकर तेंदुआ भाग निकला। उसी रात दूसरी वारदात ग्राम पंचायत खुरसोडी में हुई। यहाँ निवासी गणेश कारसर्पे के गौठान में बंधे मवेशियों पर तेंदुए ने हमला किया और दो बकरियों को मार डाला। घटना की जानकारी गणेश को सुबह तब लगी जब उन्होंने गौठान में बकरियों के शव देखे।

### वन विभाग अलर्ट गश्त बढ़ाई गई

घटनाओं की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और पंचनामा तैयार कर मुआवजें की प्रक्रिया शुरू की। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में गश्त बड़ा दी गई है। वन अमला लगातार पटाखे फोड़कर तेंदुए को रिहायशी इलाकों से दूर खदेड़ने का प्रयास कर रहा है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी वन्य प्राणी की आहट होने पर तत्काल सूचना दें।

### ग्रामीणो में भय का माहौल

पिछले कुछ दिनों से नांदगांव और रमरमा के जंगलों से सटे इलाकों में तेंदुए की मौजूदगी ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। हालियां घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि तेंदुआ अब केवल जंगलों तक सीमित ना रहकर सीधे किसानों के गौठानों तक पहुँच रहा है। जहाँ ग्रामीणों में भय का वातावरण बना हुआ है जो समूह में चलने रात के समय घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी रखने और मवेशियों के बाड़ों को सुरक्षित करने में जूटे हैं। तेंदुए की इस सक्रियता ने क्षेत्र में डर का माहौल पैदा कर दिया है जिससे लोग अब रात के समय घर से निकलने में कतरा रहे हैं।

# झालीवाड़ा में चौपाल कार्यक्रम आयोजित





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम झालीवाड़ा में मध्य प्रदेश शासन की मंशा अनुसार जिला प्रशासन बालाघाट के द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन झालीवाड़ा में अनुविभाग अनुविभागीय अधिकारी कार्तिकेय जायसवाल की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का शुभारंभ हुआ। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा दो पक्षीय संवाद स्थापित करते हुए ग्रामीण जनता की समस्याओं और मांगों को सुना गया। तथा वहां पर उपस्थित विभागीय अमले से समस्या के निराकरण पर उस विभाग का पक्ष भी सुना। ग्रामीण जनता द्वारा मूलत: अवैध रेत खनन, अवैध शराब बिक्री, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, सिंचाई व्यवस्था,एथेनाल प्लांट से उपजा प्रदूषण से संबंधित समस्याएं रखी गई थी। अनुविभागीय अधिकारी ने सभी समस्याओं और मांगों पर प्रशासन का अभिमत जनता के सम्मुख रखा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख के द्वारा ग्राम झालीवाड़ा के शा.हायरसेकेंड्री स्कूल में छात्रों हेतु साइकल स्टैंड शेड, टपकती छत की मरम्मत की मांग रखी गई। साथ ही ग्राम मिर्ची टोला के शासकीय प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल और ग्राम मिर्चीटोला तथा झालीवाड़ा में व्याप्त पेयजल समस्या के सुधार हेतु शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग रखी गई। विक्रम देशमुख ने ग्राम झालीवाड़ा से समीपस्थ दोनों एथेनाल प्लांट द्वारा सी एस आर फण्ड से ग्राम झालीवाड़ा में भी विकास कार्य करवाने की माँग रखी। वहीं ग्राम झालीवाड़ा के माता मंदिर से मेहंदीवाड़ा पहुंच मार्ग, ग्राम मिर्ची टोला से कौलीवाड़ा पहुंच मार्ग और ग्राम झालीवाड़ा के सोसायटी चौक से खापा पहुंच मार्ग के डामरीकरण की मांग रखी गई। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार वारासिवनी, नायब तहसीलदार वारासिवनी, राजस्व निरीक्षक,हलका पटवारी,पीएचई के अधिकारी,सिंचाई विभाग के अधिकारी,महिला बाल विकास विभाग,बीआरसी तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

# पिछले पांच साल के कार्यकाल में क्षेत्र को दी ६ बड़े पुलो की सौगात-प्रदीप जायसवाल

## प्रदीप जायसवाल ने अधिकारियों के साथ किया रेल्वे ओवर ब्रिज का निरीक्षण

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** निर्माणाधीन वारा रेलवे ओवर ब्रिज का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। साथ ही जल्द लोड टेस्ट के बाद संभवत १० अप्रैल से इस पूल को सभी तरह के वाहनो के आवागमन के लिये खोलने के निर्देश भी प्रदान किये। पिछले दो साल पूर्व समारोह के साथ पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने ही भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करवाया था। निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण होने की खुशी भी सभी जगहो देखी जा रही है। अधिकारियों के साथ निरीक्षण के समय पूर्व मंत्री ने पूल के ऊपर जगमग रोशनी के लिए भी ट्रांसफ ॉर्मर के कार्य में आ रही दिक्कतों को शीघ्र दूर करवाने के लिए एसडीएम से चर्चा की। साथ ही पूल के ऊपर रोशनी के साथ ही पुल के नीचे की सर्विस सड़क , ग्रामीण सड़क पर भी पर्याप्त रोशनी व्यवस्था के लिए अधिकारियों की टीम को निर्देशित किया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हमने हमारे पिछले विधानसभा के पांच से कार्यकाल में हमने क्षेत्र को ६ बडे पूलो की सौगात दी थी। जिसमे इन नदियों के उपर खंडवा पूल का कार्य पूर्ण होकर आवागमन शुरू भी हो गया है। साथ ही बुदबुदा नदीटोला के पूल का कार्य पूर्ण हो चुका है। रामपायली बिठली पूल का निर्माण कार्य समाप्ती पर आ गया है। मेहदूली से झालीवाडा पूल पर तो आवागमन तक शुरू हो गया है। जिले का सबसे बडा ४० करोड़ के घोटी धापेवाडा का पूल तेज गति से निर्माणाधीन है। श्री जायसवाल ने कहा की वारासिवनी से बालाघाट को जोडने वाले जागपुर पुल का कार्य ढीला प्रतित हो रहा है। कार्य एंजेसी की इस शिकायत को हमने जिलाधीश के समक्ष रख दिया है। अगर ठेकेदार कार्यगति में सुधार नही करता है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही प्रासंगिक है। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, एसडीओ पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग अर्जुन सनोडिया,निर्माण एजेंसी प्रमुख सिद्धार्थ जायसवाल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



# भगदड़ हादसा आस्था स्थल शमशानघाट बनते रहेगें

बिहार के नालंदा जिले में स्थित शीतला माता मंदिर में हुआ, जहां 31 मार्च 2026 को भगदड़ मचने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में करने के प्रयास किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर दुख जताया है और मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। साथ ही, घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश भी जारी किए गए हैं चारों तरफ लाशों का अंबार लग गयाद्य पल भर में जीते जागते लोग लाशों में तब्दील हो गए यह बहुत ही भयानक मंजर था द्य सरकार ने मृतकों के लिए दस दस लाख मुआवजे का ऐलान कर दिया हैद्य गत 27 जुलाई 2025 रविवार को हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में करंट फैलने की अफवाह फैलने से दर्जनों श्रद्धांलुओं की मौत हो गईं थी और 50 के लगभग घायल हो गए थे द्य मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर यह हादसा हुआ द्य मंदिर से करीब सौ मीटर पहले सीढीओं पर यह भगदड़ का खौफनाक मंजर हुआ था द्ययहां करीब दस हजार लोग मौजूद थे भीड़ बहुत थी द्य 29 जून 2025 को पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन लोगों की मौत हो गईं थी और काफी लोग घायल हुए थे द्य 8 जनवरी 2025 को तिरुपति में भगदड़ मचने से 6 लोगों की मौत हो गईं थी और बहुत लोग घायल हो गए हैं द्य 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग में भगदड़ मचने से 121 लोगों की दर्दनाक मौत हो गईं थी और सेकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे द्य मई माह में गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई थी और 50 लोग घायल हो गए थे। भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफी लोग मारे गए थे अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई द्य रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी द्य देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं 15 फरवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे। रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था।

# टैलेंट की ताकत बनाम ताकत का टैलेंट-नोबेल शांति पुरस्कार- प्रतिष्ठा या राजनीति?

## वैश्विक राजनीति, शक्ति- संतुलन और बदलती विश्व व्यवस्था और नेतृत्व की नई भाषा

वैश्विक नेतृत्व या प्रभुत्व की राजनीति ऊर्जा, युद्ध, नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत और वैश्विक अस्थिरता का त्रिकोण।

जब ताकत टैलेंट पर हावी हो जाती है, तो वह दादागिरी बन जाती है, ट्रंप दौर इसी द्वंद्व का प्रतीक है, जो दुनियाँ को यह सोचने पर मजबूर करता है कि भविष्य किस दिशा में जाएगा ।

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है,जहां पारंपरिक कूटनीति,सैन्य शक्ति,आर्थिक प्रभुत्व और व्यक्तिगत नेतृत्व शैली एक- दूसरे से टकरा रहे हैं। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प जैसे नेताओं के दौर में यह प्रश्न और अधिक प्रासंगिक हो गया है कि क्या आज की दुनिया टैलेंट की ताकत से चल रही है या ताकत का टैलेंट हावी हो चुका है। यह बहस केवल वैचारिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक और वैश्विक प्रभावों से जुड़ी हुई है,जिसमें युद्ध,शांति,कूटनीति और प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे नोबेल पीस प्राइज भी शामिल हैं।ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका फर्स्ट नीति ने वैश्विक राजनीति में एक नई आक्रामकता और अनिश्चितता को जन्म दिया। टैरिफ युद्ध, आर्थिक प्रतिबंध, और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर दबाव ये सभी संकेत देते हैं कि अमेरिका अब केवल नेतृत्व नहीं, बल्कि नियंत्रण कीभूमिका में आना चाहता है। यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा युक्रेन को समर्थन देना, फिर रूस के साथ रणनीतिक संतुलन बनाना, यह दर्शाता है कि नीतियां अब स्थायी नहीं बल्कि परिस्थितिजन्य हो चुकी हैं।यह टैलेंट नहीं बल्कि ताकत का उपयोग अधिक प्रतीत होता है।मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव विशेषकर ईरान , इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में दुनियाँ को एक नए ऊर्जा संकट की ओर धकेल रहे हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि स्ट्रैट ऑफ होर्मूज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों परनियंत्रण की राजनीति यह दर्शाती है कि ऊर्जा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि सामरिक हथियार बन चुकी है। ट्रंप द्वारा स्ट्रेट ऑफ ट्रंप कह देना भले ही एक मजाकिया भूल हो,लेकिन यह उनके आत्मविश्वास और शक्ति-केंद्रित मानसिकता को उजागर करता है।नोबेल कमिटी द्वारा दिया जाने वाला नोबेल शांति पुरस्कार हमेशा से वैश्विक शांति और मानवता के लिए योगदान का प्रतीक रहा है। लेकिन जब कोई शक्तिशाली नेता यह कहता है कि अगर मुझे यह पुरस्कार नहीं मिला तो किसी को नहीं मिलना चाहिए,तो यह पुरस्कार की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति नें फ्लोरिडा के मियामी शहर में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान दिए गए भाषण में ट्रंप ने ईरान को लेकर तीखी टिप्पणी की और साथ ही नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर भी नाराजगी जाहिर की।अपने संबोधन में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए गिड़गिड़ा रहा है और उसे जल्द ही एक डील करनी चाहिए। इसी दौरान उन्होंने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को गलती से स्ट्रेट ऑफ ट्रंप कह दिया। हालांकि तुरंत ही बात सुधारते हुए इसे होर्मुज बताया और मजाकिया अंदाज में कहा कि यह एक भयानक गलती थी,ट्रंप का यह बयान ताकत का टैलेंट का स्पष्ट उदाहरण है, जहां शक्ति के आधार पर सम्मान प्राप्त करने की इच्छा दिखाई देती है। 2025 में मारिया कोरिना मचाड़ो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना यह दर्शाता है कि टैलेंट का अर्थ केवल शक्ति या प्रभाव नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खड़ा होना है। वेनेजुएला जैसे देश में विपक्ष की आवाज बनना और शांति के लिए संघर्ष करना एक सच्चे टैलेंट का उदाहरण है, जो बिना किसी सैन्य या आर्थिक शक्ति के भी वैश्विक पहचान प्राप्त कर सकता है।



साथियों बात अगर हम टैलेंट बनाम ताकत मूलभूत अंतर को समझने की करें तो टैलेंट एक व्यक्तिगत गुण है यह ज्ञान, अनुभव,संवेदनशीलता और नैतिकता का मिश्रण है। इसके विपरीत ताकत बाहरी होती है, सैन्य, आर्थिक या राजनीतिक। जब टैलेंट के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं, तो वे दीर्घकालिक और संतुलित होते हैं। लेकिन जब ताकत के आधार पर निर्णय होते हैं, तो वे तात्कालिक और अस्थिर होते हैं। आज की वैश्विक राजनीति में यही संघर्ष स्पष्ट तथा सटीक रूप से दिखाई देता है।

साथियों बात अगर हम शांति का दावा बनाम युद्ध की वास्तविकता को समझने की करें तो,ट्रंप द्वारा खुद को पीसमेकर बताना और आठ युद्धों को रोकने का दावा करना,जबकि मध्य पूर्व में लगातार हिंसा बढ़ रही है, यह एक गंभीर विरोधाभास है। हजारों लोगों की मौत,सैनिकों की हानि और क्षेत्रीय अस्थिरता यह संकेत देती है कि शांति केवल भाषणों में है,जमीन पर नहीं। यह ताकत का टैलेंट है,जहां शब्दों से छवि बनाई जाती है, लेकिन वास्तविकता अलग होती है।क्यूबा, ईरान और वैश्विक नियंत्रण की रणनीति को पूरी दुनियाँ देख रही है,ट्रंप द्वारा क्यूब को अगला निशाना बताना और ईरान पर दबाव बनाना यह दर्शाता है कि अमेरिका की रणनीति केवल रक्षा नहीं, बल्कि विस्तार और नियंत्रण की है। ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जैसे दावे और सैन्य कार्रवाइयां यह संकेत देती हैं कि वैश्विक राजनीति में अब संवाद की जगह शक्ति ने सटीक रूप से ले ली है।

साथियों बात अगर हम दोहरे मानदंड और बदलती कूटनीति को समझने की करें तो,ट्रंप की नीतियों में एक स्पष्ट विरोधा भास दिखाई देता है,कभी रूस के खिलाफ, कभी उसके साथ;कभी यूक्रेन के समर्थन में, तो कभी उस पर दबाव। इसी तरह वेने?एला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ कूटनीतिक मेलजोल, और इंडिया पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव ये सभी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वैश्विक राजनीति अब सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि हितों पर आधारित है।

साथियों बात अगर हम जनता का असंतोष- लोकतंत्र बनाम नेतृत्व का अहंकार को समझने की करें तो अमेरिका में लाखों लोगों का सड़कों पर उतरना यह संकेत देता है कि लोकतंत्र में जनता की भूमिका अब भी महत्वपूर्ण है। लगभग 90 लाख लोगों का विरोध प्रदर्शन केवल नीतियों के खिलाफ नहीं, बल्कि नेतृत्व शैली के खिलाफ भी था। जब जनता अपने ही नेता की विदेश नीति और आक्रामक रवैये से असहमत होती है, तो यह फ्रताकतफ्र की सीमाओं को उजागर करता है। लोकतंत्र में टैलेंट का अर्थ केवल निर्णय लेने की क्षमता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को बनाए रखना भी है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक संदेश और भविष्य की दिशा को समझने की करें तो,आज की दुनियाँ के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि शक्ति का उपयोग सीमित और जिम्मेदार होना चाहिए। यदि ताकत का टैलेंट हावी हो गया, तो वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी।लेकिन यदि टैलेंट की ताकत को प्राथमिकता दी गई, तो शांति, सहयोग और विकास संभव है। नोबेल शांति पुरस्कार जैसे सम्मान इस दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें राजनीति से दूर रखा जाए।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संतुलन ही समाधान है,यह स्पष्ट है कि न तो केवल टैलेंट पर्याप्त है और न ही केवल ताकत। एक सफल और प्रभावी वैश्विक नेतृत्व के लिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। लेकिन जब ताकत टैलेंट पर हावी हो जाती है, तो वह दादागिरी बन जाती है। ट्रंप का दौर इसी द्वंद्व का प्रतीक है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर करता है कि भविष्य किस दिशा में जाएगा टैलेंट की ताकत या ताकत का टैलेंट। मेरे द्वारा लिखित यह वैचारिक लेख केवल एक विश्लेषण नहीं,बल्कि एक चेतावनी भी है कि यदि वैश्विक राजनीति में संतुलन नहीं बना, तो आने वाले समय में संघर्ष और अस्थिरता और अधिक बढ़ सकती है।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

# पांच राज्यों के चुनाव में कानून व्यवस्था सबसे बड़ी कसौटी, आरोप-प्रत्यारोप के बीच लोकतंत्र की परीक्षा

**- कांतिलाल मांडोत**

देश के पांच महत्वपूर्ण राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक तापमान को चरम पर पहुंचा दिया है। पश्चिम बंगाल असम तमिलनाडु केरल और पुडुचेरी में चुनावी गतिविधियां तेज हैं, लेकिन इस बार सबसे अधिक चर्चा कानून व्यवस्था को लेकर हो रही है। राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो पाएंगे या नहीं।

सबसे अधिक विवाद और तनाव पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि राज्य में प्रशासनिक तंत्र निष्पक्ष नहीं है और मतदाताओं को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। इन आरोपों के बाद मामला भारत निर्वाचन आयोग तक पहुंच चुका है। यह स्थिति कानून व्यवस्था



की दृष्टि से चिंताजनक मानी जा रही है क्योंकि जब सत्तारूढ़ दल पर ही इस प्रकार के आरोप लगते हैं तो चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

दूसरी ओर ममता बनर्जी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए विपक्ष पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। राज्य में पहले भी चुनावों के दौरान हिंसा और तनाव की घटनाएं सामने आती रही हैं। इस बार भी पूरक मतदाता सूची को लेकर असमंजस और लाखों नामों पर विचाराधीन स्थिति ने प्रशासनिक चुनौती को और बढ़ा दिया है। स्पष्ट है कि बंगाल में कानून व्यवस्था चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है और इसे संभालना प्रशासन के लिए बड़ी परीक्षा है।

पूर्वोत्तर के राज्य असम में भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं कही जा सकती। यहां कांग्रेस और एआईयूडीएफ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की घटना सामने आई है, जिसने चुनावी माहौल में तनाव का संकेत दिया है। यह घटना दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कभी-कभी टकराव का रूप ले लेती है। हालांकि राज्य में सत्तारूढ़ पक्ष लगातार यह दावा कर रहा है कि कानून व्यवस्था पहले की तुलना में बेहतर हुई है, लेकिन इस तरह की घटनाएं चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करती हैं।

तमिलनाडु में स्थिति अपेक्षाकृत शांत दिखती है, लेकिन यहां भी राजनीतिक गतिविधियां काफी तेज हैं। नामांकन, रैलियां और जनसंपर्क कार्यक्रमों के बीच प्रशासन के सामने चुनौती यह है कि कहीं भी अव्यवस्था या टकराव की स्थिति न बने। विभिन्न दलों के नेताओं के बीच बयानबाजी जरूर तेज है, परंतु अभी तक बड़े स्तर पर हिंसक घटनाओं की खबर नहीं है। यह राज्य परंपरागत रूप से अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण चुनावों के लिए जाना जाता है, लेकिन सतर्कता यहां भी जरूरी है क्योंकि चुनावी प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

दक्षिण भारत के ही केरल में चुनावी प्रक्रिया एक अलग ही स्वरूप में नजर आती है। यहां राजनीतिक चेतना उच्च स्तर की मानी जाती है और मतदाता सक्रिय रूप से भागीदारी करते हैं। इस बार भी बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है, जो लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालांकि यहां प्रत्यक्ष हिंसा की घटनाएं कम देखने को मिलती हैं, फिर भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और वैचारिक टकराव लगातार जारी रहता है। कानून व्यवस्था की दृष्टि से राज्य अपेक्षाकृत संतुलित नजर आता है, लेकिन प्रशासन को पूरी सतर्कता बनाए रखनी होती है।

पुडुचेरी में चुनावी गतिविधियां सीमित दायरे में होती हैं, लेकिन यहां भी राजनीतिक समीकरण काफी जटिल होते हैं। छोटे क्षेत्रफल के बावजूद यहां गठबंधन राजनीति का प्रभाव अधिक है। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी पड़ती है, क्योंकि छोटी घटनाएं भी बड़े विवाद का रूप ले सकती हैं। हालांकि अब तक यहां से किसी बड़ी हिंसक घटना की सूचना नहीं है, लेकिन चुनावी माहौल को देखते हुए सावधानी आवश्यक है।

इन पांचों राज्यों की स्थिति का समग्र विश्लेषण यह बताता है कि जहां एक ओर लोकतंत्र का उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आई है। चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं होते, बल्कि यह जनता के विश्वास और प्रशासन की निष्पक्षता की भी परीक्षा होते हैं। यदि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान नहीं कर पाएंगे तो चुनाव का मूल उद्देश्य ही कमजोर पड़ जाएगा।

राजनीतिक दलों को भी यह समझना होगा कि आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। प्रशासन और भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका इस समय सबसे अहम हो जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

अंतत: यह कहा जा सकता है कि इन चुनावों में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा है। कानून व्यवस्था की स्थिति ही तय करेगी कि यह चुनाव लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बनेंगे या फिर अव्यवस्था की मिसाल। देश की नजरें इन पांच राज्यों पर टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होंगे, जिससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी।

# युद्ध के दौर में भगवान राम का शान्ति का संदेश

विश्व में युद्ध चल रहा है वहीँ दूसरी ओर भारत में शान्ति और सौहार्द का माहौल है ऐ राम के जीवन से प्रेरणा के लिए भारतीय सनातन को एक कड्डु सतमार्ग की ओर ले जाता है सचमुच भगवान राम का जीवन कष्टों और चुनौती से भरा था और शांत रहकर मर्यादा का पालन कर संपूर्ण विश्व में मानवता का संदेश दिया और मर्यादा के लिए अच्छे राजतन्त्र की भी स्थापना की विश्वामित्र ने राम की संवेदनशीलता की परीक्षा लेनी चाही—विशेष रूप से रामायण के बारह मोतियों (महत्वपूर्ण प्रसंगों) से जुड़े उस नाजुक मामले के संबंध में—एक ऐसी परीक्षा जिसमें राम विजयी होकर उभरे, जिससे विश्वामित्र ने अपने प्रारंभिक अनुमान को एक निश्चित निष्कर्ष में बदल दिया। यही संवेदनशील राम—जब वे केवल एक स्वतंत्र व्यक्ति, एक शिष्य और एक राजकुमार थे, जिन पर राजपद का कोई राजनीतिक दबाव नहीं था—तब उन्होंने अहल्या के प्रति अपनी करुणा को मुक्त भाव से व्यक्त किया था। हालाँकि, राजसिंहासन पर आरूढ़ होने के बाद, उन्हें राजधर्म (राजा के कर्तव्यों की संहिता) की मर्यादाओं का पालन करते हुए अपनी व्यक्तिगत भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए विवश होना पड़ा। उनके सामने यह चुनाव था कि वे किसे प्राथमिकता दें- पतिधर्म (एक पति का कर्तव्य) को या राजधर्म को। व्यक्ति तो केवल एक बूंद ( बिंदु ) मात्र है, जबकि राज्य—जिसमें प्रजा समाहित है—एक विशाल सागर ( सिंधु ) है। सागर की तुलना में, बूंद गौण है—वास्तव में, नगण्य है; अत:, उन्हें उस मार्ग को चुनने के लिए विवश होना पड़ा जो वास्तव में एक राजा की करुणा को परिभाषित करता है- क्या यह करुणा उसके व्यक्तिगत संबंधों की ओर निर्देशित होनी चाहिए, या उसकी प्रजा की ओर? परिणामस्वरूप, उन्होंने राजधर्म की पवित्रता को अपनी व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर रखा और अपने राजपद के कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। एक सच्चे राजा का कर्तव्य कभी भी व्यक्तिगत सुख को प्राथमिकता नहीं देता; बल्कि, राष्ट्र और उसकी प्रजा का कल्याण, सुख, सुरक्षा और सामूहिक संतोष ही सर्वोपरि होता है—जो किसी भी एक व्यक्ति के प्रेम से कहीं अधिक ऊँचा स्थान रखता है। जब राम असंख्य विचारों, चिंतन-मनन और आंतरिक द्वंद्वों से जूझ रहे थे, तब अंतत: यह निर्णय लेते समय—एक ऐसा निर्णय जिसमें उनके अपने व्यक्तिगत सुख का परित्याग निहित था—उनकी प्रजा के प्रति कितना असीम स्नेह और उत्तरदायित्व का भाव उनके हृदय में उमड़ रहा होगा! राजा की अपनी प्रजा के प्रति इसी अटूट निष्ठा ने, समय के साथ, रामराज्य की उपाधि को जन्म दिया। जब वे एक पुत्र के रूप में या एक स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में कार्य करते हैं, तो करुणा को प्राथमिकता देते हैं; परंतु, जब वे एक राजा के रूप में कार्य करते हैं, तो मर्यादा (धर्मसम्मत आचार-संहिता) का पालन सर्वोपरि हो जाता है। जो वे अहिल्या के लिए कर पाए, वह सीता के लिए नहीं कर सके। उन्होंने अहिल्या के पाषाण-रूप में प्राण फूँक दिए, फिर भी अपने यज्ञ-अनुष्ठानों के दौरान जीवित, अश्वमेघ यज्ञ में साँस लेती हुई सीता को मात्र एक निर्जीव प्रतिमा में बदल दिया—हालाँकि, उनके हृदय में सीता के सिवा किसी और का वास न था। लोग अक्सर सती के प्रति भगवान शंकर के असाधारण प्रेम की चर्चा करते हैं। परंतु राम की स्वतंत्रता की तुलना शंकर की स्वतंत्रता से कैसे की जा सकती है? राम मर्यादा की सीमाओं में बँधे हैं; यदि वे सचमुच स्वतंत्र होते, तो शायद वे भी सब कुछ नष्ट कर देते—ठीक वैसे ही जैसे शंकर ने दक्ष यज्ञ के दौरान किया था। फिर भी, राम अपनी प्रजा के रक्षक और पालक हैं; ऐसे में, वे किस पर ऐसा विनाश ढाते? यही एक स्वतंत्र, साधारण नागरिक और राजपद के गंभीर दायित्वों से बँधे व्यक्ति के बीच का मूल अंतर है। जब कोई पद के बोझ से मुक्त होता है, तो निर्णय लेने में कितना आत्मनिर्भर होता है; परंतु, एक बार सिंहासन पर आसीन होने के बाद, वह कितना निस्सहाय हो जाता है! इतना निस्सहाय, कि वह अपने स्वयं के कष्टों को भी वाणी नहीं दे पाता, इस भय से कि कहीं उसकी छवि एक कमज़ोर या दुर्बल राजा के रूप में न उभर आए। वनवासी राम विरह की पीड़ा में फूट-फूटकर रो सकते थे; परंतु राजा राम ऐसा नहीं कर सकते थे। वे निरंतर अग्नि-परीक्षा से गुज़रते रहते हैं, फिर भी अपने भाग्य को बदलने में असमर्थ रहते हैं। राम जैसा स्नेहिल व्यक्ति—जो लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने पर फूट-फूटकर रोया था—अपने नवजात पुत्रों की एक झलक से भी वंचित रह जाए, या उनके बड़े होने का सुख न भोग पाए, यह इतनी बड़ी त्रासदी है कि उनके कष्टों का वर्णन शब्दों में करना असंभव है। उस असीम पितृ-स्नेह का अनुभव करने का सौभाग्य—जिसकी मिसाल दशरथ थे—राम के भाग्य में लिखा ही न था। जहाँ तुलसीदास जी लिख सके- रामचंद्र जी बड़े ही मनमोहक ढंग से ठुमक-ठुमक कर चलते हैं, और उनके पैरों की पायल छन-छन करती है...—वहीं राम के लिए, वास्तविकता बिल्कुल अलग थी- सुनो, वैदेही! मेरी रातें तुम्हारी रातों से कहीं ज़्यादा अकेली हैं। जहाँ तुम्हारी बाहें लव और कुश को गले लगाती हैं, वहीं मेरी बाहें खाली रह जाती हैं। तो फिर, अब हमें इस अवधारणा की तुलनात्मक दृष्टि से—विशेष रूप से राजा दशरथ और राजा राम के नज़रिए से—जाँच क्यों नहीं करनी चाहिए? जिन बिंदुओं पर हम चर्चा करेंगे, वे हैं- पुत्र धर्म (एक पुत्र का कर्तव्य) और राज धर्म (एक राजा का कर्तव्य)। यदि हम इन दोनों बिंदुओं पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि राम के इर्द-गिर्द उठने वाले सबसे बड़े प्रश्नचिह्न उनके राज धर्म के पालन से ही जुड़े हैं—विशेष रूप से सीता के परित्याग के संबंध में। वास्तव में, अपने पूरे जीवनकाल में, यह कार्य राज धर्म का पालन करने का दायित्व निश्चित रूप से उनके जीवन का सबसे कठिन दौर रहा होगा! आखिर वे कौन सी परिस्थितियाँ थीं जब राजा दशरथ ने राम को वनवास भेजने का आदेश दिया था? राम के राज्याभिषेक की तैयारियाँ ज़ोरों पर थीं, तभी कैकेयी—दशरथ की प्रिय रानी—ने अपने उन दो वरों (वरदानों) की याद दिलाई जो उन्हें पहले दिए गए थे, और माँग की कि राम को चौदह वर्षों के लिए वनवास भेजा जाए। आखिर ठीक चौदह वर्ष ही क्यों? वह तो आजीवन वनवास की माँग भी आसानी से कर सकती थीं; क्योंकि, उस युग के संवैधानिक नियमों के अनुसार, यदि कोई घोषित युवराज बारह वर्षों से अधिक समय तक राज्य से बाहर रहता—अर्थात, प्रशासनिक कर्तव्यों से विहीन और राज्य-संबंधी किसी भी दायित्व से मुक्त जीवन जीता—तो वह शासन करने की अपनी पात्रता खो देता और इस प्रकार सिंहासन पर बैठने के अपने स्वाभाविक अधिकार से वंचित हो जाता। इन परिस्थितियों के आलोक में, राम के आचरण की सदैव प्रशंसा की गई है, जबकि राजा दशरथ की अपने वचन के प्रति अडिग निष्ठा की सराहना की गई है। तथापि, हमने राम के साथ हुए अन्याय, रानी कैकेयी द्वारा राजा दशरथ का भावनात्मक दोहन, राज्य पर अधिकार जमाना, अथवा प्रजा के साथ हुए अन्याय की कभी भी कड़ी आलोचना नहीं की है। वास्तव में, राजा दशरथ राज धर्म (एक धर्मात्मा शासक का कर्तव्य) का पालन नहीं कर रहे थे; बल्कि, अपनी प्रिय रानी को दिए गए वचन का मान रखने के अपने संकल्प में, उन्होंने न केवल राज धर्म की अवहेलना की, अपितु अपने ज्येष्ठ और अत्यंत योग्य पुत्र के साथ घोर अन्याय भी किया। इस वचन की पूर्ति में स्वयं राम ने ही मुख्य भूमिका निभाई—वस्तुत:, केवल राम के कारण ही वह वचन निभाया जा सका—जिससे गोस्वामी तुलसीदास यह लिखने में समर्थ हुए- फ्र रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई।फ्रयह दोहा आज भी रघुकुलवंशियों के अपने वचन के प्रति अडिग निष्ठा का जीवंत उदाहरण बना हुआ है। यह अनुचित कृत्य—अथवा अन्याय—मूलत: एक स्त्री द्वारा एक पुरुष के विरुद्ध, और एक पुरुष द्वारा दूसरे पुरुष के विरुद्ध किए गए कृत्य का ही एक उदाहरण था; परिणामस्वरूप, आधुनिक सभ्यता के संदर्भ में, इसे सामान्यत: एक साधारण घटना के रूप में स्वीकार कर लिया गया है, और यहाँ तक कि इसे एक आदर्श के रूप में भी स्थापित कर दिया गया है।

दूसरी ओर, एक दूसरी, कहीं अधिक जटिल स्थिति भी मौजूद है- जब राम ने सिंहासन संभाला, तो केवल अपनी प्रजा की असंतुष्टि (न कि अपनी प्रिय रानी की) से प्रेरित होकर, उन्होंने राजधर्म का पालन करने के लिए अपनी अत्यंत प्रिय पत्नी को वनवास भेज दिया—इस प्रकार उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि राज्य या उसकी प्रजा के साथ कोई अन्याय न हो। फिर भी आज, वे आलोचना का पात्र बने हुए हैं, ठीक इसी कारण से कि इस घटना को एक पुरुष द्वारा एक स्त्री के साथ किए गए अन्याय के उदाहरण के रूप में देखा जाता है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि, उस युग की सामाजिक संरचना के भीतर, लिंग-आधारित भेदभाव शायद उस रूप या तीव्रता में मौजूद नहीं था जैसा कि हमें बाद के इतिहास के चश्मे से देखने पर प्रतीत होता है। सबसे बढ़कर, शाही पद पर नियुक्त कोई भी व्यक्ति वह पद—और उसकी योग्यता—तभी प्राप्त करता था, जब उसने अपनी क्षमताओं को निर्णायक रूप से सिद्ध कर दिया हो और उसे हर गुण से संपन्न पाया गया हो; परिणामस्वरूप, सबसे कठिन कार्य अपने नैतिक सीमाओं का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए राजधर्म के सिद्धांतों का लगन से निर्वहन करना है। राजा होने के बावजूद, अंतिम लाभार्थी—चाहे व्यक्तिगत रूप से हो या अपने परिवार के माध्यम से—स्वयं वही होता है। यदि कोई इसे इस नज़र से देखे—और हम आज भी ऐसे व्यवहार की निंदा भाई-भतीजावाद या पक्षपात के रूप में करते हैं—तो ऐसे व्यक्ति में निश्चित रूप से किसी राज्य या उसकी प्रजा के संरक्षक के रूप में सेवा करने की योग्यता का अभाव है। अब, आइए सीता के अपने मूल्यों और विचारों की ओर मुड़ें। हर कोई जानता है कि राजा जनक—विदेह के राजा—किस प्रकार के शासक थे।

**-संजय गोस्वामी**

## इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** खाद्य तेलों में बनी तेजी से बुधवार को तिलहनों में बाजार चमक गये। दलहनी जिंसों में व्यापार सामान्य रहा। चना 5600-5650 रू. क्विंटल पर बना रहा। किराना जिंसों में सौंफ व जीरे में मजबूती देखी गयी। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में आयी जोरदार तेजी के बाद तिलहनों में जोरदार तेजी की स्थिति है। तिलहनों में सरसो अच्छे मालों में 7600-7700 और सोयाबीन 5600 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। दलहनों में व्यापार अच्छा रहा। चना बढ़िया मालों में 5600-5650 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत नज़र आया। उड़द व मूंग में भी सुर्खी रही। उधर, किराना जिंसों में घरेलू उपभोक्ता माँग से सौंफ व जीरे में बाजार मजबूत नज़र आये। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4125-4180, खोपरा गोला 340-400, खोपरा बूरा 3200-6800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 270-280, ऊंझा हल्का 250-260, बेस्ट 280-300, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 5500-5600, मीडियम 5600-5700, बेस्ट 5800-5900, सच्चा मोती 5700, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 120-150, बेस्ट 250-380, सौंफ बारिक 220-380, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 725-730, मीनी मटरदाना 760-780, मटरदाना 790-800, खसखस अनक्लीन 800-950, क्लीन 1050-1400, दालचीनी 245-260, जायफल 815-880, वाद्यान फूल 405-600, शाहजीरा 350-400, तेजपान 90-100, पत्थर फूल 235-425, जावत्री 2050-2100, केसर 200-250, नाग केसर 925-975, सौंठ 325-500, धोली मूसली 1400-1600, लौंग 700-720, बेस्ट 760-790, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, सिंघाडा छोटा 100-120, बड़ा 120-130, सिंदूर (25 कि.ग्रा. पैकिंग) 7300, देशी कपूर 850-860, बेस्ट 875-900, पूजा बादाम 115-125, बेस्ट 220-230, पूजा सुपारी 425-450, अरीठा 180-200, हरी इलायची एवरेज 1675-1775, बेस्ट 1925-2350, पानबार 1550-1600, बड़ी इलायची 1800-2100, तरबूज मगज 490-625, काजू (240) 920-950, काजू (320) 830-860, काजू डब्ल्यू (300) 790-810, काजू जे.एच. 820-840, टुकड़ी 760-800, बादाम मगज 760-800, अमेरिकन 825-950, बादाम टांच 700-725, अखरोट 590-850, अखरोट गिरी 1250-1550, जर्दालु 375-500, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 450-600, इंडियन 400-450, चारौली 1450-1750, मुनक्का 850-1000, बेस्ट 1150-1350, अंजीर 851-1075, मखाना 850-1200, बेस्ट 1350-1400, खारक एवरेज 75-80, मीडि?यम 90-130, बेस्ट 140-260, पिस्ता पिशोरी 2900-3100, कंधारी 2500-2700, नमकीन पिस्ता 1000-1150, बेस्ट 1200-1250, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2800-2850, (160) 2800-2900, (200) 2500-2600, (250) 2500-2600

**तेल**- सींगदाना 1770-1790, मुम्बई 1790, राजकोट तेलिया 2800, सोया साल्वेंट 1500-1510, सोया रिफाइंड 1570-1580, कपास्या 1500, धूलिया 1490-1500, कड़ी 1490-1500,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1750-1760, मुम्बई पाम 1490, मुम्बई सोया 1590,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2275, देवास-उज्जैन 2275, खंडवा-बुरहानपुर 2250, अकोला 3525 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 7600-7700, रायडा 6300-6400, सोयाबीन 5600, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5600-5650, एवरेज 5500-5550, विशाल 5500-5550, महाराष्ट्र विशाल 5550-5600, काबूली चना डॉलर 7600-8700, काबूली चना रशियन 5400-5700, बिटकी 5000-5300, मसूर बेस्ट 6000-6100, एवरेज 5600-5700, मूंग गर्मी बेस्ट 7700-8000, मूंग बोल्ड 8200-8400, एवरेज 6500-6700, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7500-7700, एवरेज 7300-7400, हल्की 7000-7200, महाराष्ट्र सफेद 7600-7800, महाराष्ट्र लाल 8000-8200, कर्नाटक 8100-8400, उड़द बेस्ट 8500-9000, एवरेज 7000-8000, हल्की 4000-6000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7000-7200, मीडियम 7300-7400, बोल्ड 7600-7800, तुअर दाल सवा नं. 8200-8400, तुअर दाल फूल 9400-10000, तुअर दाल बोल्ड 10600-11700, मसूर दाल एवरेज 7900-8000, बेस्ट 8000-8100, मूंग दाल 9500-9700, बोल्ड 9900-10500, मूंग मोगर 10500-10700, बोल्ड 10900-11100, उड़द दाल 9800-10000, बोल्ड 10400-10500, मोगर 10600-10800, बोल्ड 11000-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2250-2300, लोकवन एवरेज 2450-2550, बेस्ट 2800-3100, मालवराज 2300-2560, गेहूँ पूर्णा एवरेज 2400-2550, बेस्ट 2650-2750, मक्का पीली 1600-1850, बेस्ट 1850-1900,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3200, सेला 3500-3700, परमल 3300-3500, दुबराज 4500-5600, राजभोग 7500, काली मुंछ डिनर किंग 9000, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 300, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

## इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य रहा। इरान-इजराइल युद्ध पर सकारात्मक बातचीत के मध्य दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार बड़त पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 238000, चॉंदी (99) 237000, टंच 236000, सिक्का 2800, सोना 10 ग्राम 151500,

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई। एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 1.41 रुपये की बढ़त के साथ ही 93.44 पर बंद हुआ। बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 15 पैसे बढ़कर 94.70 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को थोड़ा समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला। हालांकि जल्द इसने थोड़ी बढ़त खो दी डॉलर के मुकाबले 94.70 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को कारोबार के दौरान पहली बार 95 के स्तर के पार चला गया था। हालांकि अंत में थोड़ा संभलता हुआ 94.85 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 1186, निफ्टी 348 अंक उछला

**मुम्बई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। वित्त वर्ष के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जारी संघर्ष के शीघ्र समाप्त होने के संकेतों से भी बाजार उछला है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में कमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1186.77 अंक ऊपर आकर 73,134.32 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 348 अंकों की बढ़त के साथ ही 22,679.40 के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले मार्च में दोनों प्रमुख इंडेक्स 11 फीसदी से ज्यादा गिरे थे। इससे निवेशकों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आज बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 13 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 425 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच गया।



इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1814.88 अंकों की बढ़त के साथ 73,762.43 पर खुला जबकि निफ्टी 567 अंकों की तेजी के साथ 22,899 के स्तर पर पहुंचा। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मजबूत खरीदारी देखने को मिली, जहां निफ्टी मिडकैप 100 में 3.30 फीसदी और स्मॉलकैप 100 में 3.61 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

# सरकार ने एसईजेड इकाइयों को घरेलू बाजार में रियायती शुल्क पर बिक्री की मंजूरी दी

**नई दिल्ली। एजेंसी।** सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की विनिर्माण इकाइयों के लिए एकमुश्त विशेष राहत योजना की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एसईजेड इकाइयों की उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना और उनके वित्तीय दबाव को कम करना है। यह छूट केवल उन्हीं इकाइयों को मिलेगी जिन्होंने 31 मार्च 2025 या उससे पहले उत्पादन शुरू किया हो। लाभ के लिए यह भी आवश्यक है कि वस्तुएं एसईजेड में निर्मित हों और उनमें कम से कम 20 प्रतिशत मूल्य संवर्धन हुआ हो। इकाइयों को यह प्रमाणित करना होगा कि ये सभी शर्तें पूरी हुई हैं। विनिर्माण इकाइयां अब अपने उत्पाद घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) में रियायती दरों पर बेच सकती हैं। इसके तहत मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर में 6.5 फीसदी से 12.5 फीसदी तक की छूट मिलेगी, जो उत्पाद के अनुसार भिन्न है। यह योजना फिलहाल 2026-27 के लिए है, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार इसे बढ़ाया जा सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, कई एसईजेड इकाइयों के पास अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, और यह कदम उन्हें घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ाने में मदद करेगा। इससे न केवल आयात में कमी आएगी, बल्कि एसईजेड की इकाइयों की वित्तीय स्थिति और उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग भी संभव होगा।

# भारतीय रेलवे तैयार कर रहा है कन्फर्म टिकट कैंसिलेशन में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारतीय रेलवे कन्फर्म टिकट कैंसिलेशन नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। आधिकारिक घोषणा की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसे जल्द ही सार्वजनिक किया जा सकता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में इस दिशा में संकेत दिए थे। नई नीति का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को समय पर अपने टिकट रद्द करने के लिए प्रेरित करना और आखिरी समय पर कैंसिलेशन से होने वाले नुकसान को कम करना है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार रिफंड राशि यात्रा शुरू होने से पहले कितने घंटे में टिकट कैंसिल किया गया, इस पर निर्भर करेगी-



*** 72 घंटे से पहले कैंसिलेशन- अधिकतम रिफंड मिलेगा, केवल न्यूनतम फ्लैट शुल्क कटेगा।**

*** 24 से 72 घंटे पहले- कुल किराए का 25 प्रतिशत काटा जाएगा।**

*** 8 से 24 घंटे पहले- केवल 50 प्रतिशत राशि वापस मिलेगी।**

*** 8 घंटे से कम समय में- कोई रिफंड नहीं मिलेगा।**

नई व्यवस्था का सबसे अधिक असर उन यात्रियों पर पड़ेगा जिनकी यात्रा योजनाएं अक्सर बदलती रहती हैं। इसमें व्यवसायी यात्री, तत्काल टिकट लेने वाले और ऐसे परिवार शामिल हैं जिनकी प्लानिंग अचानक बदल जाती है। ऐसे यात्रियों को अब समय पर कैंसिलेशन का निर्णय लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें अधिक शुल्क देना पड़ेगा। रेलवे का लक्ष्य है कि यात्रियों को समय पर निर्णय लेने की आदत विकसित हो और आखिरी समय पर टिकट कैंसिल करने पर अधिक वित्तीय नुकसान को रोका जा सके। इससे रेलवे का रिफंड प्रबंधन भी सरल होगा और टिकट की।




**मेष**- आज का दिन आपको भागदौड़ और जिम्मेदारियों के बीच उलझा सकता है, लेकिन यही व्यस्तता आपको आगे बढ़ाने का रास्ता भी दिखाएगी। मन करेगा कि कुछ बड़ा और अलग किया जाए, पर ध्यान रखें आज जोखिम भरे कामों से दूरी ही समझदारी है। परिवार में खासकर भाई के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए समय रहते जांच करवाना बेहतर रहेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपको एक नई खुशी का एहसास करा सकता है, खासकर अगर आप प्रॉपर्टी खरीदने का सपना देख रहे हैं तो वह पूरा होने के संकेत हैं। दिल के मामलों में भी हलचल हो सकती है। सिंगल लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात दिल की धड़कन बढ़ा सकती है। लेकिन मन में चल रही उलझनों को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा, क्योंकि अधूरी सोच के साथ आगे बढ़ना नुकसान दे सकता है।

**मिथुन**- आज का दिन आपको छोटे-छोटे फायदों के जरिए बड़ी संतुष्टि देने वाला है। भाग्य आपके साथ खड़ा नजर आएगा, लेकिन आपको भी अपने प्रयासों में कमी नहीं रखनी है। अगर आप किसी से मदद मांगते हैं, तो वह आसानी से मिल जाएगी। बस झिझक छोड़नी होगी। दिल में दूसरों की मदद करने का भाव जागेगा और यही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए जीत और संतोष लेकर आ सकता है, खासकर अगर कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें सफलता मिलने के योग हैं। दिल की कोई पुरानी इच्छा आज पूरी हो सकती है, जिससे मन में खुशी की लहर दौड़ जाएगी। परिवार में किसी के विवाह की बात पक्की होने से माहौल उत्सव जैसा हो सकता है।

**सिंह**- आज का दिन आपको थोड़ा संभलकर चलने का इशारा दे रहा है, खासकर जब बात पैसों की हो। खर्च और आमदनी के बीच संतुलन बनाना जरूरी होगा। सेहत में उतार-चढ़ाव मन को भी प्रभावित कर सकता है, इसलिए खुद का ध्यान रखना जरूरी है। किसी भी काम में लापरवाही आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है, इसलिए सतर्क रहें। परिवार में किसी की शादी में आ रही रुकावट दूर हो सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपको कुछ खास कर दिखाने का मौका दे रहा है, जैसे किस्मत खुद आपको आगे बढ़ाने के लिए रास्ते खोल रही हो। तरक्की के नए दरवाजे खुलेंगे और विद्यार्थी भी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। घर में सुख-सुविधाओं की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है, जिससे माहौल आरामदायक बनेगा।

**तुला**- आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। चारों ओर सकारात्मकता का माहौल रहेगा और जो लोग कभी आपके विरोधी थे, वे भी आज आपके करीब आ सकते हैं। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खुशखबरी माहौल को और भी खुशनुमा बना देगी। रिश्तेदारों का पूरा सहयोग मिलेगा और किसी करीबी दोस्त की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। नया वाहन लेने का विचार भी आज जन्म ले सकता है।

**वृश्चिक**- आज का दिन कामकाज के लिहाज से शानदार रहने वाला है। नौकरी करने वालों को अपने काम में संतुष्टि मिलेगी और दिन अच्छा बीतेगा। कहीं घूमने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक होगी। विदेश से जुड़े व्यापार में थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। माता जी आपको कोई जिम्मेदारी सौंप सकती हैं, जिसे निभाने में आपको पूरी मेहनत लगानी होगी।

**धनु**- आज का दिन आपको अचानक मिलने वाले लाभ से चौंका सकता है। संपत्ति से जुड़ा कोई फायदा या पुराने निवेश से मिलने वाला रिटर्न आपके चेहरे पर खुशी ला सकता है। आप हर मौके को पकड़ने की कोशिश करेंगे, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी है। अपने कामों में बदलाव सोच-समझकर ही करें, क्योंकि यही आपकी सफलता का आधार बनेगा।

**मकर**- आज का दिन आपको धैर्य और संयम की असली ताकत सिखाएगा। छोटे बच्चों के साथ बिताया गया समय आपको सुकून और खुशी देगा। अगर पारिवारिक संपत्ति को लेकर कोई विवाद चल रहा था, तो उसमें समाधान निकल सकता है। नया काम शुरू करने का विचार आज आकार ले सकता है। प्रेम जीवन में थोड़ी खटास आ सकती है, इसलिए शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। बेवजह का गुस्सा आपके रिश्तों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए अपनी वाणी को मधुर बनाए रखना ही आज की सबसे बड़ी जीत होगी।

**कुंभ**- आज का दिन आर्थिक रूप से आपको मजबूती देने वाला है। आपके जीवन में कोई नई खुशखबरी दस्तक दे सकती है, खासकर अविवाहित लोगों के लिए। माता-पिता के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और मन में संतोष रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके भीतर बनी रहेगी, लेकिन दिखावे के चक्कर में पड़ना नुकसानदेह हो सकता है।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए सम्मान और सफलता का संदेश लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई उपलब्धि या पुरस्कार मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। बड़ों की सलाह आज आपके लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। अगर कोई शारीरिक समस्या परेशान कर रही है, तो उसे नजरअंदाज न करें और सही डॉक्टर से सलाह लें।

## शब्दजाल- 8216

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स्र | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | ख्रा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | ची | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | व |
| वै | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | बि | व | नी | प | ल | न | न |
| ने | ब | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | व | त | थ |

**शब्दजाल में 'दुनिया की प्राचीन 10 सभ्यताए' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं**

मिस्र, मेसोपोटामिया, सुमेरियन, असीरिया, यूनान, बेबीलोनिया, रोम, चीन, सिंधु घाटी, वैदिक

**शब्दजाल - 8215 का हल**

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 7160

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 7159**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | स | बॉ | स | | ह | मे | शा | | स |
| हू | | ड | | रॉ | की | | | खौ | फ |
| दी | दा | र | | | क | स | क | | र |
| | मि | | की | म | त | | री | ना | |
| सु | नी | ल | | र्या | | हि | ना | | कि |
| जा | | व | ही | दा | | म्म | | जि | स |
| ता | ल | | रे | | सौ | त | न | | त |
| | ल | म्हे | | सौ | दा | | ज | या | |
| शा | का | | जी | | ग | | र | | प्या |
| का | र | तू | स | | र | वी | ना | | सा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.32 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 08.12 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.10 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.40 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.52 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.17 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.33 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मकर | 01.38 बजे से |
| | | कुंभ | 03.25 बजे से |
| | | मीन | 04.57 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 92 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 07.42 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 17.39 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 14.20 बजे को समाप्त।
**करण** बव 07.42 बजे तदनन्तर बालव 20.09 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872667
**जूलियन दिन** 2461132.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 13
**विशेष** हनुमान जयंती, धरती पुजा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सच्चा दानवीर

एक बार अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से कहा, 'मैंने आज तक संसार में बड़े भ्राता युधिष्ठिर जितना दानवीर कोई दूसरा नहीं देखा।' श्रीकृष्ण बोले, 'पार्थ, यह तुम्हारा भ्रम है। इस दुनिया में कई दानवीर ऐसे हैं जो बिना सोचे-समझे मूल्यवान से मूल्यवान वस्तु का दान देने से नहीं हिचकते।' श्रीकृष्ण की इस बात पर अर्जुन ने आपत्ति की, 'भला कोई व्यक्ति स्वयं को नुकसान पहुंचा कर किसी को मूल्यवान से मूल्यवान वस्तु दान में क्यों देने लगा?' इस पर श्रीकृष्ण मुस्करा कर बोले, 'चिंता न करो पार्थ, तुम्हारा यह भ्रम कुछ समय बाद दूर हो जाएगा। ऐसा एक व्यक्ति तो मेरी ही नजर में है, जो कीमती से कीमती वस्तु का दान देने के लिए भी तनिक भी संकोच नहीं करता। समय आने पर तुम्हें स्वयं इस बात का पता चल जाएगा और तुम अपनी धारणा बदल दोगे।' काफी दिन बीत गए और अर्जुन इस प्रसंग को भूल गए। बरसात का मौसम आ गया, तब एक दिन श्रीकृष्ण और अर्जुन भिक्षुक का वेश बनाकर युधिष्ठिर के द्वार पर पहुंचे। युधिष्ठिर ने बड़े प्रेम से उनका स्वागत किया। वे भिक्षुक वेश में श्रीकृष्ण और अर्जुन को नहीं पहचान पाए।

कुछ देर बाद भिक्षुकों ने युधिष्ठिर से सूखे चंदन की लकड़ी मांगी। युधिष्ठिर ने उनकी मांग को पूरा करने का प्रयत्न किया किंतु कहीं पर भी चंदन की सूखी लकड़ी नहीं मिली। इस पर युधिष्ठिर ने असमर्थता जताते हुए कहा, 'वर्षाकाल में चंदन की सूखी लकड़ी मिलना असंभव है।' युधिष्ठिर से निराश होकर श्रीकृष्ण और अर्जुन दोनों कर्ण के द्वार पर पहुंचे और वही मांग दोहराई। कर्ण ने उन दोनों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और बोले, 'हे विप्र देव! आप बैठें, मैं कोई न कोई व्यवस्था करता हूं।' जब कर्ण को भी भरसक प्रयत्न करने पर चंदन की सूखी लकड़ी नहीं मिली तो उन्होंने बिना एक पल गंवाए अपने महल के कीमती चंदन के दरवाजे उतार कर दे दिए। अर्जुन कर्ण की दानवीरता देखकर दंग रह गए।

## सूडोकु नवताल- 7469

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7468 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8684

**बाएँ से दाएँ**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स, हाथ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित -4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2

**शब्द पहेली - 8683 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | त | र | त | | स | ला | म | त |
| रं | | त | ल | ब | गा | र | | मी |
| गी | ला | | | द | | | ह | ज |
| | ल | | क | न | क | | म | |
| ध | कि | या | ना | | या | या | ब | र |
| | ता | | त | म | स | | त | |
| ऐ | ब | | | ना | | | न | न |
| न | | ख | ल | ना | य | क | | क |
| क | र | त | ब | | म | ल | म | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शासकीय माध्यमिक शाला घोटी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । शासकीय माध्यमिक शाला घोटी में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर जी एवं भारतीय जनता पार्टी मण्डल लांजी के महामंत्री तुकाराम बारेकर जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां



सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद स्कूल के समस्त विद्यार्थियों का तिलक वंदन किया गया तथा उन्हें नवीन पाठ्यक्रम की किताबें वितरित की गईं। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ ने जनप्रतिनिधियों को स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया। स्टॉफ ने बताया कि पिछले दो वर्षों से स्कूल में एक शिक्षक और एक चपरासी की कमी बनी हुई है, जिसके कारण पढ़ाई और साफ-सफाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टॉफ ने छोटी सी अर्जी करते हुए समस्या के शीघ्र समाधान की अपील की। जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर जी ने आश्वासन दिया कि स्कूल की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर की बाउंड्री वॉल का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है और शेष समस्याएं भी शीघ्र सुलझा दी जाएंगी। कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक शाला घोटी के प्राचार्य दिलीप महोबिया, संजीव वासनिक, टी.सी. कौशल, टी.आर. गजभिए, इंदिरा करहि, सीमा शुक्ला, रुपलता खानोरकर, कमला खानोरकर, कमलेश मस्करे सहित समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## पाली अकादमिक संस्थान में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सी.बी.एस.ई. विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान बिसोनी में सत्र 2025-26 का कक्षावार वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही सत्र 2026-27 के लिए नवीन सत्र का 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र 2025-26 में निम्नलिखित छात्र / छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। संस्थान से कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान मानस भालाधरे 98 प्रतिशत, द्वितीय स्थान भारवी कचलाहे 97.05 प्रतिशत, तृतीय स्थान उर्वांश मोहुरले 96.86 प्रतिशत, कक्षा च्त्त 1‡ प्रथम स्थान वेद सोनबिरसे 99.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सार्वी उके 97.33 प्रतिशत, तृतीय



स्थान अजलान खान 96.66 प्रतिशत, कक्षा च्त्त 1+क्क प्रथम स्थान लिबा शेख 99.16 प्रतिशत, द्वितीय स्थान आरुष डोंगरे 98.00 प्रतिशत, तृतीय स्थान मिहिका गौतम 96.33 प्रतिशत, कक्षा च्त्त 2‡ प्रथम स्थान बोधिका भिमटे 98.66 प्रतिशत, द्वितीय स्थान ग्रीशा ऐडे 97.05 प्रतिशत, तृतीय स्थान दिकक्षांत बड़में 96.83 प्रतिशत, कक्षा च्त्त 2+क्क प्रथम स्थान कृतिका किरार 99.05 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खुशिका करहि 98 प्रतिशत, तृतीय स्थान अथर्व खोंगल 97.16 प्रतिशत, कक्षा पहली‡ प्रथम स्थान जिविका किरार 99 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सायशा बसेना 96.62 प्रतिशत, तृतीय स्थान मोहित कुचलाहे 96.05 प्रतिशत, कक्षा पहली+क्क प्रथम स्थान अनाया टेम्भरे 98 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विवांश लोखंडे 97.87 प्रतिशत, तृतीय स्थान नोमित जिवतोडे 97.75 प्रतिशत, कक्षा दूसरी प्रथम स्थान प्रतिष्ठा कांड्रा 99.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अलास्का वाशनिक 98.75 प्रतिशत, तृतीय स्थान शिवाय सोनवाने 97.03 प्रतिशत, कक्षा तीसरी प्रथम स्थान जिवया टेंभरे 96.75 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दिव्या बुडे 94.12 प्रतिशत, तृतीय स्थान रितिक कटरे 93.87 प्रतिशत, कक्षा तीसरी+क्क प्रथम स्थान मयोन गरुडे 91.37 प्रतिशत, द्वितीय स्थान काव्या बैठवार 91.12 प्रतिशत, तृतीय स्थान वेदार्ध चौरसिया 87.05 प्रतिशत, कक्षा चौथी‡ प्रथम स्थान हर्ष गुर्डे 96.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान धैर्य मेश्राम 92.75 प्रतिशत ,तृतीय स्थान अवनी रामटेके 92.12 प्रतिशत, कक्षा चौथी+क्क प्रथम स्थान मायरा फातिमा 91.05 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रियांशी चौधरी 91.12 प्रतिशत, तृतीय स्थान समर्थ रण्दिवे 90.37 प्रतिशत, कक्षा पाँचवी‡ प्रथम स्थान अपुर्वा चन्द्रिकापुरे 96.12 प्रतिशत, द्वितीय स्थान जायरा खान 95 प्रतिशत, तृतीय स्थान आरोही गजभिये 93.37 प्रतिशत, कक्षा पाँचवी क्क प्रथम स्थान दर्शिका चौधरी 97.87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान श्रुति रणदिवे 97.37 प्रतिशत, तृतीय स्थान दक्ष दशरिया 96 प्रतिशत, कक्षा छटवी प्रथम स्थान सानिध्य चौरे 95.16 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रिया समरिते 92.66 प्रतिशत, तृतीय स्थान पूर्वी पंचाले 92.50 प्रतिशत, कक्षा सातवी प्रथम स्थान निधी चौधरी 90.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान राज आसटकर 90.08 प्रतिशत, तृतीय स्थान सिद्धार्थ कांड्रा 87 प्रतिशत, कक्षा आठवी प्रथम स्थान अदिति श्रीखंड़े 95.68 प्रतिशत, द्वितीय स्थान उदिप्ति सोनवाने 94.58 प्रतिशत, तृतीय स्थान प्रशिक मेश्राम 94.41 प्रतिशत, कक्षा नवमीं - प्रथम स्थान प्रीयांशु विजयवार 95.08 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दिव्या काड़े 94.91 प्रतिशत, तृतीय स्थान माधव अड़े 92.83 प्रतिशत विद्यालय छात्र प्रतिनिधि बेस्ट एंकरिंग अवार्ड देशना वैद्य, अंग्रेजी सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वैभव सिंह लोधी, गणित सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - पुण्य ऐडे, विज्ञान सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आर्या सोनटेके, शाला छात्र प्रतिनिधि में हेड बाय लक्ष्य रणदिवे, हेड गर्ल दिव्या काडे, सांस्कृतिक प्रमुख प्रखर बिसेन, देशना वैद्य, खेल प्रमुख वेदांग चन्द्रिकापुरे, सौम्या बिल्हारे, अनुशासन प्रमुख माधव अड़े, अक्षलिना बांसोड़, स्वास्थ्य प्रभारी - लिकेश सोनवाने, तनुश्री करहि, स्वच्छता भविष्य खोंगल, बरिरा बेग, समस्त छात्र प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा। संचालिका महोदया श्रीमती वंदना वैद्य, प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा, प्रबंधक संजय चौरे तथा कक्षा शिक्षक के मार्गदर्शन तथा समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के द्वारा छात्रों को बधाई प्रेषित कर उन्हे सील्ड वितरण किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुये सम्मानित किया गया। संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ये आप लोगों का अथक परिश्रम एवं शिक्षकों का उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है जो आप उच्च अंको से उत्तीण हुए है भविष्य में भी आप इसी तरह उपलब्धियां हासिल कर अपने माता-पिता, परिवार तथा विद्यालय का नाम रोशन करते रहे।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 1 से 4 अप्रैल 2026 तक राज्यभर में उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 अप्रैल को भोपाल से माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश द्वारा प्रात: 10ः00 बजे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉजी में भी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए भव्य प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री के सीधा प्रसारण को विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को दिखाकर किया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्रों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली के माध्यम से अभिभावकों को प्रवेश लेने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि आलोक चौरासिया (मंडल अध्यक्ष, भाजपा) एवं रेखा शुक्ला (अध्यक्ष, पालक शिक्षक संघ) द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि आलोक चौरासिया द्वारा शासन की योजनाओं के अंतर्गत नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गईं। इसके साथ ही कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित पात्र छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल भी प्रदान की गई। प्रभारी प्राचार्य डी.के. फुल्लारे ने छात्रों, अभिभावकों एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे-





साइकिल वितरण, मध्याह्न भोजन, पीएम यशस्वी छात्रवृत्ति, संस्कृत छात्रवृत्ति, राज्य एवं केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति, लैपटॉप योजना, नि:शुल्क स्कूटी योजना, गणवेश वितरण आदि से अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय की सुविधाओं का उल्लेख करते हुए छात्रों से कहा कि वे कक्षा 6वीं से 12वीं तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश लेकर अच्छी मेहनत करें और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उच्च सफलता प्राप्त करें। मुख्य अतिथि आलोक चौरासिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय विकासखंड मुख्यालय का प्रमुख विद्यालय है। उन्होंने स्वयं भी इसी विद्यालय से अध्ययन किया है और छात्रों को मेहनत करने तथा शिक्षकों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में अभिभावक ओमकार रतोने सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे और अपने बच्चों का प्रवेश दिलवाया। सभी नवप्रवेशित छात्र पुस्तकें एवं साइकिल प्राप्त कर अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। मंच संचालन खेमराज कोठारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था जी.आर. चिखले, मुरलीधर मेश्राम एवं पदमाकर लटारे द्वारा की गई। रंगोली की व्यवस्था ममता भरने एवं बबीता चौरे के नेतृत्व में छात्रों के सहयोग से की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं और नवप्रवेशित छात्रों को शुभाशीष प्रदान किए।

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । क्षेत्र अन्तर्गत भानेगांव मे अंग्रेजी माध्यम से संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव का सत्र 2025-26 का 1 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से सातवी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें कक्षा नर्सरी से कु. तामसी पिता डिलेश उइके 99.2 प्रतिशत प्रथम, कु. सायरा पिता संतोष पांचे 98.4 प्रतिशत द्वितीय, कु. साक्षी पिता ओमप्रकाश उमरे एवं जान्हवी पिता दशरथ हरिणखेड़े 96.4 प्रतिशत तृतीय स्थान । कक्षा के.जी 1 से कु. कियारा पिता तोमेश ठाकरे 99.6 प्रतिशत प्रथम, कु. काव्या पिता कमलदास भौतेकर 99.2 प्रतिशत द्वितीय, राग पिता जागेश्वर पटले एवं वेदांश पिता रूपलाल चौधरी 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा के.जी. 2 से कु. ग्रेशना पिता मनोज परिहार, गगन पिता प्रकाश सोनवाने, शौर्य पिता गणेश बाहे 99.6 प्रतिशत प्रथम, कु. आर्या पिता परमेश्वर तुरकर, प्रिंश पिता डुमेन्द्र पारधी, प्रिंश पिता हुलास बाहे 99.2 प्रतिशत द्वितीय, कु. हिमांशी पिता सुरेन्द्र बेदरे, रूही पिता सुरेश भाजीपाले, सिद्धार्थ पिता आशिक रावते 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा पहली से कु. आराध्या पिता भावेश वासनिक, प्रियल पिता अनिल भरतद्वाज 99.6 प्रतिशत प्रथम, अर्पणा पिता प्रकाश बेदरे, वाणी पिता सुनिल बाहे 99.2 प्रतिशत द्वितीय, युग पिता महेन्द्र तेलासकर, कु. निधी पिता राजेश धनोले, अंश पिता आशिक रावते 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा दूसरी से मंयक पिता त्रिलोक दांदरे 99.6 प्रतिशत प्रथम, दिव्यांश पि दुर्गेश बाप्रे, कु. सियल पिता अन्नु मानकर, द्रोण पिता जागेश्वर पटले 99.2 प्रतिशत द्वितीय, कु. आर्या पिता धनराज सहारे, कु. तनवी पिता हेमराम आठोड, महिमा पिता घनश्याम ठाकरे 98.4 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा तीसरी से आदिश पिता ललित निकुसे 99.2 प्रतिशत प्रथम, कु. गार्गी पिता रमेश ठाकरे 98.8 प्रतिशत द्वितीय, सुशान्त पिता संजय आवरे 97.6 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा चौथी से कु. श्रेया पिता पन्नालाल कोरे 99.6 प्रतिशत प्रथम, कु. रेणू पिता पवन झगराहे 99.2 प्रतिशत द्वितीय, अविनाश पित्ता श्यामराव बारबुधे, रित्रिका पिता रोशनलाल तुरकर 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान । कक्षा छटवी से हेतांश पिता मनोज कालबेले 98.66 प्रतिशत प्रथम, कु. तृप्ति पिता बल्लारखेडे 98.5 प्रतिशत द्वितीय, कु. मिताली पिता रविन्द्र गायधने 97.16 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा सातवी से कु. सिमरन पिता मोहनलाल धनवले 99.0 प्रतिशत प्रथम, भाविकसिंह पिता ओमकारसिंह जचपेले 98. 83 प्रतिशत द्वितीय, रूद्रप्रताप पिता मनोज कुमार कालबेले 98.6 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनकी सफलता पर स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष बलराम बड़?धैया, उपाध्यक्ष सुभाष कुशले सचिव राजाराम कुशले, स्कूल संचालक ए. आर. कुशले, प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलघैया, सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे, सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले, महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भर्रे, सुजाता रामटेके, सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती, सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी है।




## अक्षय घोरमारे शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । क्षेत्र के ग्राम कालीमाटी निवासी अक्षय घोरमारे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी अक्षय को 11वें युवा आर्थिक संघ के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन वैश्विक भारत~ विकास



और चुनौतियां तथा युवा भारत विकास विषयों पर 29 एवं 30 मार्च 2026 को मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान, उज्जैन में आयोजित हुआ। आयोजन सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन, अंतरराष्ट्रीय युवा आर्थिक परिषद तथा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ आर्थिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन में देशभर से 100 से अधिक शोधार्थियों ने भाग लिया था। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित विद्वान उपस्थित रहे। जिनमें प्राध्यापक मधुकरभाई एस. पडवी, प्राध्यापक अर्पण भारद्वाज, डॉ. अनिल कुमार तिवारी, प्राध्यापक बी.पी. वीरभद्रप्पा, प्राध्यापक यतींद्र सिंह सिसोदिया और गौरव धाकड़ सहित अन्य विद्वान शामिल थे। अक्षय घोरमारे का शोध पत्र 卐अनुसूचित जनजातीय श्रमिकों के प्रवास की प्रवृत्ति का अध्ययन~ बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ में卐 विषय पर आधारित था। इसमें प्रवासी श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और आजीविका के विविध पहलुओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने इस शोध की सराहना करते हुए इसे उत्कृष्ट योगदान बताया। अक्षय घोरमारे की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे बालाघाट जिले और लांजी क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

## सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगाव में उत्साहपूर्वक मनाया गया प्रवेश उत्सव

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगाव में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ 1 अप्रैल को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। नवीन कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य बी.आर. गुरदे सर एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन से किया गया। इसके बाद प्राचार्य महोदय एवं अतिथिगण ने सभी छात्र-छात्राओं को




तिलक लगाकर तथा नई पाठ्य-पुस्तकें प्रदान कर अगली कक्षा में उनका औपचारिक प्रवेश कराया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, 卐प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के जीवन बिना नाविक वाली नाव के समान है, जो कभी भी किनारे नहीं लग पाती। सफलता तभी मिलती है जब हम स्पष्ट लक्ष्य के साथ निरंतर प्रयास करते हैं। प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों को भी संदेश देते हुए कहा कि बच्चे स्कूल में मात्र 6 घंटे रहते हैं, जबकि शेष 18 घंटे वे अपने माता-पिता के साथ बिताते हैं। इसलिए बच्चे की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों की जागरूकता और सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन और अन्य प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने पूरे समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में अशोक बापुरेजी पूर्व जनपद सदस्य, बी.आर. बापुरे सेवानिवृत्त अभियंता, रमेश आवरे पूर्व पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष, संतोष आवरे पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत बेनेगांव, एफ.एल. रिन्हायत सेवानिवृत्त शिक्षक, श्यामलाल बेदरे जनपद सदस्य, श्रीमती बिंदु पांडे नारी शक्ति प्रतिनिधि इसके अलावा विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ-भीषण गर्मी में राहगीरों को मिलेगी ठंडे पानी की राहत

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों ने सराहनीय पहल की है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 'जल मंदिर प्याऊ' का शुभारंभ किया गया है। इस पहल से गांव-गांव में राहगीरों को आसानी से ठंडा और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई इस मुहिम में भीमोडी, बेनेगांव, आवा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन प्याऊ की खासियत यह है कि इन्हें स्थानीय व्यवसायियों के सक्रिय सहयोग से तैयार किया गया है। साथ ही, इनकी देखरेख और प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी भी स्थानीय दुकानदारों को सौंपी गई है, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन और जिला समन्वयक सुशील बर्मन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक (जन अभियान परिषद) श्री संतोष नगपुरे उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि विकासखंड लांजी में इस अभियान को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से जल्द ही कुल 45 प्याऊ स्थापित किए जाएंगे। श्री नगपुरे ने यह भी कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ी जागरूकता पैदा करते हैं और लोगों को स्वैच्छिक सामाजिक कार्यों से जोड़ते हैं। 'जल मंदिर प्याऊ' की यह पहल न केवल राहगीरों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में सेवा भावना, सहयोग और जल संरक्षण का सशक्त संदेश भी दे रही है।




## पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

**पद्मेश न्यूज। लांजी** । शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लांजी में शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद् लांजी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि श्रीमती वर्षा मेश्राम विशेष अतिथि और प्रमोद कुमार भिमटे की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारतमाता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन-वंदन के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। शासन की मंशा के अनुरूप कक्षा 9वीं में



नवप्रवेशी छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा नि:शुल्क साइकिल एवं नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा कालबेले ने छात्राओं को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और जीवन में उच्च पद प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक आनंद लातारे, दिनेश्वर वाकड़े, अमित आसटकर, एस.आर. तिडके तथा शिक्षिकाएं निशा तिडके, यशोधरा रणदिवे, सरस्वती बिल्हारे आदि ने भी अपने विचार रखते हुए बच्चों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पी.के. भिमटे ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए छात्राओं को इन योजनाओं का लाभ लेने और कड़ी मेहनत से जीवन में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री बसंत रामटेके ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का सम्पूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा।

# शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का बढ़ा आकर्षण- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क साइकिलें और पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने साईकिलों की घंटियां बजाकर किया अभिवादन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकलिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल चले हम अभियान पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ निःशुल्क साइकिल प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों का ग्रुप फोटो भी लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया।

### बच्चे पढ़-लिखकर बनें डॉक्टर, इंजीनियर और उद्यमी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में बड़े पैमाने पर शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का आकर्षण बढ़ा है। इनमें ड्रॉप आउट खत्म करने के लिए शिक्षकों के साथ समाज के हर वर्ग ने संकल्प के साथ मेहनत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों को स्कूल आने-




जाने के लिए निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई हैं। आगामी 3 से 4 महीने तक शासकीय स्कूलों के 4 लाख बच्चों को साइकिलें मिलेंगी। विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क गणवेश, किताबें और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। हमारे बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और उद्यमी बनें, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है। शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए 76 हजार 325 शिक्षकों की समय पर नियुक्ति की गई।

### मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूल टॉपर को मिल रही है स्कूटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत 49 किताबें हिंदी और स्थानीय भाषा में तैयार कर जनजातीय क्षेत्रों में विद्यार्थियों को वितरित की जा रही हैं। प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 95 हजार क्षमता वाले 1913 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग के 25 हजार 439 विद्यालयों में आज 20 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले 94 हजार 306 मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटॉप वितरित किये गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट में लैपटॉप के लिए 250 करोड़ रुपए, स्कूटी के लिए 100 करोड़ रूपए और साइकिल वितरण के लिए 210 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। बोर्ड परीक्षा के स्कूल टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी की सौगात दी जा रही है।

### प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की प्रवेश दर में हुई बढ़ोतरी

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन स्कूल शिक्षा विभाग के लिए दीवाली जैसा है। हम सभी स्कूली बच्चों का विद्यालयों में स्वागत कर रहे हैं। प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की प्रवेश दर में वृद्धि हुई है। अब तक 1 करोड़ बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। पहली कक्षा से लेकर हाईस्कूल और हायर सेकेंड्री क्लास तक बच्चों का नामांकन किया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें और पुस्तकें वितरित की जा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि विकासखंड स्तर पर बुक फेयर लगाए जाएं, जहां शासकीय के साथ निजी स्कूलों के बच्चों को भी पाठ्यपुस्तक निगम की सस्ती पुस्तकों का लाभ मिल सके। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सशक्त हुई है। विद्यार्थियों के पास अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर है।

कार्यक्रम में खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रवींद्र यती, सचिव स्कूल शिक्षा संजय गोयल, आयुक्त श्रीमती शिल्पा गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

# 8 साल में उजड़ गए मप्र के जंगल

भोपाल। बढ़ते शहरीकरण और विकास परियोजनाओं के कारण जंगल खत्म हो रहे हैं। ग्रीन कवर तेजी से घट रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए ताजा आंकड़ों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पिछले 8 सालों में (2015 से 2023 के बीच) देश के दो बड़े राज्यों महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में ग्रीन कवर (वन और वृक्ष आवरण) तेजी से घटा है। भोपाल सांसद आलोक शर्मा सहित अन्य सांसदों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यह डेटा सदन के पटल पर रखा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ग्रीन कवर घटने के मामले में महाराष्ट्र देश में पहले नंबर पर है, जबकि मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

टाइगर स्टेट के नाम से मशहूर मध्य प्रदेश में हरियाली का दायरा तेजी से सिमटा है। साल 2015 में प्रदेश का कुल वन और वृक्ष आवरण 85,235 वर्ग किमी था, जो 2023 की रिपोर्ट में घटकर 65,383.41 वर्ग किमी रह गया है। यानी महज 8 सालों में राज्य ने 19,851.59 वर्ग किमी का हरा-भरा क्षेत्र खो दिया। यह क्षेत्रफल कई छोटे राज्यों के कुल आकार से भी बड़ा है।

### महाराष्ट्र की स्थिति सबसे भयावह

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि महाराष्ट्र में हरियाली की सबसे ज्यादा बलि चढ़ी है। 2015 में यहां 60,186 वर्ग किमी ग्रीन कवर था, जो 2023 में घटकर सिर्फ 16,795.28 वर्ग किमी रह गया है। महाराष्ट्र में कुल 43,390.72 वर्ग किमी की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है, जो देश में किसी भी राज्य में सबसे अधिक है। सदन में दी गई जानकारी के अनुसार हरित भारत मिशन (त्रढ्ढरू) और अन्य योजनाओं के जरिए वनीकरण के प्रयास तो हो रहे हैं, लेकिन धरातल पर बड़े राज्यों में कवर का कम होना चिंता का विषय है। हालांकि, सरकार का दावा है कि राष्ट्रीय स्तर पर 2015 से 2023 के बीच कुल वन क्षेत्र में 33,111.95 वर्ग किमी की बढ़ोत्तरी हुई है, क्योंकि आंध्र प्रदेश, केरल और झारखंड जैसे राज्यों में जंगल बढ़ा है।

महाराष्ट्र में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जहां वन क्षेत्र 60,186 वर्ग किमी से घटकर 16,795.28 वर्ग किमी रह गया। महाराष्ट्र में कुल 43,390.72 वर्ग किमी ग्रीन कवर घटा है। दूसरे नंबर पर एमपी है, जहां कवर 85,235 वर्ग किमी से घटकर 65,383.41 वर्ग किमी रह गया है। एमपी में आठ सालों में 19,851.59 वर्ग किमी वन क्षेत्र घट गया है। कर्नाटक का दायरा 41,973 वर्ग किमी से कम होकर 24,965.3 वर्ग किमी पर आ गया है। यहां 17,007.7 वर्ग किमी ग्रीन कवर कम हुआ है। पूर्वोत्तर के मिजोरम राज्य में कवर 19,283 वर्ग किमी से घटकर 12,616.49 वर्ग किमी रह गया। यहां 6,666.51 वर्ग किमी फॉरेस्ट एरिया घटा है। जम्मू और कश्मीर में हरियाली 31,342 वर्ग किमी से घटकर 27,403.33 वर्ग किमी रह गई। यहां 3,938.67 वर्ग किमी ग्रीन कवर कम हुआ है।

# 2022-चयनित शिक्षक सड़क पर, 8 महीने से नियुक्ति अटकी

## नया सत्र शुरू,गेस्ट फैकल्टी भर्ती पर सवाल, सरकार से जल्द जॉइनिंग की मांग

भोपाल। माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक (खेल, गायन, वादन, नृत्य) 2022 भर्ती प्रक्रिया के चयनित अभ्यर्थियों बुधवार को राजधानी भोपाल में धरना दिया। नियुक्ति में देरी से नाराज शिक्षक लगातार पांचवीं बार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि रिजल्ट आने और दस्तावेज सत्यापन पूरा होने के बावजूद उन्हें अब तक जॉइनिंग नहीं दी गई, जिससे वे मानसिक और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। अभ्यर्थियों के मुताबिक, उनका रिजल्ट 25 सितंबर को जारी हुआ था और करीब आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो जॉइनिंग दी गई और न ही कोई स्पष्ट शेड्यूल जारी हुआ। इस बीच 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है, जबकि चयनित शिक्षकों की जगह गेस्ट फैकल्टी की भर्ती की जा रही है।

नर्मदापुरम की अभ्यर्थी ज्योति बाम ने कहा कि हमने दो-दो परीक्षाएं क्वालिफाई की हैं, लेकिन फिर भी हमें नियुक्ति नहीं मिल रही। हम मानसिक रूप से परेशान और फ्रस्ट्रेटेड हो चुके हैं। सरकार और डीपीआई से अपील है कि हमें जल्द जॉइनिंग दी जाए। अभ्यर्थियों ने विभागीय रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब वे जॉइनिंग की तारीख पूछते हैं तो उन्हें टाल दिया जाता है। ज्योति बाम ने आरोप लगाया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को लेकर भी हमें बार-बार चक्कर लगवाए गए। जब हमने तारीख पूछी तो कहा गया कि आप क्यों पूछ रहे हैं, आपका क्या अधिकार है।

### खुशी से निराशा तक का सफर

सीहोर से आई अभ्यर्थी अनीता सिंह ने कहा कि जब मेरिट में नाम आया था तो बहुत खुशी हुई थी, लेकिन अब समाज के सामने जवाब देना मुश्किल हो रहा है। नौकरी नहीं मिलने से स्थिति खराब हो गई है। नियमों के मुताबिक रिजल्ट के तीन महीने के भीतर जॉइनिंग होनी चाहिए, लेकिन सात महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी नियुक्ति नहीं हुई। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबे इंतजार के कारण वे आर्थिक तंगी और मानसिक दबाव झेल रहे हैं। कई अभ्यर्थी डिप्रेशन की स्थिति में पहुंच चुके हैं। अभ्यर्थियों ने सरकार और डीपीआई से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द जॉइनिंग दी जाए और स्कूल आवंटित किए जाएं, ताकि वे नए सत्र में पढ़ाई शुरू करा सकें। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# किसान औने-पौने दाम पर बेच रहे गेहूं

भोपाल । मध्य प्रदेश में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी 10 अप्रैल से शुरू होगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग के 23 जिलों में किसानों से गेहूं खरीदा जाएगा, जबकि बाकी जिले 15 अप्रैल से गेहूं खरीद सकेंगे। खरीदी लेट होने से किसान मंडी व खुले बाजार में बिचौलियों को अपना गेहूं 2200 से 2400 रुपए प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं। औने-पौने दाम पर गेहूं बेचने के पीछे किसानों के दो तर्क सामने आए हैं। पहला तर्क- ओले, बारिश और आंधी है। वहीं, दूसरा तर्क खेतों में खड़ी फसलों में आग लगना है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत अधिकांश जिलों में इस बार गेहूं का अच्छा उत्पादन हुआ है, लेकिन खरीदी आगे बढ़ा दी गई है।

नए आदेश के अनुसार, भोपाल, उज्जैन, इंदौर और नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल की बजाय 10 अप्रैल से गेहूं खरीदा जाएगा, जबकि बाकी 6 संभाग- ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के 31 जिलों में 15 अप्रैल से खरीदी जाएगी। यह पिछले साल से 1 महीना देरी से है। साल 2025 में 15 मार्च से सरकार ने गेहूं की खरीदी शुरू कर दी थी।

### प्रदेश में आंधी, बारिश और ओले वाला मौसम

बता दें कि इन दिनों आंधी-बारिश के दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम बदला हुआ है। पिछले 2 दिन में उज्जैन, शाजापुर, राजगढ़, सीहोर समेत 12 जिलों में ओले गिर चुके हैं। ये प्रदेश के सबसे बड़े गेहूं उत्पादक जिलों में से एक है। वहीं, नर्मदापुरम, विदिशा, इंदौर, भोपाल समेत 41 जिलों में बारिश भी हुई है। आंधी की रफ्तार 63 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच गई है।

### फरवरी-मार्च में ओले गिरे, सरकार को गेहूं खरीदना चाहिए

भोपाल के पास खजूरी कलां के किसान कुबैर सिंह राजपूत ने बताया कि पूरे प्रदेश में ओलावृष्टि, बारिश और आंधी का दौर चल रहा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज आंधी से उनकी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। यह किसानों के ऊपर बड़ी आपदा है, क्योंकि फरवरी में भी ऐसा ही मौसम था, जबकि मार्च में दो बार ओलावृष्टि हो चुकी है। किसान भैरोसिंह राजपूत ने बताया कि बिगड़े मौसम की वजह से किसान अपना गेहूं सरकार को बेचना चाह रहे हैं, लेकिन सरकार ने 1 अप्रैल की बजाय 10 अप्रैल से खरीदी करने के आदेश दिए हैं। इससे किसान मंडी व खुले बाजार में गेहूं बेचने को मजबूर है। जहां समर्थन मूल्य से 200 से 400 रुपए तक कम रहे हैं।

### खड़ी फसल में आग लगने का भी खतरा

भोपाल के कुठार गांव में पिछले सप्ताह खेत में गेहूं की 15 एकड़ फसल आग में जलकर राख हो गई थी। जिन खेतों में आग लगी थी, उसके आसपास सैकड़ों एकड़ जमीन है और गेहूं की फसल खड़ी हुई थी। आग वहां तक न पहुंचे, इसलिए 50 से ज्यादा लोग दौड़ पड़े। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पानी लाकर उन्होंने आग पर काबू पाया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट भी आग को काबू करने के लिए मशक्कत करते हुए नजर आए थे। ऐसी ही घटनाएं प्रदेश के अन्य जिलों में भी हुई है।

### मंडियों में गेहूं की आवक शुरू, रेट कम

सरकारी खरीदी शुरू नहीं होने से किसान मंडियों में गेहूं लेकर पहुंच रहे हैं। यहां अच्छी क्वॉलिटी के गेहूं को तो अच्छे दाम मिल रहे हैं, लेकिन बाकी किसान परेशान हैं। मंगलवार को भोपाल की करोंद मंडी में करीब ढाई हजार क्विंटल गेहूं बिकने पहुंचा था। न्यूनतम रेट 2100 और अधिकतम 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे।

### गेहूं खरीदी पर सियासत गरमाई

गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने के पीछे की वजह खाद्य विभाग बारदाना नहीं होना बता रहा है, जबकि भोपाल के बैरसिया विधायक विष्णु खत्री का वेयर हाउस गेहूं की बोरियों से भर गया। इधर, तारीख बढ़ाने पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने विरोध जताते हुए हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सरकार को घेरते हुए लिखा कि किसान अपनी मेहनत की फसल लेकर तैयार खड़ा है, लेकिन सरकार केवल तारीखें बढ़ाकर उसे गुमराह कर रही है।

### तीन बार बदली गई तारीख

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने भी सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब तक तीन बार तारीखें बदल चुकी है।यादव ने तंज कसते हुए कहा- किसान विरोधी भाजपा सरकार की संवेदनहीनता देखिए, किसानों की महीनों की मेहनत खेत- खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी है, लेकिन सरकार गेहूं उपार्जन की सिर्फ तारीख पर तारीख दे रही है ।

# मप्र में कमर्शियल सिलेंडर 195 महंगा

## भोपाल में 2084, इंदौर में 2186 और ग्वालियर में 2307 रुपए में मिलेगा

भोपाल । किल्लत के बीच मध्य प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 195 रुपए महंगा हो गया है। यह बढ़ोतरी घरेलू सिलेंडर के रेट 60 रुपए बढ़ाने के 25 दिन बाद 1 अप्रैल से की गई है। प्रदेश के 50 हजार से ज्यादा होटल और रेस्टोरेंट को जरूरत का 9 प्रतिशत सिलेंडर ही मिल रहा है। इससे कई होटल-रेस्टोरेंट का मेन्यू बदल गया है। गैस के रेट बढने से खाना भी महंगा होगा।

एमपी के 5 बड़े शहरों में भोपाल में 19 ्यद्द कमर्शियल सिलेंडर 2084 रुपए, इंदौर में 2186 रुपए, जबलपुर में 2295 रुपए, ग्वालियर में 2307 रुपए और उज्जैन में 2251 रुपए में मिलेगा। रीवा में सिलेंडर सबसे महंगा 2331 रुपए में मिलेगा। नरसिंहपुर, सिंगरौली, सतना, कटनी, बालाघाट, पन्ना, रायसेन, शहडोल, मंडला, सीधी, अनूपपुर, डिंडौरी, उमरिया, सिवनी, श्योपुर, शिवपुरी, भिंड, मुरैना, दतिया, टीकमगढ़ और निवाड़ी में रेट 2300 रुपए या इससे अधिक है।

### इंदौर में सबसे कम, शाजापुर-सीहोर में भी औसत

प्रदेश में सबसे सस्ता कमर्शियल सिलेंडर इंदौर में है। यहां पहले 2021 रुपए में सिलेंडर मिलता था। 195 रुपए बढने के बाद रेट 2186 रुपए हो गए हैं। शाजापुर-सीहोर में नए रेट 2091 रुपए, हरदा में 2114 रुपए, सागर में 2119 रुपए, नर्मदापुरम-विदिशा में 2120 रुपए है। गुना, झाबुआ, नीमच, रतलाम, मंदसौर, अशोकनगर, राजगढ़, आगर-मालवा, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, धार, आलीराजपुर, खरगोन, देवास, छिंदवाड़ा, दमोह, बैतूल और छतरपुर में रेट 2200 रुपए से कम है।

भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि कमर्शियल गैस नहीं मिलने से डीजल भट्ठी और इंडक्शन का उपयोग कर रहे हैं। इससे डीजल और बिजली का खर्च बढ़ गया है। अब कमर्शियल सिलेंडर के रेट बढ़े हैं। इससे आने वाले दिनों में खाने की कीमतें भी बढ़ जाएंगी। फिलहाल भोपाल में खाने के रेट नहीं बढ़े हैं।

### 450 से 500 रुपए तक अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि अभिषेक बहेती ने बताया कि पहले गैस एजेंसी संचालक 200 से 250 रुपए तक का डिस्काउंट देते थे, लेकिन अब पूरे रेट देने पड़ रहे हैं।

# बीजेपी विधायक के वेयरहाउस पर छापा

## - गेहूं उपार्जन से पहले मिला 500 टन गेहूं, कांग्रेस ने लगाया बड़ा आरोप

भोपाल। मध्य प्रदेश में गेहूं उपार्जन शुरू होने से ठीक पहले बीजेपी विधायक विष्णु खत्री के वेयरहाउस में भारी मात्रा में गेहूं मिलने का मामला सामने आया है। विधायक के भगवती वेयरहाउस में करीब 500 टन गेहूं रखा होने का आरोप लगा है। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन की एक जांच टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।

कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने इस मामले को लेकर बीजेपी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के वेयरहाउस में बड़े पैमाने पर गेहूं भरा हुआ है। यह किसानों के साथ एक बड़ा षड्यंत्र है। जयवर्धन सिंह ने आगे कहा कि खेतों में गेहूं कटा पड़ा है, लेकिन सरकार उपार्जन की तारीख आगे बढ़ा रही है। इससे छोटे किसान परेशान हैं। उन्हें तुरंत फसल बेचनी होती है, इसलिए वे मजबूरन समर्थन मूल्य से काफी नीचे दाम पर गेहूं बेचने को विवश हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस बार विष्णु खत्री का वेयरहाउस सरकारी खरीदी केंद्र भी घोषित किया गया है, जो और 'यादा संदेहास्पद है। विष्णु खत्री मध्य प्रदेश विधानसभा में बीजेपी विधायक हैं। उनके वेयरहाउस में इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं पाए जाने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि यह किसानों का शोषण करने की साजिश है। फिलहाल इस मामले में बीजेपी या विधायक विष्णु खत्री की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासनिक जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

# वन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## - समीता राजौरा बनीं चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन

भोपाल। प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ समीता राजौरा को अब प्रदेश के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। राज्य शासन ने बुधवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। राजौरा को मिलाकर शासन ने चार आईएफएस के तबादले किए हैं। राजोरा के पदभार संभालते ही वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन की जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएंगे। वे एक माह से यह पद संभाल रहे थे।

राज्य शासन ने पीसीसीएफ अनुसंधान और विस्तार विभाष ठाकुर की सेवाएं लोक सेवा प्रबंधन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर सौंपते हुए अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन स्कूल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। ठाकुर इसके पहले वन बल प्रमुख पद के दावेदार रहे हैं, जिन्हें तीन अन्य सीनियर अफसरों के साथ बायपास कर शुभरंजन सेन को एक मार्च को वन बल प्रमुख बनाया गया था। ठाकुर इसके पहले भी पंचायत और ग्रामीण विकास समेत अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ रह चुके हैं।

### शुक्ला अनुसंधान एवं विस्तार का चार्ज

वन विकास निगम में पदस्थ पीसीसीएफ अर्चना शुक्ला को अनुसंधान और विस्तार मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। इनके अलावा कमोलिका मोहन्ता अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) प्रशासन को एपीसीसीएफ और एमडी राज्य लघु वनोपज संघ बनाया गया है। मोहन्ता की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर सौंपी गई हैं।

# मप्र में 16 अप्रैल से शुरू होगी जनगणना

भोपाल। भारत की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल से शुरू गया है। यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा जनगणना अभियान होगा, जो पहली बार पूरी तरह से डिजिटल माध्यमों से संचालित किया जा रहा है। हालांकि मप्र में 16 अप्रैल से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। मप्र में कुल कितने मकान-दुकान या भवन है, इसकी गणना के लिए एक लाख 90 हजार कर्मचारी मैदान में उतरेंगे। मप्र के जनगणना कार्य निदेशालय ने मप्र में पहले चरण की जनगणना के लिए 1 लाख 60 हजार प्रगणक और 30 हजार पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। एक प्रगणक के जिम्मे औसतन 200 मकानों की गणना का जिम्मा होगा। औसतन इतने ही मकानों का ब्लॉक बनाया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में ब्लॉक्स में भवनों की संख्या कम या ज्यादा की जा सकती है। भवनों की गणना शहरी और ग्रामीण दो ही केटेगरी में की जाएगी।

प्रगणक स्मार्टफोन आधारित मोबाइल ऐप के जरिए घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे। इससे पहले आम नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी भरने का विकल्प मिलेगा। मप्र में जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। इसी दिन से मप्र में जनगणना निदेशालय की ओर से तैयार सेल्फ एन्युमरेशन पोर्टल पर मप्र की विंडो खुलेगी। आम लोग 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) सुविधा का लाभ उठाते हुए खुद ही अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद मप्र के लिए सेल्फ एन्युमरेशन विंडो बंद हो जाएगी। इसके बाद 1 मई से 30 मई तक प्रदेशभर में मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना (हाउस लिस्टिंग) के लिए डोर-टू-डोर मैदानी सर्वे शुरू हो जाएगा।

### सब-ब्लॉक बनाकर काउंट करने की व्यवस्था

मप्र सरकार ने जनगणना आयुक्त से मप्र की परिस्थितियों के हिसाब से मजरे-टोलों के लिए अलग केटेगरी बनाने की मांग की थी, लेकिन इसे नहीं माना गया है। लेकिन जनगणना निदेशालय ने बड़े मजरे-टोलों को जनगणना के दूसरे चरण में सब-ब्लॉक बनाकर काउंट करने की व्यवस्था की है। मप्र में शहरी और ग्रामीण दोनों मिलाकर लगभग से 3 करोड़ भवन (हाउसहोल्ड) होने का अनुमान है। मप्र के डीजीएम सेंसस विजय कुमार के मुताबिक प्रदेशभर में ब्लॉक गठन का काम तहसीलदार और नगर पालिका अधिकारियों को दिया गया है। प्रदेश में लगभग 140 मास्टर ट्रेनर फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण की प्रक्रिया चल रही है, 24 मार्च से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 4 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद फील्ड में सर्वे शुरू होने से एक सप्ताह पहले प्रगणकों की ट्रेनिंग होगी, जिसे 24 अप्रैल तक पूरी करने की डेडलाइन है।

# शिक्षा विभाग के अस्थाई कर्मी होंगे रेगुलर

भोपाल। प्रदेश के शिक्षा विभाग में 10 साल की सेवा कर चुके अस्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अब शिक्षा विभाग नियमित कर रहा है। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने प्रदेश भर के जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर जल्द जानकारी मंगाई है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने 16 मई 2007 को आदेश जारी करके प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश समस्त विभागों को दिए थे। उस आदेश के परिपालन में ही अब शिक्षा विभाग अपने विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित कर रहा है। इससे शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्य हजारों दैनिक वेतन भोगियों को नियमित कारण का लाभ होगा।



# केकेआर और सनराइजर्स जीत के इरादे से उतरेंगे



कोलकाता। यहां के ईडन गार्डन में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। दोनो ही टीम अपने-अपने शुरुआती मुकाबले में हारी हैं, ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। पिछले आईपीएल सत्र में इन दोनों ही टीमों के बीच कुल दो मुकाबले खेले गए हैं जिसमें से एक केकेआर और एक सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता था। इनके बीच अंतिम बार मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुआ था जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने केकेआर को आसान से हराया था। केकेआर को इस बार कोलकाता में अपने घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है। इस मैदान पर खेले गए आखिरी पांच टी20 मैचों में से तीन मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीता है। ऐसे में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी। इस मैच पर औसत स्कोर 165 के करीब रहा है। आंकड़ों की बात करें तो अब तक केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 30 मुकाबले हुए हैं जिसमें से केकेआर ने 20 जबकि सनराइजर्स ने 10 जीते हैं।

केकेआर की टीम को कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। केकेआर अपने गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले रहाणे एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

वहीं सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा पर पारी का दारोमदार रहेगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो मैच भी रोमांचक होना तय है। नियमित कप्तान पैट कमिंस के फिट नहीं होने से सनराइजर्स की कमान ईशान के पास ही रहेगी। ईशान ने पहले ही मैच में 80 रनों की शानदार पारी खेली थी जिसे वह दोहराना चाहेंगे।

### दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह –

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), कैमरून ग्रीन, फिन एलन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, और ब्लेसिंग मुजरबानी।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

ईशान किशन (कप्तान/विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, अनिकेत वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, और डेविड पायने।

## आरसीबी में सभी को अपनी भूमिका पता है – कुणाल

बेंगलुरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने आईपीएल में 19 वें सत्र की शुरुआत शानदार जीत से की है। जिसके बाद से ही टीम में उत्साह का माहौल है। इस प्रकार टीम अपना खिताब बरकरार रखने के लिए तैयार नजर आती है। पहले मैच में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिन ऑलाउंडर कुणाल पंड्या का कहना है कि टीम पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर हुई है। कुणाल के अनुसार पिछले साथ पिछले साल टीम नई थी पर इस बार खिलाड़ी एकदूसरे से घुल मिल गये हैं और सभी को अपनी भूमिका पता है। इससे किसी प्रकार का संशय नहीं रहता है। आरसीबी ने पिछले सत्र में पहली बार । खिताबी जीत दर्ज की थी। कृणाल ने कहा, इस साल टीम में बदलाव नहीं हुए है। सभी पहले से खेल रहे हैं, ऐसे में टीम संतुलन भी बेहतर हुआ है। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका के साथ ही ताकत और कमजोरी पता है। उन्होंने कहा, जब मैं बड़े अवसरों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे पहले दबाव महसूस होता था पर अब में शांत रहने का प्रयास करता हूं। जिससे की बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि टीम में अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली से सभी प्रेरित रहते हैं। उनका खेल के प्रति जो जुनून है उसकी कोई बराबरी नहीं सकता है।



## आईपीएल में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में रिकेल्टन और डफी

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सत्र के शुरुआती मैच जारी है। ऐसे में अभी से सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के लिए संभावितों के नाम आने शुरु हो गये हैं। अभी तक सबसे अधिक रनों के मामले में शीर्ष पांच पर मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन हैं। जिन्होंने एक ही मैच में 81 रन बनाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सनराइजर्स के ईशान किशन हैं जिनके 80 रन हैं। वहीं तीसरे नंबर पर मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा 78 रनों के साथ हैं। चौथे स्थान पर कूपर कोनोली हैं उनके 72 रन हैं जबकि विराट कोहली 69 रनों के साथ ही पांचवें नंबर पर हैं। वहीं आईपीएल 2026 पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष पर जैकब डफी जबकि दूसरे स्थान पर प्रसिद्ध कृष्णा हैं। तीसरे स्थान पर विजयकुमार विषाक जबकि चौथे पर शार्दुल ठाकुर हैं और पांचवें स्थान पर रोमारियो शेफर्ड हैं।

## गुवाहाटी और रांची जैसे नये केन्द्रों पर टेस्ट मैचों का आयोजन खुशी की बात – गांगुली

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट मुकाबले नागपुर, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद, चेन्नई में आयोजित किया जाना एक अच्छा संकेत है। गांगुली ने कहा कि देश में हर जगह मैचों का आयोजन होना अच्छा कदम है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बार कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों की जगह पर अन्य स्थानों पर मुकाबले आयोजित किये हैं जिससे इन जगहों पर भी खेल ढ़ांचा बेहतर हो सके। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली बंगाल क्रिकेट बोर्ड (कैब) के प्रमुख भी हैं। उनका कहना है कि कैब प्रमुख होने के कारण ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट होना उनके लिए खुशी की बात होती है पर उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे नये केंद्रों पर रखे गये हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह ही भारतीय क्रिकेट टीम के घरेलू सत्र की घोषणा करते हुए कहा कि इस बार कोलकाता और मुंबई में टेस्ट मुकाबले नहीं रखे जाएंगे। गांगुली ने कहा, ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब अध्यक्ष होने के कारण मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हों। उन्होंने कहा, हम सभी चाहते हैं कि कोलकाता में ज्यादा मैच हो पर हमें यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए। गुवाहाटी नवंबर 2025 में ही टेस्ट केंद्र बना और वहां एक साल के भीतर दूसरा टेस्ट होने जा रहा हैं। वहीं अहमदाबाद के स्टेडियम पर पिछले साल अक्टूबर में ही टेस्ट हुआ था। वहीं मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम पर आखिरी टेस्ट नवंबर 2024 में खेला गया था। बोर्ड के कैलेंडर के अनुसार कोलकाता में तीन जनवरी , 2027 और मुंबई में (9 जनवरी, 2027 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय रखे गये हैं। दिल्ली में इस साल 13 दिसंबर को श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय मैच भी होगा। उन्होंने कहा, पूरे भारत में अच्छे स्टेडियम है। इसलिए मुझे चेन्नई, गुवाहाटी और रांची में टेस्ट होते देखकर अच्छा लगता है। वहां सुविधायें काफी अच्छी है। वहीं पूर्व स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा, हमारे समय में कोलकाता, कानपुर, चेन्नई , दिल्ली और मुंबई में ही टेस्ट होते थे। उसका अपना आकर्षण था। इसलिए मुझे लगता है कि अब भी ऐसा ही होना चाहिए।



## अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुझे टी20 के लिए योग्य नहीं माना जा रहा – शमी

नई दिल्ली । पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कहना है कि उन्हें पिछले पांच से छह साल में 130 विकेट लेने के बाद भी टी20 के लिए उपयुक्त नहीं माना जा रहा है। शमी के अनुसार उन्होंने एकदिवसीय में सबसे तेजी से 200 विकेट लिए हैं। टी20 प्रारुप में भी उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा है। इसके बाद भी उन्हें टी20 मैचों में अवसर नहीं मिल रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने माना कि आईपीएल के पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा था पर इसके पहले के सत्र में उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल था। शमी ने साल 2023 में सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किय था। इसके बाद भी उन्हें टी20 के लायक नहीं माना जा रहा है। इसी को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में उन्होंने 130 के करीब विकेट लिए हैं, फिर भी उन्हें टी20 गेंदबाज नहीं समझा जाता, ऐसे में वह क्या कर सकते हैं।

शमी ने कहा, 'आईपीएल के बाद पिछला रिकॉर्ड देखने पर पता चलता है कि देश कोई भी अन्य गेंदबाज मेरे करीब नहीं पहुंचा है। इसके बाद भी मुझे टी20 का गेंदबाज नहीं कहा जाता है।' इसके बाद उन्होंने कहा कि आईपीएल में पर्पल कैप के बाद भी उनको टी20 का गेंदबाज नहीं माना जाता।शमी पिदले दो से तीन साल से टेस्ट में शामिल नहीं हैं। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने अंतिम बार साल 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम से बाहर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी भारत की तरफ से संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उसके बाद से ही वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इस दौरान घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है हालांकि इसके बाद भी उन्हें एशिया कप और टी20 क्रिकेट विश्व कप में जगह नहीं मिली। शमी का अब 2027 एकदिवसीय विश्वकप में भी खेलना संदिग्ध है। गौरतलब है कि शमी आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन करते आए हैं पर पिछला सीजन उनके लिए अच्छा नहीं गया था। आईपीएल 2025 में वह सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे लेकिन 9 मैच में सिर्फ 6 विकेट ही ले पाये थे। शमी 2019 से लेकर 2024 तक लगातार आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों में से एक रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स की तरफ से 2019 में 19 विकेट, 2020 में 20 विकेट और 2021 में 19 लिए थे। 2022 में शमी गुजरात टाइटंस के साथ चले गए और उन्होंने 20 विकेट झटके। आईपीएल 2023 में उन्होंने 28 विकेट झटके और पर्पल कैप जीता। आईपीएल 2024 में वह नहीं खेले थे और पिछले साल यानी आईपीएल 2025 में वह सिर्फ 6 विकेट ही ले पाए थे। इस बार वह लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम में शामिली हैं। उनके आने से सुपरजायंट्स की गेंदबाजी मजबूत हुई है।



## शुभमन ने हार के लिए कमजोर बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया

मुल्लापुर। गुजरात टाइटंस टीम को आईपीएल के 19 वें सत्र के अपने पहले ही मैच में पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। 3 विकेट से मिली इस हार से गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल निराश है। शुभमन ने हार के लिए टीम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हम अगर 10 से 15 रन और बनाते तो हालात अलग होते।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 162 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने 19.1 ओवर में ही 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैच में हार के लिए शुभमन ने खराब बल्लेबाज को कारण बताया है। उन्होंने कहा कि टीम ने अगर 10 से 15 रन और ज्यादा बनाए होते तो ये मैच उनके हाथों में आ जाता।

शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, पर अंतिम पांच-छह ओवरों में रन नहीं बना पाये। उन्होंने स्वीकार किया है कि टीम 10 से 15 रन कम बना पायी थी। साथ ही कहा कि इस पिच पर 200 से अधिक रन नहीं बन सकते थे पर कहा कि 162 के लक्ष्य का बचाव करना आसान नहीं था। शुभमन ने कहा 'बल्लेबाजी करते समय यह 210-220 रन वाली पिच नहीं लग रही थी पर मुझे लगता है कि अगर हमने 175 रन बना लिए होते तो हालात कुछ और होते।'



उन्होंने कहा कि पहली पारी में गेंद के पुरानी हो जाने के बाद उस पर रन बनाना कठिन हो गया था, जबकि दूसरी पारी में बारिश के कारण पिच पर गेंद तेजी से आर रही थी जिसके कारण विरोध टीम के बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान हो गया। गिल ने कहा कि गेंद पुरानी होने के बाद उसे सीधे मैदान पर मारना कठिन हो गया। दूसरी पारी में बारिश जारी रही, जिससे गेंद गीली हो गई, इसका लाभ बल्लेबाजों को मिला। इसलिए मुझे नहीं लगता कि दूसरी पारी में बारिश उतनी रुकी। फिर भी, मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने दबाव बनाए रखा।

वहीं प्रसिद्ध कृष्णा को देर से गेंदबाजी में लाने को लेकर गिल ने कहा 'मैं सोच सकता था, लेकिन वह सही समय पर आए विकेट लिए और हमें 17वें और 18वें ओवर तक मैच में बनाए रखा। उस समय हमने सोचा, जब पिच थोड़ी धीमी हो रही थी, तो शायद कोई तेज और पतला गेंदबाज हमें कुछ विकेट दिला सकता था। वो नेट प्रैक्टिस में काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे।' वहीं शुभमन ने नए गेंदबाज हैं। उन्होंने शुरुआत में अच्छी गेंदबाजी की और मुझे लगता है कि अंत में भी वो काफी अच्छे खिलाड़ी साबित होंगे। वह काफी मेहनत करते हैं और हमारे लिए एक अच्छे फील्डर भी हैं। दरअसल, मैं उनसे कुछ महीने पहले कैंप के दौरान मिला था और नई गेंद से उनकी गेंदबाजी से मैं बहुत प्रभावित हुआ था। उम्मीद है कि उन्हें कुछ मैचों में नई गेंदबाजी का अवसर मिलेगा।

## वैभव को भारतीय टीम में जगह मिले – माइकल वॉन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र के पहले ही मैच में वैभव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है उसे भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये। वैभव ने जिस प्रकार राजस्थान रॉयल्य की ओर से खेलते हुए चेन्नई सुपरकिग्स के खिलाफ 15 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया उससे वॉन हैरान हैं। वॉन ने कहा कि वैभव को अब आने वाले समय में इंग्लैड दौरे पर भेजना चाहिये। उनका मानना है कि इस उभरते हुए बल्लेबाज को एकदिवसीय सीरीज के लिए तैयार किया जाना चाहिये। वॉन के अनुसार अगर वैभव इंग्लैंड दौरे के लिए सीमित ओवरों के लिए अंतिम ग्यारह में भी जगह नहीं बना पाते, तो भी उन्हें तीन टी20 मैचों की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। इससे उन्हें सीनियर खिलाड़ियों के साथ रहने और माहौल समझने का अनुभव मिलेगा।

वॉन ने कहा, वो भारतीय टीम में कब शामिल किया जाता है मैं इसका इंतजार कर रहा हूं। अगर मैं भारतीय क्रिकेट में होता, तो मैं उसे उस दौरे पर ले जाता। जरूरी नहीं कि वो अभी टीम में खेल रहे खिलाड़ियों की जगह ले पर उसे टीम के माहौल में लाना जरूरी है। उसे टीम के साथ लाओ, अगर एक-दो मैच खेलने का मौका मिले तो शानदार, लेकिन उसे दौरे पर ले जाओ। उन्होंने साथ ही कहा, 'मैं उसे भारतीय टीम के साथ थोड़ा अनुभव दिलाता। जरूरी नहीं कि वो सीधे टीम में शामिल हो पर उसका टीम के साथ रहना अनुभव के हिसाब से अच्छा रहेगा। उसके प्रदर्शन पर किसी को भी संदेह नहीं है।' पिछले एक साल में वैभव ने काफी रन बनाए हैं। सिर्फ आईपीएल ही नहीं अंडर-19 क्रिकेट में भी धमाका किया है। उन्होंने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक लगाये हैं।

## तेज गेंदबाज से मैच रैफरी तक पहुंचे श्रीनाथ

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और वर्तमान में आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ ने भारतीय टीम में अपनी अलग ही पहचान बनायी है। आमतौर पर लाइम लाइट से दूर रहे श्रीनाथ एक ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने उस दौर में गेंदबाज की कमान संभाली जब भारतीय टीम में स्पिनरों का दबदबा था। इसके बाद भी श्रीनाथ ने अपनी रफ्तार और सटीक लाइन व लैंथ से अपनी अलग पहचान बनायी। उन्होंने जब तेज गेंदबाजी की कमान संभाली तब महान ऑलराउंडर कपिल देव संन्यास के करीब थे। ऐसे में सभी की अपेक्षाएं बढ़ी हुई थीं। श्रीनाथ ने अपने को साबित भी किया उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1996 में अहमदाबाद में 21 रन देकर 6 विकेट झटककर भारत को अविश्वसनीय जीत दिलाई थी. वह भारत के पहले ऐसे गेंदबाज थे जिन्होंने लगातार 150 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की। वहीं साल 2002 में श्रीनाथ ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

## श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख जुर्माना

मुल्लापुर। आईपीएल मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पंजाब टीम की धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए श्रेयस पर ये जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया है कि पंजाब किंग्स ने धीमी ओवर गति के साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इसी कारण पंजाब के कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टीम पंजाब किंग्स टीम अपने घरेलू मैदान में खेले गये इस मैच में टाइटन्स के खिलाफ समय पर आखिरी ओवर को शुरू नहीं कर पाई थी। पहली पेनल्टी तो मैच में ही पंजाब किंग्स पर लग गई थी, जब एक फील्डर को टीम बाहर नहीं रख पाई थी।



## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बेथ को पीछे छोड़कर जॉर्जिया शीर्ष पर पहुंची

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर परिषद (आईसीसी) की महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल नंबर एक स्थान पर पहुंच गयी हैं। जॉर्जिया वॉल ने अपनी ही साथी खिलाड़ी बेथ मूनी को पीछे छोड़ा है। जॉर्जिया 8 स्थान ऊपर आयी हैं। वहीं भारत की स्मृति मंधाना दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड की अमेलिया केर पहले नंबर पर हैं। वहीं वेस्टइंडीज की हीली मैथ्यूज अब दूसरे स्थान पर आ गयी हैं।

## फीफा विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी इटली

बर्लिन। इटली की टीम एक बार फिर फीफा विश्वकप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। इटली को बोस्निया के खिलाफ हुए क्वालीफाइंग मुकाबले में पेनल्टी शूट आउट में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा है। ये तीसरी बार बार है जब इटली की टीम विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। ये मुकाबला अतिरिक्त समय में भी 1-1 से बराबरी पर रहा। वहीं इसके बाद शूटआउट में बोस्निया की टीम जीत गयी। इस जीत के साथ ही बोस्निया की टीम करीब 12 साल बाद विश्कवप के लिए क्वालीफाई कर पायी है। इससे पहले बोस्निया ने साल 2014 के बाद पहली बार विश्व कप मेंजगह बनायी है। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनाजोला कहा है कि विश्वकप से बाहर होने से हम सब निराश हैं। वहीं मुख्य कोच ने भी कहा है कि वह प्रशंसकों से माफी मांगते हैं। टीम काफी प्रयासों के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर पायी है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इटली की शुरुआत सही रही थी पर मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज को छका कर अपनी टीम को 15वें मिनट में ही एक गोल से बढ़त दिला दी। हाफटाइम से पहले इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को फाउल के कारण बाहर कर दिया गया।

इसके बाद 10 खिलाड़ियों से खेल रही इटली ने वापसी का प्रयास किया पर बोस्निया ने दबाव बनाया और अंत में 79वें मिनट में हारिस तबाकोविक ने स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अतिरिक्त समय में कोई भी टीम जीत नहीं पाई, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया। यहां इटली की ओर से केवल सैंड्रो टोनाली ही गोल कर पाये। वहीं बोस्निया ने चार गोल दाग दिये। वहीं एक अन्य मैच में चेक रिपब्लिक ने डेनमार्क के खिलाफ शूटआउट में 5-3 से जीत हासिल की और 2026 के फाइनल में जगह बनायी। एक अन्य मुकाबले में स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से हराकर विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया। एक अन्य मुकाबले में तुर्की ने कोसोवो को 1-0 से हराकर विश्वकप में जगह बनायी। फीफा विश्कप इसी साल जून में खेला जाएगा।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट ( म.प्र. )

**क्रमांक/एफ-/सामा./भंडार शाखा/50-2/2026/16228** **बालाघाट,दिनांक 01-04-2026**

**द्वितीय ई निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आंमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण **WWW.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_481152_2 | वित्तीय वर्ष-2026-2027 में फैलेक्स् होर्डिंग्स व्यवस्था के संबंध में | कार्य आदेश से 01 वर्ष 365 दिन 15..00 लाख | 2000/- 0.75 लाख | 13-04-2026 |
| 02 | 2026_UAD_481159_2 | वित्तीय वर्ष-2026-2027 में मुद्रण व्यवस्था के संबंध में | कार्य आदेश से 01 वर्ष- 365 दिन 10..00 लाख | 2000/- 0.50 लाख | 13-04-2026 |
| 03 | 2026_UAD_399998_2 | वित्तीय वर्ष-2026-2027 में फोटो कापी व्यवस्था संबंध में | कार्य आदेश से 01 वर्ष 365 दिन 05..00 लाख | 2000/- 0.25 लाख | 13-04-2026 |
| 04 | 2026_UAD_481173_2 | वित्तीय वर्ष-2026-2027 में फुलमाला व्यवस्था के संबंध में | कार्य आदेश से 01 वर्ष- 365 दिन 08..00 लाख | 2000/- 0.40 लाख | 13-04-2026 |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन **WWW.mptenders.gov.in** की वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद बालाघाट**
**बालाघाट दिनांक 01-04-2026**

# गाँव मे कच्ची शराब बिक्री पर तत्काल लगाई जाए पाबंदी

## कटंगी के ग्राम कोडमी की महिलाओ ने सौपा ज्ञापन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। प्रदेश शासन के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब निर्माण और उसकी बिक्री रोकने के लिए जिम्मेदारो द्वारा बड़ी संख्या में रोजाना ही कार्यवाही की जा रही है।बावजूद इसके भी पुलिस, अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णत: रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है।शायद यही वजह है कि संपूर्ण जिले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।अवैध शराब की बिक्री का ताजा मामला तहसील कटंगी क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले ग्राम चिचगांव कोडमी से सामने आया है।जहां की करीब ढेड़ दर्जन से अधिक महिलाओ ने एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौपकर गांव में तत्काल शराब बंदी किए जाने की मांग की है।बुधवार की दोपहर सौपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने गांव में शराब बिक्री होने से बच्चों और युवाओं में नशे की लत लगने और गांव का माहौल खराब होने की बात कहते हुए शिकायत करने पर भी आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही ना होने का आरोप लगाया है।तो वहीं उन्होंने शराब बिक्री करने वालों को रोकने पर दबंगों द्वारा महिलाओं को डराने धमकाने और उनके साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।जिसमें उन्होंने शराब बिक्री करने वाले आरोपियों और अवैध शराब बिक्री से रोकने वाली समिति की महिलाओ को डराने धमकाने



वालो के खिलाफ नामजद शिकायत करते हुए उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

### गांव में लगा रहता है शराबियों का जमघट

उक्त मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने पहुंची ग्रामीण महिलाओ ने बताया कि उनके गांव में कच्ची शराब का अवैध कारोबार तेज गति से चल रहा है। गांव में कई जगह शराब बेची जा रही है।रोजाना शाम को शराबियों का जमघट गांव के चौक, चौराहो पर लग जाता हैं जिसके चलते गाँव मे लड़ाई झगडे होते रहते है और ग्राम की शांति व्यवस्था भंग होती है।शराब पीने के बाद पुरुष वर्ग द्वारा महिलाओ को प्रताडित भी किया जाता है।

### लाख कोशिशों के बावजूद भी नहीं हो रही शराबबंदी

ग्रामीण महलाओं ने बताया कि गांव में कुछ लोग खुलेआम अवैध तरीके से शराब, धडल्ले से बनाकर बेच रहे है जिससे गांव का माहौल ख़राब हो रहा है।आये दिन गांव में जुआ, लड़ाई झगड़ा, मारपीट गंदी-गंदी गाली गलौच का माहौल बना हुआ है। जिससे स्कूली बच्चे एवं लडकियाँ एवं माताएं बहनों पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है।वही शराब बिक्री पर पाबंदी लगाने की मांग करने वाली समिति की महिलाए भी बहुत परेशान है।जिसकी सूचना पुलिस को लिखित में दी जा चुकी है। उसके बाद भी गांव में शराबबंदी नहीं हो पा रही है इसीलिए हम पुलिस सहयोग की मांग को लेकर एसपी कार्यालय आए हैं।

### बच्चे युवा भी खुलेआम कर रहे नशे का सेवन

ग्रामीण महिलाओ ने बताया कि उनके गाँव के कई घरों में अवैध शराब निर्माण और बिक्री का कार्य किया जाता है जिससे गाँव का माहौल खराब हो रहा है थाना में शिकायत कि गई है, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही पुलिस के द्वारा नही कि गई है।जिससे परेशान होकर आज हम ज्ञापन लेकर एसपी कार्यालय आए है। ताकि कच्ची शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।उन्होंने बताया कि गांव के लोग अवैध शराब की बिक्री करते हैं।जिससे गांव में छोटे-छोटे बच्चे नशे का शिकार हो रहे हैं कई बार शिकायत करने पर भी अवैध शराब बेचने वालो पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### पूरे गाँव को किया जाए नशा मुक्त

महिलाओ ने गांव में पूर्णतः शराबबंदी किए जाने की मांग की है।जिन्होंने गांव के लोगों पर सरेआम शराब बनाने और उस शराब को अवैध तौर पर बेचने का आरोप लगाते हुए, उनकी शिकायत पर अब तक कोई कार्यवाही ना होने की बात कही है। जिन्होंने अवैध शराब बनाने और उसकी बिक्री करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं किए जाने का आरोप लगाया है तो वही उन्होंने सम्पूर्ण गाँव में शराबबंदी और नशा मुक्ति की मांग को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई है।

### पुलिस प्रशासन शराब बंदी में करे सहयोग- सरिता

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम कोड़मी नशा मुक्ति समिति पदाधिकारी श्रीमती सरिता डहरवाल सहित अन्य ने संयुक्त रूप से बताया कि उन्होंने शराबबंदी के लिए महिला समिति का निर्माण किया है ,उस समिति के तहत गांव व आसपास के गांव में जाकर शराब बंदी को लेकर जनजागरूकता फैलाई जा रही है।वही गांव को नशा मुक्त करने का संदेश दिया जा रहा है। हमने अवैध शराब का निर्माण व उसकी बिक्री को रोकने के लिए,15 फरवरी तक का समय दिया था,लेकिन मार्च माह बीतने के बावजूद भी लोग अवैध शराब का निर्माण कर उसकी धड़ल्ले से बिक्री कर रहे हैं। जिसका विरोध करने पर समिति की महिलाओं को दबंगों द्वारा डराया धमकाया जाता है अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। जिसकी शिकायत लेकर आज हम एसपी कार्यालय आए हैं हमारी मांग है कि पुलिस गांव को नशा मुक्त बनाने में हमारी मदद करें,हमारा सहयोग करें और शराब बिक्री करने वालों और उन्हें प्रोत्साहित करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



पद्मेश न्यूज। लांजी । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला (लांजी) में 01 अप्रैल प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर पूजन से हुई। इस अवसर पर प्राचार्य गणेश फरदे, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती माया वाल्दे, शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा समस्त शिक्षकों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।

तत्पश्चात कक्षा 1 से 12वीं तक के उपस्थित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर नई पुस्तकें वितरित की गईं।

प्राचार्य गणेश फरदे तथा अन्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। प्राचार्य ने सभी छात्रों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय आने की सलाह दी और शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्रों को मध्याह्न भोजन में विशेष भोजन परोसा गया।

इस प्रवेश उत्सव में शिक्षक सुखमन कुराहे, श्रीमती रेखा लिल्हारे, सुमंत कुमार कार्तिकेय, धनेन्द्र कुमार मरकाम, संतोष कुमार कुराहे, भेरसिंह लिल्हारे, युगेश गिरेपुंजे, पंकज खरें, रामनिवास अवसरे, श्रीमती डिलेश्वरी फरदे, शिवनारायण दहीकर, गोविंद भोयर, शोभेलाल बनोठे, प्रेमानंद लिल्हारे, चन्द्रप्रकाश लिल्हारे, श्रीमती रीता अजनार, सुश्री आशू बोरकर, चन्द्र कुमार सोनी, सुखदेव रहांगडाले, भागीरथ लिल्हारे, थानेश्वर दमाहे, डालीराम उपराड़े, मनोज कुमार कोठारे, श्रीमती शीला ढोके, ज्योति मोहारे, श्रीमती रोशनी अवसरे, पुष्पा लिल्हारे, जैशिला दशरिया, माया तुरकर, महिमा येड़े, उज्मा खान, शशिकला कुराहे, डालेन्द्र दशरिया, राजेंद्र दशरिया, रविशंकर मेहरकर, दुर्योधन लिल्हारे, संकेत वासनिक, कर्मवीर रहांगडाले, राजेश लांडे, श्रीमती इंदिरा मानकर आदि सहित विद्यालय के लगभग सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


कार्यक्रम के समापन पर सुश्री आशू बोरकर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों तथा छात्रों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुखदेव रहांगडाले एवं डालीराम उपराड़े द्वारा किया गया।

यह प्रवेश उत्सव विद्यालय में नई शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत के रूप में यादगार रहा, जिसमें शिक्षा के प्रति समर्पण और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# हजरत मोहम्मद गौस पेशावरी रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक आज

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के चांगोटोला समीप ग्राम मऊ स्थित हजरत मोहम्मद गौस पेशावरी रहमतुल्लाह अलैह की मुकद्दस दरगाह शरीफ में आज 2 अप्रैल को बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ सालाना उर्स मुबारक मनाया जाएगा। यह पावन अवसर दरगाह से जुड़े अकीदतमंदों और जायरीन के लिए रूहानी फिज़ा में इबादत और बरकत हासिल करने का खास मौका होता है।इस मुबारक मौके पर मरहूम खादिम लतीफ (मोटू) बाबा के फरजंद की सरपरस्ती में दोपहर 3 बजे संदल और चादर का जुलूस बड़े ही शानो-शौकत के साथ निकाला जाएगा।जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे।शाम 7 बजे दरगाह परिसर में लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया है।जहां सभी जायरीन के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। वहीं रात 10 बजे से रूहानी महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन किया जाएगाम जिसमें सूफियाना कलाम के जरिए माहौल को और भी इबादतमय बनाया जाएगा।दरगाह कमेटी द्वारा तमाम अकीदतमंदों से गुजारिश की गई है कि इस मुबारक और रूहानी महफिल में तशरीफ लाकर हजरत के दरबार से फैज व बरकत हासिल करें और इस पाक मौके को यादगार बनाएं।



# पीएमश्री शास. उच्च.माध्य. विद्यालय भानेगांव मे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मे पुस्तकों का किया निःशुल्क वितरण

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव मे 1 अप्रैल 2026 को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चन्द्रभूषण चौहान प्राचार्य पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की अध्यक्षता एवं अजय अवसरे जनपद पंचायत शिक्षा समिति अध्यक्ष के मुख्यातिथ्य तथा रेवाजी करहाटकर जनपद सदस्य एवं सभापति महिला बाल विकास लांजी, सीताराम रावते भाजपा मंडल अध्यक्ष भानेगांव एवं विधायक प्रतिनिधि,लीलावर रावते भूतपूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी,डौं रुपचन्द रावते अध्यक्ष प्रगतिशील कुनबी समाज भानेगाव,श्रीमती ऊषा रावते पी टी ए. अध्यक्ष पीएमश्री भानेमांव,लीलाधर भुयारकर पीटीए उपाध्यक्ष,दिलीप डोंगरे सदस्य पी टी ए ,श्रीमती दुबे मेडम एवं शाला में अध्ययनरत छान-छात्राओं



के पालको के विशेष आतिथ्य मे नवीन प्रवेशित एवं प्रवेशित छात्र-छात्राओ की प्रमुख मौजूदगी में सर्वप्रथम सरस्वती पूजन कर सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात् अतिथियो का स्वागत कर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति श्रीमती योगन्ता मेश्राम, श्रीमती अनिता डावर सर्व श्रीमती प्रियंका बनवाले द्वारा प्रस्तुत की गई। वही कार्यक्रम का मंचीय मंच संचालन डिलेन्द्र सिंह चौधरी एवं लेखेश्वर चन्दनवार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम मे नवप्रवेशीत छात्रों को तिलक लगाकर एक पुष्प की बौछार कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उत्साहवर्धन किया गया।परीक्षा प्रभारी लेकेश्वर चन्दनवार उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा कक्षा नर्सरी, के.जी. 1 के.जी. 2. पहली से पांचवी कक्षा 6 वी में 8 वीं, तथा कक्षा-9 वी एवं 11 की सत्र 202526 के परीक्षा परिणाम का वचन किया गया एवं उक्त भी कभी कमो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओ को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल अतिथीयो के हस्ते वितरित किये गए।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के हस्ते बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तको का विवरण किया गया।

कार्यक्रम के अंत मे आमंत्रित अतिथि जनप्रतिनिधियों एवं प्राचार्य महोदय द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी एम श्री शा उच्च माध्यमिक विद्यालय भानेगाँव नर्सरी से 12 वीं मे कार्यरत सभी शिक्षक शिक्षिकाओ, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# कलेक्ट्रेट में किया गया वंदे मातरम का गायन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक मास के प्रथम कार्य दिवस में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया जाता है। इसी कडी में 01 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया गया। इसमें क ल े क ट र मृणाल मीना, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, स ं य ु क त कलेक्टर एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, अन्य विभागों के अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।



# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। वारासिवनी क्षेत्र मैं आने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी मे 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव बड़े ही उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी पट्टिकाओं और बलून से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो गया।

नवीन विद्यार्थियों का भव्य स्वागत

इस अवसर पर कक्षा छठवीं और नवमी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्राचार्य करण सिंह मेरावी एवं शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प माला पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस प्रकार विद्यालय में नए छात्रों का आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ाने के लिए एक विशेष व्यवस्था की गई थी।सिर्फ नए विद्यार्थियों ही नहीं, बल्कि सभी उपस्थित विद्यार्थियों का भी स्वागत



किया गया और उन्हें इस उत्सव में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### शिक्षण एवं पाठ्य सामग्री का वितरण

कार्यक्रम के दौरान पी टी ए अध्यक्ष अशफाक कुरैशी और प्राचार्य करण सिंह मेरावी द्वारा सभी विद्यार्थियों को आवश्यक पुस्तकें वितरित की गई।जिससे नए सत्र की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

### समाज एवं शिक्षकों की उपस्थिति से बढ़ा उत्सव का स्वरूप

इस कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, ग्रामीण जनों और विद्यार्थियों की गरिमामय उपस्थिति ने उत्सव का महत्व और भी बढ़ा दिया। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने में योगदान दिया।

विद्यालय प्रशासन और शिक्षक समुदाय का यह प्रयास था कि नए प्रवेशित विद्यार्थियों को विद्यालय और शिक्षकों का स्नेह और सहयोग महसूस हो।जिससे वे उत्साहित होकर अपने शैक्षिक जीवन की शुरुआत करें। प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और स्कूल से जुड़ाव की भावना विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

### विद्यार्थियों के लिए उत्साह का माहौल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी में इस तरह के भव्य प्रवेश उत्सव ने न केवल विद्यार्थियों के लिए उत्साह का माहौल तैयार किया। बल्कि शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीण समुदाय के बीच विद्यालय और शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी पहुंचाया गया।

# स्नातकोत्तर छात्रा ने पक्षियों के लिए लगाए सकोरे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बढ़ती गर्मी और जल संकट के बीच पक्षियों के संरक्षण के लिए एक सराहनीय पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य में स्नातकोत्तर की छात्रा पूर्णिमा बोपचे ने अपने प्रयोगशाला ग्राम दहेगांव में पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करते हुए कई स्थानों पर सकोरे (जल पात्र) लगाए। यह कार्य उन्होंने विकासखण्ड समन्वयक संतोष नगपुरे एवं परामर्शदाता निलेश्वर ठाकरे के मार्गदर्शन में संपन्न किया। इस दौरान गांव के विभिन्न स्थानों, पेड़ों एवं घरों के आसपास पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।



पूर्णिमा बोपचे ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनका संरक्षण बेहद आवश्यक है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण जल के अभाव में कई पक्षियों की मृत्यु हो जाती है, जिसे रोकने के लिए यह एक छोटा लेकिन प्रभावी प्रयास है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने घर की छत या पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करे, ताकि इस भीषण गर्मी में परिंदों को राहत मिल सके। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवेगांव में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेशोत्सव

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवगांव में प्रवेशोत्सव बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मानव अधिकार आयोग से मानव मित्र श्रीमती फिरोजा खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत से हुई, जहां मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय अभिवादन किया गया। इसके साथ ही नए विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे उनके शैक्षणिक जीवन की शुभ शुरुआत हो सके। श्रीमती फिरोजा खान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को मानव अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विद्यालय को भेंट स्वरूप पुस्तकें प्रदान कीं, जिससे विद्यालय के पुस्तकालय को समृद्ध करने में मदद मिलेगी। यह प्रवेशोत्सव विद्यार्थियों के लिए न केवल यादगार रहा, बल्कि उनके उवल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक शुरुआत भी साबित हुआ।



# ऑवलाझरी में खाद्य विभाग व पुलिस टीम की दबिश

## अवैध रूप से भण्डारित 09 गैस सिलेण्डर किया जब्त

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद अवैध भंडारण करने वालों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में 01 अप्रैल को खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कडी कार्रवाई करते हुए 09 गैस सिलेंडर जब्त किए गए है।



जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि बुधवार को नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया एवं पुलिस दल ने भरवेली के वार्ड क्रमांक 03, आंवलाझरी निवासी संतोष झाड़ेकर के घर पर दबिश दी। जांच के दौरान संतोष झाड़ेकर के घर में अवैध रूप से रखे गए 9 गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को सुपीरियर एचपी गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.के. ठाकुर ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद अवैध भंडारण करना नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर 01 अप्रैल को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित छात्राओं के तिलक वंदन के साथ हुई, जिससे उन्हें आत्मीय स्वागत का अनुभव मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम एवं नगर परिषद बैहर की पार्षद सुश्री कीर्ति शुक्ला ने कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय में




नवप्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे उनकी शिक्षा यात्रा की सशक्त शुरुआत सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को आनंदमय बना दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एन.सी. पटले सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं प्राचार्य श्री पटले ने नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज गैलरी

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों घायल व्यक्ति चुन्नीलाल पिता राघोप्रसाद पटले 58 वर्ष ग्राम देवरीमेटा थाना बिरसा और रामचरण पिता मोतीलाल तिल्लासी 52 वर्ष ग्राम चरचेंडी थाना बिरसा निवासी है। दोनों को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। बताया गया



है कि ग्राम देवरीमेटा और चरचेंडी निवासी दोनों व्यक्ति अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 31 मार्च की शाम 6:00 बजे चुन्नीलाल पटले मोटरसाइकिल में अपने घर ग्राम देवरीमेटा से किसी कार्य से बस्ती जा रहे थे। तभी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से वे मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। इसी प्रकार रामचरण तिल्लासी अपने घर से मोटरसाइकिल में किसी काम से बाहर जा रहे थे।तभी बकरी सामने आ जाने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई जिससे वे मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। दोनों घायल को बिरसा के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

# फर्जी सिम कार्ड गिरोह का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

## ऑपरेशन फेस के तहत कार्रवाई, बालाघाट से भोपाल होते हुए यूपी भेजी जा रही थी सिम

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में फर्जी सिम कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में ऑपरेशन फेस चलाया गया, जिसके तहत गलत तरीके से मोबाइल सिम कार्ड जारी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी लंबे समय से लोगों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से सिम कार्ड तैयार कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिले से लगभग 450 सिम कार्ड, पांच यूनिक फेस के माध्यम से अलग-अलग लोगों के नाम पर जारी किए गए हैं। यह सिम कार्ड बालाघाट से भोपाल भेजे जाते थे और वहां से आगे उत्तर प्रदेश तक सप्लाई किए जा रहे थे। इस पूरे नेटवर्क के जरिए बड़े स्तर पर फर्जी सिम कार्ड का संचालन किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच दल का गठन किया है। साथ ही बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में भी इस तरह की गतिविधियों की जांच की जा रही है, जहां बड़ी संख्या में सिम कार्ड बनाए जाने की आशंका जताई गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन सिम कार्ड का उपयोग किन आपराधिक गतिविधियों में किया गया है। इसके लिए पुलिस की टीमें भोपाल और उत्तर प्रदेश भेजी गई हैं, जो इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सिम कार्ड के उपयोग की जांच कर रही हैं।**

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने वार्ता में बताया की राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन फेस के तहत बालाघाट पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले बड़े नेटवर्क का



पर्दाफाश किया है। थाना कोतवाली में इस संबंध में तीन अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं, जिनमें अब तक 19 आरोपियों को चिन्हित किया गया है। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के एआई आधारित फेस एनालिसिस टूल के माध्यम से इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नाम और पते पर बड़ी संख्या में सिम कार्ड सक्रिय किए गए थे। बालाघाट जिले में ही 5 यूनिक चेहरों के आधार पर लगभग 450 संदिग्ध सिम कार्ड जारी किए जाना पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम का गठन किया गया। साइबर सेल के साथ मिलकर टीम ने प्रत्येक सिम कार्ड का गहन परीक्षण किया। जांच में यह भी सामने आया कि यह नेटवर्क बालाघाट के अलावा मंडला, डिंडोरी, भोपाल और उत्तरप्रदेश तक फैला हुआ है, जिसे ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी है।

### इस तरह किया जाता था फर्जीवाड़ा

पुलिस जांच और आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वर्ष 2019 से 2022 के बीच आरोपी अपने-अपने क्षेत्रों में सिम विक्रय, एक्टिवेशन, पोर्टिंग और मोबाइल रिपेयरिंग का कार्य करते थे। अधिक कमीशन कमाने और बिना दस्तावेज वाले ग्राहकों को सिम उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़ा शुरू किया। आरोपी अन्य लोगों के आधार कार्ड और वोटर आईडी की फोटोकॉपी एकत्र कर उनका बार-बार उपयोग करते थे। दस्तावेजों में कूट रचना कर फोटो और जानकारी में बदलाव किया जाता था। सिम एक्टिवेशन के दौरान ग्राहक के स्थान पर आरोपी अपनी ही लाइव फोटो अपलोड करते थे और ओटीपी सत्यापन के लिए अपने या अन्य नंबरों का उपयोग करते थे। इस तरह दस्तावेज किसी अन्य व्यक्ति के होते थे, जबकि फोटो और सत्यापन आरोपी का होता था।

### इन धाराओं के तहत हुआ मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपी महेन्द्र उर्फ संतोष पटले, प्रियंका पटले और खुमैश गौतम को गिरफ्तार किया है। जिन पर थाना कोतवाली में धारा 419, 420, 465, 468, 471, 34 भादवि, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ष्ट और 66ष्ठ तथा दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 42(3)(द्ब) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुलिस की अपील

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी आदि) किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें और सिम कार्ड जारी करवाते समय स्वयं उपस्थित रहकर पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित करें। साथ ही नागरिक अपने नाम पर जारी सिम की जानकारी समय-समय पर जांचते रहें। पुलिस का कहना है कि यदि किसी को संदिग्ध गतिविधि या फर्जी सिम जारी होने की जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। यह कार्रवाई न केवल साइबर अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है ।

## खुशियों का माहौल मातम में बदला

# 1 वर्षीय मासूम बच्चे की पानी से भरी बाल्टी में गिरने से दर्दनाक मौत

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बैहर थाना क्षेत्र के ग्राम जल्दीदाह में खुशियों का माहौल उस समय मातम में बदल गया। जब एक मासूम की दर्दनाक हादसे में जान चली गई। महज़ एक साल का नन्हा रियांश जो अपनी मां के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आया था।अनजाने में मौत की गोद में समा गया। जिसकी पानी से भरी बाल्टी में गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या कुशरे 30 वर्ष ग्राम तिंसा टोला मलाजखंड निवासी है जिनका मायका ग्राम जल्दीदाह बैहर का है। संध्या के परिवार में उसका पति कमल कुशरे और एक बेटा रियांश 1 वर्ष का था। संध्या के मायके ग्राम जल्दीदाह में उसकी बहन समरतो बाई की शादी थी। जिसके कारण संध्या अपने पति और बेटे रियांश के साथ एक माह पहले ही अपने मायके जल्दीदाह आ गई थी। जिसका पति कमल मजदूरी करने नागपुर चला गया था। 31 मार्च को सुबह संध्या अपने भाई के साथ चुन्नी के लिए जंगल चली गई थी 1:30 करीब संध्या घर लौटी और अपने बेटे रियांश के साथ घर के पीछे तरफ सो गई थी। संध्या जब सो रही थी तभी उसका बेटा रियांश उठा और खेलते खेलते घर आंगन में पड़ी पानी से भरी बाल्टी तरफ चले गया और खेलते खेलते रियांश बाल्टी के अंदर गिर गया जिसका सिर पानी से भरी बाल्टी के अंदर चला गया था। कुछ देर बाद करीब 2:00 बजे सन्ध्या की नींद खुली तो उसका कलेजा तब कांप उठा जब उसने अपने बेटे रियांश को पास में नहीं पाया। घबराई हुई संध्या बाहर दौड़ी और जो दृश्य सामने था।उसने उसकी दुनिया ही उजाड़ दी उसका मासूम बेटा रियांश बाल्टी में औंधा पड़ा था।संध्या ने तुरंत उसे बाहर निकाली चीख-पुकार मच गई। घर के लोग दौड़ पड़े। सभी ने मिलकर उसे बचाने की कोशिश की उसके मुंह से पानी निकालने का प्रयास किया।लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसे तुरंत बैहर अस्पताल लाये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिये।सूचना मिलते ही बैहर थाने से सहायक उप निरीक्षक अयूब खान अस्पताल पहुंचे और मौके की कार्रवाई की जिन्होंने बालक रियांश का शव पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया है आगे मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।एक पल की लापरवाही ने एक मां की गोद सूनी कर दीऔर शादी की खुशियां गहरे शोक में बदल गईं। यह घटना न केवल उस परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक दर्दनाक सीख बन गई है कि छोटे बच्चों की सुरक्षा में ज़रा सी चूक भी कितनी बड़ी त्रासदी बन सकती है।

# शादी में जा रहे तीन सगे भाई सड़क हादसे में घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर थाना क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन सगे भाई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। तीनो घायल को बैहर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तीनो घायल उदय कुसरे अजय कुसरे और विजय कुसरे ग्राम खापा थाना बैहर निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खापा उदय कुसरे, अजय कुसरे और विजय कुसरे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 31 मार्च की शाम करीब 7 बजे तीनों भाई एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्राम दामिटोला शादी में शामिल होने जा रहे थे। मोटरसाइकिल अजय कुसरे चला रहा था। जब वे कुमादेही के पास पहुंचे।तभी अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा घुसी।जिससे तीनों भाई मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। घटना के बाद तीनो भाई को तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें बैहर अस्पताल पहुंचाया गया। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिला अस्पताल में रात करीब 11 बजे उन्हें भर्ती कराया गया। तीनों भाई का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।




## बाजार ठेका की 25प्रतिशत राशि जमा करने का विवाद

# बाप बेटे सहित तीन लोगों ने पंच पति से की मारपीट, चाकू मारकर में किये घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कान्द्रीकला में चाकू बाजी में पंच पति घायल हो गया। 31 मार्च को बाजार ठेका की 25 प्रतिशत राशि जमा करने के विवाद को लेकर इस वारदात को पिता पुत्र सहित तीन लोगों ने घटित की। किरनापुर पुलिस ने इस मामले में निर्गुण ठाकरे उसके पिता मुनेश्वर ठाकरे दोनों ग्राम कान्द्री कला और विनोद ठाकरे ग्राम गिरोला निवासी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कान्द्रीकला निवासी मयाराम मेश्राम खेती किसानी करते हैं। जिनकी पत्नी पार्वता मेश्राम ग्राम की पंच है। 30 मार्च को दोपहर में ग्राम पंचायत भवन कान्द्री कला में साप्ताहिक बाजार की नीलामी थी। इस बाजार की नीलामी के लिए मयाराम मेश्राम और इसी ग्राम के निर्गुण ठाकरे ने नीलामी के लिए 10-10हजार रुपए सुरक्षा राशि जमा किए थे। किंतु बाजार का ठेका किसी अन्य व्यक्ति को मिल गया था। ग्राम पंचायत के नियमानुसार बाजार ठेका की 25 प्रतिशत राशि जमा करने का नियम बनाया गया था। मयाराम मेश्राम ने पंच पति होने के नाते पंचायत भवन के मंच पर बाजार ठेका की 25 प्रतिशत राशि जमा करने के लिए बोले थे। मयाराम मेश्राम द्वारा 25 प्रतिशत राशि जमा करने बोलना निर्गुण ठाकरे को नागवार लगा और वह आवेश में आकर मयाराम मेश्राम को अश्लील गाली देते हुए कहने लगा कि तुम बीच में बोलने वाला होता कौन होते हो । इसी को लेकर विवाद बढ़ गया। तभी निर्गुण ठाकरे के पिता मुनेश्वर ठाकरे ने मयाराम मेश्राम को पकड़ लिया और हाथ भूसे से मारपीट कर जमीन पर गिरा दिए और निर्गुण ठाकरे ने मायाराम मेश्राम के सिर में चाकू से वार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। इसके बाद मुनेश्वर ठाकरे और विनोद ठाकरे ने मयाराम मेश्राम को हाथबुक्के से बेरहमी पूर्वक मारपीट करना शुरू कर दिए और 25त्न राशि जमा करने बोलने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किये। इस घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल मयाराम मेश्राम को किरनापुर अस्पताल लाकर भर्ती किया गये। किरनापुर पुलिस ने मयाराम मेश्राम 56 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर निर्गुण ठाकरे उसके पिता मुनेश्वर ठाकरे और विनोद ठाकरे के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। जिसकी विवेचना की जा रही है।


पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट